ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 02 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 29 नवम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 293 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'मैं अटल हूं' ... पेज 12 पर



इंतजार खत्म : झारखंड के ओरमांझी, खूंटी और गिरिडीह के 15 मजदूर भी सुरक्षित बाहर

# 17 दिन बाद निकले 41 मजदूर

### अंतिम 12 मीटर की खुदाई के लिए रैट होल माइनिंग तकनीक का हुआ इस्तेमाल

### सभी मजदूरों को 800 मिलीमीटर मोटे रेस्क्यू पाइप के जरिए बाहर निकाला गया

### मजदूरों को तीस किलोमीटर दूर चिन्यालीसौड़ के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर ले जाया गया

**आरएनएम। रांची/नई दिल्ली**

इंतजार की घड़ियां खत्म हुई, उत्तरकाशी की सिल्क्यारा सुरंग में फंसे सभी 41 मजदूरों को मंगलवार देर रात सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसमें झारखंड के ओरमांझी, खूटी व गिरिडीह के लगभग 15 मजदूर शामिल हैं। ये मजदूर टनल में मलबा गिरने के बाद 17 दिन से सुरंग में ही फंसे हुए थे। सुरंग में मलबा 60 मीटर तक फैला था। 46.8 मीटर तक ड्रिल करने के बाद अमेरिका निर्मित ऑगर मशीन का कुछ हिस्से मलबे में फंस गए। जिसके बाद अधिकारियों को रैट होल ड्रिलिंग का ही सहारा दिखा। अंत में 12 मीटर की खुदाई के लिए रैट होल माइनिंग तकनीक अपनाने का फैसला लिया गया, जिसके बाद सात जांबाजों को तैयार किया गया था। अब तक इन रैट माइनर्स की कड़ी मेहनत के बाद मिशन पूरा हुआ। रेट माइनर्स द्वारा अंतिम रास्ता बनाये जाने के बाद एनडीआरएफ की तीन टीमें अंदर गईं। उसके बाद एक-एक कर सभी मजदूरों को 800 मिलीमीटर मोटे रेस्क्यू पाइप के जरिए बाहर निकाला गया। बाहर आने के बाद मजदूरों को सबसे पहले सुरंग के अंदर ही बनाई गई मेडिकल फैसिलिटी में रखा गया। सुरंग से बाहर निकलने के बाद सबसे पहले मजदूरों का चेकअप किया गया, मजदूरों को अस्पताल ले जाने के लिए पहले से ही सुरंग के बाहर 41 एम्बुलेंस खड़ी हुई थीं। बाहर हेल्थ चेकअप के बाद मजदूरों को एम्बुलेंस के जरिए तीस किलोमीटर दूर चिन्यालीसौड़ के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर ले जाया गया। डॉक्टर्स की निगरानी में सभी का इलाज चल रहा है।



**आठ राज्यों के थे मजदूर**

देश के आठ राज्यों के रहने वाले इन 41 श्रमिकों के यहां जश्न का माहौल है। सबसे ज्यादा जश्न का माहौल झारखंड में है, क्योंकि टनल के अंदर झारखंड के 15 लोग फंसे हुए थे। इसके साथ ही यूपी के 8, उत्तराखंड के 2, हिमाचल प्रदेश का एक, बिहार के 5, पश्चिम बंगाल के 3, असम के 2 और ओडिशा के 5 मजदूर फंसे हुए थे।

## मजदूरों के गांवों में उत्सव का माहौल

**रांची/खूंटी।** रांची के ओरमांझा के महली टोला व खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड के तीन गांवों डुमारी, गुमडू और मधुगामा के लिए मंगलवार का दिन कुछ खास ही रहा। गांव के लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं था। आखिर 17 तीनों तक उत्तराखंड के उत्तर काशी सुरंग (टनल) में फंसे इन गांवों के तीन युवक मंगलवार को बाहर निकल आये। जैसे ही यह खबर गांव वालों को मिली कि डुमारी गांव में हर्ष का माहौल कायम हो गया। वहीं आरेमांझा के मजदूरों के सुरक्षित निलने से गांव में हर्ष का माहौल है। इन गांवों के लोगों ने सरना पद्धति से पूजा-अर्चना कर ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त किया। टनल में फंसे 35 वर्षीय युवक चमरा उरांव की पत्नी रेखा देवी, माता बंधनी उराइन और पिता भक्तु उरांव की आंखें खुशी से भर आयीं। वे अपनी बातों से अपनी खुशी को व्यक्त कर नहीं पा रहे थे। रेखा देवी ने कहा कि ईश्वर ने उनकी प्रार्थना सुन ली। चमरा के माता-पिता ने कहा कि उन्हं ईश्वर पर पूरा भरोसा था और ईश्वर ने लड़के को नयी जिंदगी दे दी। टनल में फंसे कर्रा प्रखंड के गुमड्डु गांव के विजय होरो की पत्नी सनारती होरो ने रोते हुए कहा कि आज भगवान ने उन्हें जीवन की सबसे बड़ी खुशी दे दी है। इसके लिए पूरा परिवार ही नहीं पूरा गांव ही उत्तराखंड सरकार, वहां के स्थानीय प्रशासन सेन और केंद्र सरकार आभारी हैं कि आज उनके प्रयास से 41 लोगों का परिवार उजड़ने से बच गया। मुश्किल की इस घड़ी में मदद के लिए चमरा उरांव और विजय होरो के परिवार ने तोरपा के विधायक कोचे मुंडा और जिला प्रशासन के अलावा अन्य सभी सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। टनल से बाहर निकले चमरा उरांव, विजय होरो और गणपति होरो के परिवार वालों ने टनल में फंसे 41 मजदूरों में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सेना के जवानों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। डुमारी गांव के भक्तु उरांव ने कहा कि उनके बेटे ने अपनी बहन की शादी का कर्ज उतारने के लिए अपनी जिंदगी को दांव पर लगा दिया था। कर्रा प्रखंड के मधुगामा गांव के गणपति मुंडा के घर में भी मंगलवार को उत्सव का माहौल रहा। गांव का हर व्यक्ति उनके घर लाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहा था।

### खुशी से झूम उठे सुबोध व विश्वजीत के परिजन, दुआ ने दिखाया असर

**गिरिडीह।** उत्तराखंड में टनल में फंसे मजदूरों के बाहर आने पर गिरिडीह के सुबोध वर्मा और विश्वजीत के परिजनों में खुशी की लहर है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी सिल्कयारा निमार्णाधीन सुरंग में फंसे मजदूर आखिकार बाहर निकाल लिये गए। 17 दिन की कड़ी मेहनत के बाद यह सब संभव हो सका। मंगलवार की शाम जैसे ही मजदूरों के बाहर निकलने की खबर मिली तो गिरिडीह के बिरनी प्रखंड अंतर्गत सिमराढाब निवासी सुबोध वर्मा और केशोडीह निवासी विश्वजीत के परिजनों खुशी से उछल पड़े। घरवालों की खुशी को देखकर आसपास के ग्रामीण भी काफी खुश दिखे। सभी ने उत्तराखंड सरकार, रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल एनडीआरएफ-एसडीआरएफ, रेट माइनर्स के साथ साथ अन्य अधिकारी व कर्मियों को शुक्रिया अदा किया।

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सड़क परिवहन मंत्री ने जताया हर्ष





उत्तराखंड के उत्तरकाशी के सिल्कयारा में 17वें दिन मजदूरों को सकुशल निकालने पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री ने हर्ष व्यक्त किया है और इसके लिए एनडीआरफ, एसडीआरएफ तथा अन्य एजेंसी की सफल बचाव अभियान के लिए सराहना की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उन्हें यह जानकर राहत और खुशी महसूस हो रही है कि उत्तराखंड में एक सुरंग में फंसे सभी श्रमिकों को बचा लिया गया है। बचाव कार्य में बाधाओं का सामना करने के कारण 17 दिनों तक की उनकी पीड़ा मानवीय सहनशक्ति का प्रमाण रही है। राष्ट्र उनके जज्बे को सलाम करता है और अपने घरों से दूर, बड़े व्यक्तिगत जोखिम पर भी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए उनका आभारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तरकाशी में हमारे श्रमिक भाइयों के रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता हर किसी को भावुक कर देने वाली है। यह अत्यंत संतोष की बात है कि लंबे इंतजार के बाद अब हमारे ये साथी अपने प्रियजनों से मिलेंगे। इन सभी के परिजनों ने भी इस चुनौतीपूर्ण समय में जिस संयम और साहस का परिचय दिया है, उसकी जितनी भी सराहना की जाए वो कम है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वेम पूरी तरह से राहत महसूस कर रहे हैं और खुश है कि सिल्कयारा टनल हादसे में फंसे 41 मजदूरों को सफलतापूर्वक बचा लिया गया है। यह कई एजेंसियों द्वारा किया गया एक समन्वित प्रयास था, जो हाल के वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण बचाव अभियानों में से एक था।



**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने एक्स पर लिखा कि हमारे 41 वीर श्रमिक उत्तराखंड में निमार्णाधीन सुरंग की अनिश्चितता, अंधकार और कपकाती ठंड को मात देकर मंगलवार को 17 दिनों के बाद जंग जीतकर बाहर आये हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन यह हादसा हुआ उस दिन दीपावली थी। मगर आपके परिवार के लिए आज दीपावली हुई है।



**बाबूलाल** मरांडी ने 17 दिनों के अथक परिश्रम के बाद उत्तराखंड टनल में फंसे सभी मजदूरों के सुरक्षित बाहर निकाले जाने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की है। मरांडी ने कहा कि यद्यपि लंबे समय तक श्रमिक भाइयों को भय एवम दहशत की जिंदगी गुजारनी पड़ी लेकिन उनका सुरक्षित बाहर आना एक अविस्मरणीय सुखद पल है।

## एक नजर

### राष्ट्रपति को मिला नया मतदाता पहचान पत्र



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी. कृष्णमूर्ति से अपना नया मतदाता पहचान पत्र प्राप्त किया। राष्ट्रपति अब आगामी आम चुनावों में नई दिल्ली से वोट डालने की पात्र होंगी। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी कृष्णमूर्ति से अपना मतदाता पहचान पत्र प्राप्त किया।"

### सीएम के कोडरमा आगमन को ले डीसी ने की बैठक

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री के कोडरमा आगमन को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने मंगलवार को जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर इसकी तैयारी के लिए सभी को दायित्व दिया। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में किसी भी प्रकार का चूक न हो। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग से संबंधित योजना जैसे मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन, सर्वजन पेंशन, हरा राशन कार्ड, बिरसा हरित ग्राम जैसे अन्य योजनाएं से आच्छादित कराएं।

### जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी पहुंचे रांची



**रांची।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह और बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड जदयू प्रभारी डॉ अशोक चौधरी मंगलवार को सेवा विमान से दो दिवसीय दौरे पर पटना से रांची पहुंचे। उनकी 29 नवम्बर को प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो सहित प्रदेश जदयू के वरीय नेताओं के साथ बैठक है। एयरपोर्ट पर जदयू नेता डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, डॉ विनय भरत, निर्मल सिंह, बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

### ऑन लाइन जाब्स के नाम पर लाखों की ठगी

**रांची।** रांची के पुंदाग आईएसएम चौक के रहने वाले मनीष कुमार से साइबर अपराधियों ने ऑन लाइन जाब्स के नाम पर उनसे 1.85 लाख की ठगी कर ली। इस संबंध में मनीष ने पुंदाग ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी है। मनीष की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह एक कंपनी में काम करता है। लेकिन वहां के वेतन में वह अपने परिवार का भरन पोषण नहीं कर पा रहा था। इस वजह से वह पार्ट टाइम जाब्स की तलाश ऑनलाइन शुरू कर दी। इसी क्रम में उन्हें टेलीग्राम के एक ग्रूप से जोड़ा गया।

मुख्यमंत्री ने 133 करोड़ की 21 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

## किसान, श्रमिक और नौजवान झारखंड की ताकत : हेमंत

### कुल 80,208 लाभुकों के बीच 132 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण

### लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र और नियुक्ति पत्र का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान का यह तीसरा चरण है। अभियान में शामिल होने के लिए आज लोहरदगा आया हूं। राज्यवासियों के द्वार तक राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का यह लगातार तीसरा साल है। यह आदिवासी-मूलवासी की सरकार है। अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।



उन्होंने कहा कि अब तीसरे चरण में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत और वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित हो रहें हैं। जहां पदाधिकारी नहीं जाते थे, आज वे योजनाएं लेकर आपके बीच आ रहें हैं ताकि राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक को उनका अधिकार और योजनाओं का लाभ मिले। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को लोहरदगा के चीरी, कुडू में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शेष पृष्ठ 11 पर

### खेल-खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को आठवीं राज्य स्तरीय सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता के बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता रही गोड्डा जिले के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि गुमला के घाघरा में आयोजित नेटबॉल की ट्रेडिशनल एवं फास्ट फाइव सब जूनियर चैंपियनशिप के बालक एवं बालिका दोनों ही वर्गों में गोड्डा टीम ने खिताब जीता है। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई शेष पृष्ठ 11 पर

## रैट माइनर्स बने तारणहार मजदूरों तक बनाई राह

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

उत्तराखंड के सिल्क्यारा-बड़कोट सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को मशीन और मनुष्य के प्रयास से मंगलवार की रात सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया गया। अमेरिका के ऑगर मशीन ने जहां काम करना बंद कर दिया था। वहां सात रैट माइनर्स ने मजदूरों तक राह बनाई। लगातार 21 घंटे काम करते हुए 12 मीटर की खुदाई कर रेट माइनर्स सुरंग में फंसे 41 मजदूरों तक पहुंचने में कामयाब हुए। इन्होंने सुरंग में रैट होल माइनिंग तकनीक अपना कर काम पूरा किया। ये रेट माइनर्स (चूहा बिलखोदवा) पतले व लंबवत खदानों से कोयला निकालने में माहिर होते हैं। ये तीन से चार फीट गहरे गड्ढे खोदकर उसके अंदर गहराई में खनन करते चले जाते हैं। फिर एक आदमी अंदर घुसकर कोयला निकालता रहता है। इसके लिए खुरपी, फावड़ा, हथौड़े, तस्ले की मदद लेते हैं। ये अपने हाथ में छोटे फावड़े और हथौड़े लेकर खुदाई करते हैं। जो मलबा निकलता है उसे छोटे तस्ले या ट्राली के मार्फत बाहर निकालते हैं। यदि छोटे औजारों से खुदाई नहीं हो पाती तो ड्रिलिंग मशीन का उपयोग करते हैं। सांस लेने व हवा के लिए ऑक्सीजन मास्क पहनकर, प्रोटेक्टिव ग्लास पहन कर जाते हैं। जो पाइप हाथ में लिये होते हैं उनमें ब्लोअर चलाया जाता है। जिससे की हवा का सकुर्लेशन बना रहे। इन सात रैट-माइनर्स ने दिल्ली व अहमदाबाद में सुरंग खुदाई का काम किया है। मालूम हो कि बीते 12 नवंबर 2023 को सिल्क्यारा-बड़कोट सुरंग शेष पृष्ठ 11 पर

## साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से ईडी की पूछताछ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईडी की दूसरी नोटिस पर साहिबगंज एसपी नौशाद आलम मंगलवार को रांची स्थित ईडी के जोनल ऑफिस पहुच गए हैं। ईडी के गवाहों को प्रभावित करने के मामले में साहिबगंज एसपी से पूछताछ की जा रही है। इससे पूर्व पहली नोटिस मिलने पर साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ने ईडी को पत्र लिखकर समय की मांग की थी। जिसके बाद उन्हें दूसरा नोटिस जारी करते हुए 28 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। साहिबगंज एसपी नौशाद आलम मंगलवार की सुबह 10 बजे ही ईडी दफ्तर पहुंच गए। अंदर जाने के बाद उन्होंने बताया कि वह साहिबगंज एसपी हैं, जिसके बाद गेट पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर उन्हें अंदर जाने दिया गया। साहिबगंज एसपी को मंगलवार की सुबह 10:30 बजे ईडी दफ्तर पहुंचने के लिए समन जारी किया गया था।


साहिबगंज शेष पृष्ठ 11 पर

## सभ्यता के शिखर या अंत की दिशा तय करेगा एआई



सुनील बादल

***सदियों*** पहले साइंस फिक्शन पर आधारित अनेक उपन्यासों और फिल्मों में जिस कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारनामों और खतरे के अंदेशे को दशार्या गया था उसे प्रत्यक्ष देखने समझने का समय आ गया है। लगातार एक ही प्रकार के कार्य और उसके अनुभव का मानव मस्तिष्क से कई गुना अधिक तेज गति से विश्लेषण और उसके आधार पर सटीक त्रुटिरहित कार्य आज ये अदृश्य सुपर मानव कर रहे हैं



जिसकी विश्वस्तर पर चर्चा हो रही है। कोरोना काल में प्रायः बंद ग्राहक सेवा व्हाट्सएप पर सीमित हो गई थी पर आज एआई महिला हमारे प्रश्नों का सिर्फ मधुरता और विनम्रता से जवाब दे रही है वरन शिकायत संख्या और सुविधाओं का इस प्रकार जवाब दे रही है कि हम में से अनेक लोगों को भान तक नहीं हो रहा कि हमारी बातचीत मनुष्य से नहीं हुई। टीवी के लिए टाइप की गई स्क्रिप्ट की एंकरिंग से लेकर जटिल मामलों में पुराने डाटा से पलक झपकते विशेषज्ञता भरा निर्णय सुना रहे ये महामानव कल सभ्यता के अस्तित्व को खतरे में डाल सकते हैं। यह टिप्पणी टेस्ला के सीईओ और 'एक्स' के मालिक एलन मस्क ने ब्रिटेन में आयोजित दुनिया के पहले वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सुरक्षा शिखर सम्मेलन में की। उन्होंने कहा कि इस बात की शून्य से भी अधिक संभावना है कि एआइ हम सभी को मार डालेगा। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को अगर पर्यावरण आंदोलन के लिए प्रोग्राम किया जाता है तो यह मानवता के विनाश का कारण बन सकता है। सस्ते और मानवजनित खर्चों से दूर यह तकनीक अभी शुरूआती दौर में है पर आते ही न केवल विवादों में घिर गई, बल्कि बुद्धिमता के परम के कारण मानव अस्तित्व को ही मिटाने की क्षमता हासिल कर लेने के मुकाम तक चुटकियों में पहुंच सकने की स्थिति में आ गई है। पिछले पांच सालों में भारत सहित दुनिया की तीस फीसद नौकरियों को एआइ और 'आटोमेशन' ने हड़प लिया है।अमेरिका की दिग्गज निवेश बैंकिंग कंपनी गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार एआइ तीस करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों में दक्षता से काम बराबर कर सकता है। जिस सक्रियता और हड़बड़ी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर काम किया गया, वह अब उल्टा पड़ता लग रहा है। किसी की आवाज का सैंपल लेकर उसकी आवाज में फोन करने की क्षमता और मानव मस्तिष्क से कई गुणा अधिक दक्षता, कार्यकुशलता तथा स्मरण शक्ति से न सिर्फ साइबर सुरक्षा बल्कि मानवता के लिए इतना बड़ा खतरा बन गया है कि कुछ दशक में ही विनाश की संभावनाएं बलवती लगने लगी हैं क्योंकि इसके दुरुपयोग की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। अभी पीएम मोदी ने भी इसके दुरुपयोग शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### दफादार चौकीदार पंचायत के धरने पर पहुंचे अमित यादव

**रांची।** राजभवन के समक्ष झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत का धरना मंगलवार को छठे दिन भी जारी रहा। चौकीदार पंचायत ने बताया कि उनकी मांगों का समर्थन करने धरना स्थल पर बरकट्ठा विधायक अमित यादव पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से नई नियमावली बनाकर चौकीदार पंचायत के साथ न्याय करने की मांग की है। उक्त जानकारी कृष्ण दयाल सिंह राज्याध्यक्ष झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत ने दी।

### तीस ग्रामीणों को दिया गया धुआं रहित चुल्हा



**अनगड़ा।** कुच्चू पंचायत के बदरी गांव में मंगलवार को आईसीआईसीआईसीआई फाऊंडेशन की ओर से किसानों के बीच धुआं रहित चुल्हे का वितरण किया गया। चुल्हे का वितरण ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया व आईसीआईसीआईसीआई फाऊंडेशन के सर्वेक्षण कर्ता शुभम वर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान बदरी अंबाटुंगरी, खभावन, बुटगोडा, भुकभकिया के तीस किसानों को चुल्हे का तिरण किया गया। इस दौरान किसानों को धुआं रहित चुल्हा के फायदे के बारे जानकारी दी गई। शुभम वर्मा ने बताया कि ग्रामीण धुआं रहित चुल्हा में लकड़ी एवं कोयले की कम खपत पर खाना बना सकते हैं, और धुआं से मुक्ति पा सकते हैं। मौके पर आईसीआईसीआईसीआई फाऊंडेशन के सीएफ सुनिल कुमार, पूर्व मुखिया संगीता देवी, पूर्व पंसस कुच्चू पंचमी देवी वार्ड सदस्य रीता देवी, आदि उपस्थित थे।

### बुजूर्ग ने एटीएम में डाला कार्ड, पैसे की हुई निकासी

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के रहने वाले हेमंत कुमार कुजूर ने एटीएम मशीन में कार्ड डाला और उनके खाते से 70 हजार रुपए की अवैध निकासी हो गयी। इस संबंध में हेमंत कुमार कुजूर ने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। हेमंत ने पुलिस बताया कि वह बैंक से सेवानिवृत हो चुके हैं। वह बिरसा चौक स्थित एटीएम से पैसा निकालने के लिए गए थे। जैसे ही एटीएम मशीन में कार्ड डाला और उनका कार्ड फंस गया। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर राशि निकासी का मैसेज आया। इसके बाद वह बैंक में खाता ब्लाक कराया। फिर जगन्नाथपुर थाने में मामला दर्ज कराया।

### स्नैचरों ने नाबालिग को धक्का मारा, मोबाइल लूटे

**रांची।** राजधानी रांची में बेखौफ अपराधी पुलिस को चुनौती देकर लगातार आपराधिक घटना को अंजाम दे रहे हैं। जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के धुर्वा सेक्टर टू में बाइक सवार अपराधियों ने 13 वर्षीय रणवीर से मोबाइल लूटकर फरार हो गए। अपराधियों ने इस वारदात को शनिवार को उस समय अंजाम दिया, जब रणवीर साइकिल से मार्निंग वाक के लिए निकले थे। इस संबंध में बेरमो तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में पदस्थापित सीमा रानी ने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### राज्य के 17 स्थानों पर पंचायत समिति सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

# भाजपा की विकास यात्रा में देश सेवा सर्वोपरि : बाबूलाल

### एकात्म मानव दर्शन के साथ हमारी पार्टी का संकल्प है अंत्योदय




**आरएनएम। रांची/गिरिडीह**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को गिरिडीह में जिला के पंचायत समिति सदस्यों के प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मरांडी ने पार्टी के इतिहास विकास, संकल्प, प्रतिबद्धता जैसे आयामों पर विस्तार से चर्चा की। मरांडी ने कहा कि भारत को इसके प्राचीन संस्कृति, गौरवशाली अतीत को पुनः प्रतिस्थापित कर देश को पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन करने के साथ जनसंघ और फिर भाजपा की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा में पार्टी की राजनीति के केंद्र में राष्ट्र सेवा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भाजपा की पंच निष्ठाओं में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, लोकतंत्र, गांधीवादी समाजवाद,सर्व धर्म समभाव और मूल्य आधारित राजनीति समाहित है। उन्होंने कहा कि एकात्म मानव दर्शन के साथ हमारा संकल्प अंत्योदय है। विश्व बंधुत्व के भाव से भारत विश्व के कल्याण के लिए समर्पित है।

मरांडी ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। हमने विचारों से कभी समझौता नहीं किया। स्वतंत्र भारत में राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए पहला बलिदान पार्टी के प्रेरणा पुरुष और जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का हुआ। दो विधान, दो निशान, दो प्रधान के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए डॉ मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर में अपनी गिरफ्तारी दी जहां जेल में एक षड्यंत्र के तहत उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि भले ही उस वक्त हमारा जनाधार बड़ा नहीं था लेकिन हमारा संकल्प भारत की जन भावनाओं के अनुरूप था। राष्ट्र सेवा के प्रति हमारी वैचारिक प्रतिबद्धता मजबूत थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल में जनसंघ ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी पहचान तक मिटा दी। तुष्टिकरण की राजनीति ने देश का बड़ा नुकसान किया है। देश का विभाजन भी कांग्रेस की तुष्टिकरण का ही परिणाम था। भाजपा ने अपने मौलिक चिंतन में तुष्टिकरण नहीं, बल्कि सर्वपंथ समभाव को अपनाया है। आज भी भाजपा की चाहे केंद्र की सरकार हो या राज्य की योजनाओं के क्रियान्वयन में धर्म पंथ के आधार पर कोई भेद भाव नहीं किए जा रहे।

## मजदूरों-किसानों का महापड़ाव संपन्न




**आरएनएम। रांची**

देश के आम जनता के जीवन और आजीविका के साथ-साथ जनता के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष, सद्भावपूर्ण जीवन पर केंद्र सरकार की नीतियों के विनाशकारी नीतियों के खिलाफ तीन दिवसीय महापड़ाव संपन्न हो गया। मालूम हो कि किसान मजदूरों के संयुक्त बैनर तले 26 से 28 नवंबर तक देश के सभी राज्य में राजभवन के समक्ष तीन दिवसीय महापड़ाव कार्यक्रम चल रहा था। राजभवन रांची के समक्ष आयोजित, इस महापड़ाव कार्यक्रम में किसानों के अलावा, कोयला, इस्पात, तांबा, बॉक्साइट माईका, इंजीनियरिंग, अभ्रक, विद्युत, परिवहन, निर्माण, सेल्स प्रमोशन, बीड़ी उद्योग, सहित बड़ी संख्या में परियोजना कर्मी, गिग वर्कर, ठेका एवं आउटसोर्सिंग मजदूर शामिल हुए , जिसमें बड़ी संख्या में कामकाजी महिला भी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिथिलेश सिहं, भवन सिहं, सुफल महतो, प्रफुल्ल लिंडा ने संयुक्त रूप से किया। जबकि संचालन सीटू के महासचिव विश्वजीत देव ने किया। उद्घाटन भाषण अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय नेता कॉमरेड अवधेश कुमार ने किया। सभा को झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव सुरजीत सिन्हा, लिलाधर सिंह, अशोक यादव, सबिना खातुन, प्रकाश विप्लव, मीरा देवी, संजय वर्मा, बीएन सिंह, संजय पासवान, राजेन्द्र गोप, एम,एल सिंह, महिला नेत्री वीणा लिंडा आदि ने सम्बोधित किया। संयुक्त मंच की ओर से बताया गया कि राजभवन, रांची के सामने, महापड़ाव के तीनों दिन पूरे राज्यों से 15000 से ज्यादा किसानों एवं मजदूरों की भागीदारी हुई।

### रांची के दो वार्डों में 73 शिकायतों का ऑन स्पॉट निपटारा

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रांची नगर निगम की ओर से निगम के दो वार्ड में मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। वार्ड नंबर पांच और वार्ड नंबर छह में शिविर का आयोजन किया गया। दोनों शिविरों में कुल 73 शिकायतों का ऑन स्पॉट निपटारा किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने मंगलवार को बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, पीएम आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें।

# हाईकोर्ट ने विधि पोर्टल पर सरकार से मांगी अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट

**आरएनएम। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से शपथपत्र ससमय दाखिल नहीं होने से संबंधित मामले में स्वतं संज्ञान की सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2024 निर्धारित की है। हाईकोर्ट ने इसके साथ ही राज्य सरकार से मामले में विधि पोर्टल की अपडेट स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है। मंगलवार को उक्त मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने कोर्ट को बताया कि अभी जो वर्तमान में विधि पोर्टल है, वह पूर्णता कारगर साबित नहीं हो रहा है। इसके लिए मुख्य सचिव ने राज्य सरकार के सभी विभागों के नोडल ऑफिसर के साथ बैठक भी की है। विभागों ने माना है कि विधि पोर्टल को दुरुस्त करने की आवश्यकता है। इससे पहले सरकार की ओर से शपथपत्र दाखिल कर बताया गया कि शिक्षा विभाग में आईएलएमएस सॉफ्टवेयर कार्यान्वित है, अतः विधि पोर्टल को आईएलएमएस के साथ एकीकृत करने की कोशिश की जा रही है।

### सेल डीड कैंसिल किए जाने के अधिकार को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

झारखंड हाईकोर्ट में ऑनलाइन एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक और सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी अनामिका गौतम की ओर से देवघर स्थित जमीन सहित राज्य के अन्य जिलों के डीसी द्वारा कई लोगों के सेल डीड कैंसिल किए जाने को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई मंगलवार को हुई। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। दायर याचिका में सांसद की पत्नी अनामिका गौतम का आरोप है कि देवघर डीसी ने श्यामगंज मौजा, देवघर की उनकी जमीन का सेल डीड कैंसिल कर दिया है। उनका कहना था कि जमीन के रजिस्टर्ड सेल डीड को कैंसिल करने का अधिकार डीसी, देवघर के पास नहीं है। यह अधिकार सिविल कोर्ट के पास है। अनामिका गौतम की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं पार्थ जालान ने पैरवी की।

### हाईकोर्ट से सेना की जमीन घोटाले के आरोपित दिलीप घोष को जमानत

झारखंड हाईकोर्ट से मंगलवार को जमीन घोटाले में मुख्य आरोपित दिलीप घोष को जमानत मिल गयी। सेना की जमीन डील के केस में कोलकाता निवासी दिलीप घोष को ईडी द्वारा आरोपित बनाया गया था। इस मामले में कई अधिकारियों सहित कई आरोपित जेल में हैं।

### हाईकोर्ट में तालाब की जमीन पर अस्पताल बनाए जाने के मामले की सुनवाई

झारखंड हाईकोर्ट देवघर के मधुपुर अनुमंडल में गैर मजुरूआ जमीन पर बने तालाब पर अस्पताल बनाए जाने के टेंडर को चुनौती देने वाली अरुण शाही की रिट याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस रिट याचिका को जनहित याचिका (पीआईएल) के रूप में मानते हुए सुनवाई करने का निर्देश दिया है। कोर्ट में याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट के पीआईएल रूल के तहत शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई एक दिसंबर निर्धारित की है। याचिकाकर्ता का कहना है कि देवघर के गोविंदपुर मौजा में मधुपुर अनुमंडल स्थित बांध/तालाब पर अस्पताल बन रहा है।

## पहले बाबूलाल मरांडी विस्थापित थे, अब बेरोजगार भी हैं : सुप्रियो



**आरएनएम। रांची**

झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले तो बाबूलाल विस्थापित थे लेकिन अब वे बेरोजगार भी हैं। जिस तरह से वे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सीनियर लीडर शिबू सोरेन के लिए भाषा का इस्तेमाल करते हैं, वह राजनीतिक समाज में प्रदूषण है। ऐसे लोग जब तक रहेंगे, प्रदूषण मुक्त होना कठिन है। उनका स्तर ऐसा हो गया है कि वे शव पर भी राजनीति करने लगे हैं। भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इन्होंने झारखंड स्थापना की नींव में चूना डालने का काम किया था। जब बाबूलाल मुख्यमंत्री थे तो तपकारा गोलीकांड हुआ था, वे पीड़ितों के परिजनों से मिलने गये थे क्या। नेतरहाट में गोलियां चलीं, लोग शहीद हुए लेकिन वे नहीं गये। पिछले दिनों पनौती को लेकर देशभर में चर्चा थी। इसी तरह झारखंड में अब चुनौती की बात होती है। हर अच्छे कामों में वे चूना लगाने की कोशिश करते हैं। यह चुनौती बाबूलाल हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना की तरह मलेरिया भी एक बड़ी आपदा है। इससे बचाव की विशेष व्यवस्था करनी होती है।


## Jharkhand Council of Educational Research & Training (JCERT), Ranchi

### Notice Inviting Tender

**(E-Tender for Printing and Supply/Sale of textbooks for the Academic Year 2024-25) 01/JCERT/TEXTBOOK/2024-25**

Jharkhand Council of Educational Research & Training (JCERT) invites e-bids in two bids system (Technical & Financial) from reputed and eligible printers for the printing and supply/sale of following category of textbooks for the academic year 2024-25:

(i) Printing and Supply of textbooks developed by JCERT for free distribution to the students of Class I to Class VIII under Samagra Shiksha and the textbooks developed by NCERT (copyright owned by JCERT) to student of Class IX to XII studying in Government Schools under State government scheme.

(ii) Making available the textbooks developed by JCERT in open market for sale for the students of Schools other than that covered under free supply of textbooks, if required.

**Important dates/details are as under:**

| Sl. No. | Activity | Start Date | Time | End Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Online availability of bid document | 28.11.2023 | 11:00 AM | 27.12.2023 | 06:00 PM |
| 2 | Pre-Bid Meeting | 07.12.2023 | 03:00 PM | | |
| 3 | **Online Bid Submission** | 28.11.2023 | 10:00 AM | 27.12.2023 | 06:00 PM |
| 4 | Submission of Paper sample | 27.12.2023 | 11:00 AM | 28.12.2023 | 02:00 PM |
| 5 | Opening of Technical Bid | 28.12.2023 | 03:00 PM | | |
| 6 | Opening of Financial Bid | To be announced after the technical evaluation | | | |

Interested eligible bidders may view and download bid documents from the websites http://jharkhandtenders.gov.in. The cost of bid documents including 18% GST is Rs. 11,800.00 (Eleven thousand Eight hundred only) and Earnest Money Deposit (EMD) as given package wise in schedule of requirement must be paid online.

Manual / Offline bids shall not be accepted except for the original documents/instruments as mentioned in this e-bid document.

No any hardcopy (except paper sample) will be accepted.

Interested eligible bidders should regularly visit the website(s) for addendum / corrigendum / amendment etc., if any, to keep themselves updated before uploading the bids. However, the information on exact number and quantity of books to be printed and their corresponding page numbers would be communicated on or before the date of pre-bid meeting.

In the event of the date specified for Pre-Bid meeting or receipt or opening of the bids happens to be a holiday, the appointed time on the next working day will automatically fixed for the purpose.
Any further communication, if required, in the entire duration of contract awarding process would only be done through e-mail only on jcerttextbook@gmail.com.

The Director, JCERT reserves the right to accept or reject (Fully/Partly) any tender without assigning any reason thereof.

(Kiran Kumari Pasi, I.A.S)
Director

Memo No.: JCERT/FTB 10-05/2023/1644 Ranchi, Dated: 24.11.2023

PR312124 (Jharkhand Council of Educational Research and Training)23-24*D



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## कार्यालय– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा
**E-Mail ID – chatrasco@gmail.com**

### आम सूचना।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची राज्यादेश सं0 56 दिनांक 06.11.2023 के आलोक में कोडरमा जिले के कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य के लिए अनुदानित दर पर पम्पसेट, मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य यंत्र वितरण की योजना।

**पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना**

मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह तथा साथ ही साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षो में तालाब जीर्णोद्वार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य श्रोत से लाभान्वित कृषको को भी उक्त योजना के तहत पम्पसेट (1.5–3.0 H.P तथा 3.5–5.0 H.P) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) तथा 1.0 H.P सोलर पम्पसेट (Troly Mounted Movable Type) उपलब्ध कराया जायेगा।

| क0 सं0 | पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | विभाग द्वारा देय अनुदान |
|---|---|---|---|
| 1 | पम्पसेट 1.5–3.0 H.P एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) | OSP- 120 | 90 प्रतिषत या अधिकतम 20000.00 रूपया |
| 2 | पम्पसेट 3.5–5.0 H.P एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) | OSP- 15 | 90 प्रतिषत या अधिकतम 30000.00 रूपया |
| 3 | 1.0 H.P सोलर पम्पसेट (Troly Mounted movable Type) | OSP- 07 | 90 प्रतिषत या अधिकतम 90000.00 रूपया |

जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग/भूमि संरक्षण उद्यान विभाग द्वारा सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगी। मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में अपना नाम सूचीबद्व करायेंगे।

**मिनी ट्रैक्टर, पावर टिलर एवं अन्य कृषि यंत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | मिनी ट्रैक्टर /रीपर उनके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र | OSP-05 | 80 प्रतिषत या अधिकतम 500000.00 रूपया |
| 2 | पावर टीलर/रीपर उनके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र | OSP-05 | 80 प्रतिषत या अधिकतम 160000.00 रूपया |

नोटः–

1. झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी (JSLPS) या अन्य किसी सक्षम संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये महिला स्वंय सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों या अन्य कृषक समूहों का योजनान्तर्गत चयन किया जायेगा।
2. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह के गठन में 10–12 सदस्य होना आवश्यक है।
3. मिनी ट्रैक्टर, वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/ कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स या अन्य कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके पास सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
4. व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों के लिए वैसे कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य 2.00 एकड़ भूमि होगी।
5. माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों के पास कृषि यंत्र हेतु कुल वास्तविक लागत का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह के बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे।
7. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्या योजना) के द्वारा कृषि यंत्रो/पम्पसेट एन0एफ0एस0एम0 योजना में प्राप्त कृषि यंत्र में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य किसी कृषि यंत्रो के लिए पात्रता होगी।
8. इस योजनान्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों द्वारा मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर उसके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रो के कय स्वयं के व्यय पर कय करने पर अनुदान की राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरण किया जायेगा।
9. आवेदन विहित प्रपत्र में झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) कोडरमा के माध्यम से प्राप्त किया जायेगा।
10. समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित दिनांक 03.12.2023 तक जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, कोडरमा के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह/कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध चयन किया जायेगा।

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पता :– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा/जिला सयुक्तं कृषि भवन जिला–कोडरमा

निवेदक
भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 312095 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)D


## राजनीति

### विपक्ष के हमले के बीच जवाब देने में जुटे सत्ताधारी

# सरकार आपके द्वार पर सियासत






**आरएनएम। रांची**

हेमंत सरकार के द्वारा एक बार फिर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। तीसरे चरण का यह सरकार आपके द्वार कार्यक्रम बीते दो चरणों की अपेक्षा लोकसभा चुनाव की दृष्टि से खास माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब तक तीन जिलों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत कर चुके हैं। इस दौरान उनके संबोधन में चुनावी झलक स्पष्ट रुप से देखने को मिली है। इधर मुख्यमंत्री के इस दौरे पर विपक्ष ने सवाल खड़ा करना शुरू कर दिया है। प्रमुख विपक्षी दल बीजेपी और आजसू ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि पिछले दो चरणों में इस कार्यक्रम के जरिए प्राप्त आवेदन पर क्या कार्रवाई हुई, इसे मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने इसकी आलोचना करते हुए कहा है कि चूंकि यह सरकारी कार्यक्रम है तो सत्ता पक्ष इसे जरूर सफल बतायेंगे। लेकिन हकीकत यह है कि लंबित पड़े आवेदन का क्या हुआ इसे बताने वाला कोई नहीं है। ऐसे में लोग अब सोचने लगे हैं कि जब न्याय ही नहीं मिलेगा तो जाकर क्या करें। इधर आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने पहले और दूसरे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सरकार के द्वारा दिखाए जा रहे आंकड़े पर सवाल खड़ा किया है। आजसू प्रमुख ने कहा कि कोई भी पंचायत में आप चले जाइए उन आवेदनों का क्या हुआ और उनकी संख्या क्या है, यह बताने वाला कोई नहीं मिलेगा। हास्यास्पद बात यह है कि सरकार 93 प्रतिशत आवेदनों के निष्पादन की बात कर रही है मगर हकीकत कुछ और ही है।

विपक्ष लाये एक भी उदाहरण, सरकार देगी जवाब- मंत्री आलमगीर आलमः विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवाल पर पलटवार करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि आरोप लगाना सहज है मगर वास्तविक स्थिति से मुंह मोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा है कि एक भी उदाहरण के रूप में विपक्ष लंबित आवेदन को लेकर आए सरकार इस पर जवाब देने के लिए तैयार है। पहले और दूसरे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्राप्त हुए आवेदनों पर सरकार के द्वारा कार्रवाई की गई है। इस दौरान सरकार को कई तरह के सुझाव भी मिले जिसे तीसरे चरण के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सम्मिलित किया गया है। सर्वजन पेंशन योजना से लेकर सरकार ने अबुआ आवास योजना तक की शुरूआत की है। विधवा पेंशन की उम्र सीमा को सरकार ने नये सिरे से तय किया है।

### सड़क दुर्घटना में तीन नाबालिग सहित चार घायल, एक रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के करांजी पेट्रोल पंप के समीप खटंगा मोड़ के पास दो बाइकों की हुई जोरदार टक्कर में तीन नाबालिग समेत कुल चार लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना मंगलवार की शाम करीब 5:00 बजे के आसपास की है। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना में सभी घायलों को उठाकर उपचार के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायलों का पहचान बेड़ो देवी मंडप निवासी 17 वर्षीय आशीष उरांव पिता गोइंदा उरांव, 13 वर्षीय अमेश बडाईक पिता इश्वर बड़ाईक, 13 वर्षीय आर्यन उरांव पिता गोइंदा उरांव और ईटा पुरना पानी निवासी 42 वर्षीय एमडी जमील उर्फ बबलू खान पिता शमसुद्दीन खान के रूप में हुई है। डॉ. मेघा भगत ने सभी सड़क दुर्घटना में घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर रूप से घायल आशीष उरांव को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

## एक नजर

### जुआ खेलते पकड़े गए नौ पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने किया सस्पेंड

**रांची।** रांची पुलिस लाइन में शनिवार की देर रात को जुआ खेलते 14 पुलिसकर्मी समेत 20 लोग पकड़े गए थे। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए रांची जिला बल के नौ पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है बाकी के अन्य पांच पुलिसकर्मी जैप के हैं उन पर कार्रवाई जैप के कमांडेंट करेंगे। इससे पहले जुआ खेलते पकड़े गए पुलिसकर्मी समेत अन्य लोगों को गोंदा थाना से पीआर बांड पर छोड़ दिया गया था। इनके पास से करीब साढ़े तीन लाख रुपए भी बरामद हुए थे। पिछले तीन माह में विभिन्न थाना क्षेत्रों में जुए के अड्डों पर की गई छापेमारी में पुलिस ने जुए के अड्डे से लाखों रुपए बरामद किए. 51 से ज्यादा जुआरियों को गिरफ्तार किया. इन जुआरियों को पुलिस ने जेल भी भेजा था. वहीं गोंदा थाना की टीम ने जिन पुलिसकर्मियों को जुआ खेलते पकड़ा तो उन पर सिर्फ जुआ अधिनियम की धारा 11 लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की. पकड़े गए सभी लोगों को थाना से बेल मिल गया है।

### गोली से घायल दरोगा को रामगढ़ एसपी ने किया सस्पेंड

**रांची।** रामगढ़ मुठभेड़ में अपराधियों की गोली से घायल हुए दरोगा सोनू कुमार साव को रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया. दरोगा सोनू साव को ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित रहने के आरोप में सस्पेंड किया गया है. इस कार्रवाई को लेकर चर्चा है कि दरोगा सोनू ने भुरकुंडा थाना प्रभारी को बताया था कि गोली लगने की वजह से उनके पैर का जख्म सही से ठीक नहीं हुआ है. जिस वजह से वो ड्यूटी पर नहीं आ पाएंगे. इसके बाद भी थाना प्रभारी ने दरोगा सोनू साव के खिलाफ ओडी ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित रहने वाला रिपोर्ट एसपी कर दिया. जिसके बाद एसपी ने दरोगा सोनू साव को सस्पेंड कर दिया।

### दो हजार लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त



**रांची।** उत्पात विभाग की टीम ने सोमवार देर रात कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित सुकुरहुटू के पास एसटीएफ के सहयोग से छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की। छापेमारी के दौरान एक टाटा 407 पिकअप वाहन (जेएच 01-बीआर 5148) की तलाशी के क्रम में अवैध विदेशी शराब ओल्ड मोंक और ब्लैक टाइगर व्हिस्की का 3000 बोतल कुल 2250 लीटर जब्त किया गया। घटनास्थल से अभियुक्त वाहन से कूद कर भाग निकले, जिनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी टीम में अवर निरीक्षक ललित सोरेन, पंकज कुमार रूपेश कुमार उत्पाद सिपाही और सशस्त्र बल शामिल थे।

#### हायर सेंटर के रूप में रिम्स और सदर अस्पताल को तैयार रखा जाएगा

# चीनी रहस्यमय बीमारी के मद्देनजर रांची के अस्पतालों में तैयारियां तेज





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चीन में फैल रही रहस्यमय बीमारी को देखते हुए केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने सभी राज्यों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इस बीमारी के भी कोरोना की तरह फैलने की आशंका है। इन सभी संभावनाओं को देखते हुए रांची में स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुट गया है। रांची जिले के ब्लॉक स्तर के अस्पतालों को भी दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि यदि मरीज सामान्य स्थिति में रहे तो उसे सीएचसी और पीएचसी में ही सुविधा दी जा सके।
रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने मंगलवार को बताया कि हायर सेंटर के रूप में रिम्स और सदर अस्पताल को रखा जाएगा। यदि मरीजों की संख्या बढ़ेगी तो अन्य जगहों पर भी इंतजाम किए जाएंगे। सिविल सर्जन ने बताया कि कोरोना के दौरान लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट और लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट का भी उपयोग किया जाएगा। पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर भी रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक भारत में ऐसा कोई केस नहीं मिला है। हालांकि, निमोनिया को लेकर लोगों को सचेत रहने की आवश्यकता है। रिम्स के वरिष्ठ चिकित्सक और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ यूपी साहू ने बताया कि निमोनिया में छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि निमोनिया सबसे ज्यादा एक से पांच साल तक के बच्चों के लिए खतरनाक होता है। क्योंकि, वैसे बच्चे अपनी परेशानी को खुलकर बता नहीं पाते। ऐसे में अभिभावकों को यह ध्यान रखना होगा कि यदि छोटे बच्चे में सर्दी-खांसी के साथ बुखार आता है और उसने मां का दूध पीना छोड़ दिया तो उसे तुरंत नजदीकी डॉक्टर के पास ले जाएं। यूपी साहू ने बताया कि छोटे बच्चे को यदि सांस लेने में परेशानी हो, शरीर नीला दिखाई दे रहा हो या उसे तेज बुखार आ रहा हो तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें क्योंकि निमोनिया ज्यादा दिनों तक रहना खतरनाक भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि विभाग स्तर पर अभी तक किसी तरह का दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है। अस्पताल में भी अभी इस तरह के केस नहीं पहुंचे हैं लेकिन डॉक्टरों की टीम निमोनिया के केस को लेकर गंभीर है।

### रिम्स में इलाजरत टीएसपीसी एरिया कमांडर की मौत

पलामू संट्रल जेल के कैदी तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के एरिया कमांडर किसलय सिंह की इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। किसलय सिंह पलामू के मनातू का रहने वाला था। किसलय सिंह पिछले कई दिनों से बीमार था। वह पैरालाइज्ड हो गया था। उसे बीपी की भी समस्या थी। बताया जाता है कि तबीयत खराब होने के बाद उसे एमएमसीएच में भर्ती करवाया गया था। बाद में एमएमसीएच क डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया था। पलामू संट्रल जेल के अधिकारियों ने मंगलवार की सुबह उसके मौत की पुष्टि की है। रिम्स में ही उसका पोस्टमार्टम किया जायेगा, जिसके बाद उसका शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### साहिबगंज एसपी संग 15 पुलिस अफसर बनेंगे आईजी व डीआईजी



**रांची।** 15 आईपीएस अधिकारियों को अगले महीने प्रमोशन मिलेगी। जिनमें 2006 बैच के पांच आईपीएस को आईजी रैंक में और 2009 बैच के एक और 2010 बैच के नौ आईपीएस को डीआईजी रैंक में प्रमोशन मिलेगी. इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में प्रक्रिया चल रही है। 2006 बैच के इन पांच आईपीएस को आईजी रैंक में मिलेगा प्रमोशन : ए विजया लक्ष्मी,नरेंद्र कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, सुदर्शन प्रसाद मंडल, माइकल राज एस। 2009 और 2010 बैच के 10 आईपीएस को डीआईजी रैंक में मिलेगा प्रमोशन : संजीव कुमार, सुरेन्द्र कुमार झा, चौथे मनोज रतन, कार्तिक एस,वाई एस रमेश, शैलेंद्र कुमार वर्नवाल, धनंजय कुमार सिंह, अश्विनी कुमार सिन्हा, नौशाद आलम अंसारी, संध्या रानी मेहता को प्रमोशन मिला है।

### जुआरी पुलिसकर्मियों को छोड़ना, पुलिसिया कार्यशैली पर बड़ा सवाल : प्रदीप सिन्हा



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने पुलिस विभाग की कार्यशैली पर प्रश्न खड़ा करते हुए कहा कि राज्य में कानून का शासन लागू करने वाली संस्था ही चेहरा देखकर करवाई करें तो लोगों का पुलिस प्रशासन से विश्वास ही खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विगत दिनों जुआ खेलने और खेलाने के आरोप में पकड़े गए पुलिसकर्मियों को थाने से जमानत देने में पदाधिकारी ने जल्दबाजी दिखाई इससे गलत संदेश गया है। जब कानून की नजर में सभी बराबर होते हैं, कोई आम या खास नहीं होता, तो ऐसे दोहरे मापदंड के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जानी चाहिए। सिन्हा ने कहा कि जब आम लोग जुआ खेलते पकड़े गए तो उन्हें तत्काल जेल भेज दिया गया। जबकि पुलिस विभाग ने अपने ही पुलिसकर्मियों को बचाने के लिए नियम कानून को ताक में रख दिया। प्रदीप सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री से इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल हस्तक्षेप की अपेक्षा की जाती है, ताकि एक ही तरह के आमजन मामले में पुलिसिया भेदभाव के शिकार ना हों। विभाग की छवि धूमिल करने वालों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता है।

### पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का रांची हवाई अड्डे पर स्वागत



रांची। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद मंगलवार को हवाई जहाज से रांची पहुंचे। वह झारखंड पासवा की ओर से प्रदेश चेयरमैन आलोक कुमार दूबे के सम्मान में आयोजित आभार सह अभिनन्दन समारोह में शामिल होने के लिए रांची पहुंचे हैं। रांची हवाई अड्डे पर पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे एवं संजीत यादव के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान पासवा के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी, निजी विद्यालय के संचालक व एवं पासवा कार्यकर्ता मौजूद थे। आलोक दूबे ने कहा कि शयामल के आगमन से कार्यकताओं ऊर्जा का संचार हुबआ है।

### बर्खास्तगी का विरोध



चान्हो । प्रखंड मे कार्यरत ग्राम रोजगार सेवक प्रवीन शंकर शर्मा,दशरथ सिंह एवं कनीय अभियंता अजय कुमार के ऊपर एक तरफा कार्रवाई करते हुए इनकी संविदा रद्द कर दिए जाने को लेकर मंगलवार को चान्हो के मनरेगा कर्मियों नें कार्य वहिष्कार करते हुए प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया, धरने पर बैठे मनरेगा कर्मी, मनरेगा लोकपाल हाय हाय, हमारी मांगें पूरी करो,मनरेगा कर्मियों का शोषण करना बंद करो,बर्खास्त कर्मियों को वापस लो,दोरंगा व्यवहार बंद करो जैसे नारे लगा रहे थे,साथ चान्हो प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम एक ज्ञापन दिया जिसमे कहा गया है की अगर इनकी सेवा बहाल नहीं किया गया तो कार्यकर्त्ता वहिष्कार करते हुए अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे, मौके पर मो युसूफ,शकलू उराव,रोशन एक्का,अरुनी लकड़ा , सादिक अख्तर,संगीता कुमारी,धर्मेन्द्र उराव सहित चान्हो प्रखण्ड में कार्यरत सभी मनरेगा कर्मी उपस्थित थे ।

# सरकार की अनदेखी के कारण 4401 उर्दू शिक्षक के पद 23 वर्षों से खाली





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उर्दू शिक्षक के विभिन्न पदों पर बहाली शुरू करने एवं उर्दू भाषा से जुड़े मांगों को लेकर आज आमया संगठन के द्वारा राजभवन के समक्ष महाधरना दिया गया। महाधरना में सैकड़ों लोग हाथों में तख्ती लिए अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते दिखे। इस अवसर पर महाधरना के नेतृत्व कर रहे एस अली ने कहा कि वर्ष 1999 में बिहार शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक एवं मध्य विधालय जहां 10 उर्दू भाषी छात्र पढ़ते है उन विधालयों में उर्दू शिक्षकों बहाली हेतु 4401 उर्दू शिक्षक के पद सृजित किए गए थे लेकिन शिक्षा विभाग के गलत नियमवली के कारण आज भी 3700 उर्दू शिक्षक के पद खाली है जिसे इंटर एवं स्नातक टेट उत्तीर्ण से भरने की पहल नही हो रही है, वही उक्त पद में 1526 एसटी एससी आरक्षित पद है जिसे पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग के कोटे में समाहित किया जाना चाहिए था चूंकि चार बार निकले विज्ञापन में आरक्षित वर्ग से एक भी आवेदन नही मिला। पिछले वर्ष 2022 में शिक्षा विभाग ने बिना समुचित जांच किए 543 उर्दू प्राथमिक एवं मध्य विधालय का स्टेटस छीना कर सामान्य विधालय बना दिया और शुक्रवार की छुट्टी समाप्त कर दी। राज्य में 635 +2 विधालय के लिए मात्र 92 उर्दू शिक्षक के पद दिए जा रहे है जबकि छात्र-शिक्षक अनुपात के अनुसार 300 से अधिक उर्दू शिक्षक के पद होनी चाहिए। हाईस्कूल शिक्षक बहाली में वर्ष 2017 के विज्ञापन के विपरित जाकर शिक्षा विभाग और जेएसएससी ने शैक्षणिक योग्यता निर्धारित कर दिया जिसके कारण सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद हाईस्कूल में उर्दू शिक्षक बहाली में अभियार्थी न्युक्ति से वंचित रह गए।

# ट्रेड लाइसेंस प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए सुडा के अधिकारी संग बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
ट्रेड लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया के सरलीकरण के मुद्दे पर मंगलवार को सुडा के अधिकारी पंकज गोयल और अविजीत चटर्जी ने झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों संग चैंबर भवन में बैठक की। लाइसेंस बनाने और लाइसेंस रिन्यूअल के दौरान व्यापारियों के समक्ष होनेवाली कठिनाई से चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अधिकारियों को अवगत कराया। यह कहा कि दस्तावेजों की कमी के कारण लाइसेंस बनाने और रिन्यूअल में हो रही कठिनाईयों का समाधान जरूरी है। लाइसेंस रिन्यूअल के दौरान होल्डिंग की मांग करने से रेंट की दुकान पर व्यापार कर रहे व्यापारियों को कठिनाई होती है, जिसका समाधान जरूरी है। सुडा के अधिकारियों ने बताया कि पहली बार ट्रेड लाइसेंस लेनेवाले व्यापारियों को सिर्फ रेंट एग्रीमेंट या बिजली बिल की कॉपी देनी है और किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। उक्त दस्तावेज के आधार पर व्यापारी एकसाथ 10 वर्ष का ट्रेड लाइसेंस ले सकते हैं। चचाओं के दौरान यह भी सहमति बनाई गई कि दिसंबर माह के बीच में सुडा के द्वारा चैंबर भवन में एक कार्यशाला का आयोजन कर, व्यापारियों के सभी प्रश्नों का जवाब और उन्हें लाइसेंस बनाने या रिन्यूअल कराने के दौरान होनेवाली कठिनाईयों का समाधान किया जायेगा।बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेष अग्रवाल और कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी उपस्थित थीं।

#### एमिटी यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

# लॉजेन विवि ओलंपिक अध्ययन और खेल का वैश्विक केंद्र है : कुलपति डॉ. अशोक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने मंगलवार को यूनिवर्सिटी ऑफ लॉजेन के सहयोग से भारत में खेलः अतीत, वर्तमान और भविष्य विषय पर एक अंतरर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ. अशोक के श्रीवास्तव ने अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि लॉजेन विश्वविद्यालय ओलंपिक अध्ययन और खेल का वैश्विक केंद्र है। यह पहली बार है जब लॉजेन विश्वविद्यालय ने किसी भारतीय संस्थान के साथ सहयोग किया है, जहां खेल अध्ययन के 12 से अधिक विशेषज्ञों ने अपने संबंधित शोध निष्कर्षों पर बात की। वक्ता डॉ. अनस अली, सहायक प्रोफेसर, जीआईटीएएम डीम्ड विश्वविद्यालय, ने उपनिवेशवाद के सामाजिक संदर्भ में उनकी लोकप्रियता और विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए, औपनिवेशिक दक्षिण भारत में आधुनिक खेलों के इतिहास का पता लगाने पर ध्यान केंद्रित किया। अभिलेखीय अभिलेखों, समकालीन समाचार पत्रों और संस्मरणों का गुणात्मक विश्लेषण करके, उनके अध्ययन ने तर्क दिया कि विभिन्न खेलों और खेल संस्कृतियों के प्रसार और लोकप्रियकरण को सरल रूप से एक रैखिक संचरण के रूप में नहीं देखा जा सकता है। इसके बजाय, यह प्रक्रिया गहन प्रतिस्पर्धा, सह-अस्तित्व और विविध खेल परंपराओं के अनुकूलन द्वारा चिह्नित एक विस्तारित अवधि में सामने आई।

### एनएच 39 कटैयापतरा के समीप हुए सड़क दुर्घटना में तीन घायल



**चान्हो।** चान्हो थाना क्षेत्र के कटैयापतरा के समीप मंगलवार की शाम हुए सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए बताया जा रहा है कि मोटर साइकल पर सवार सुकुरहुटू निवासी माया उरांव व पत्नी और उनके पुत्री सोंस की ओर से जतारा देखकर अपने घर वापस आ रहे थे तभी कटैया पतरा के समीप एक अज्ञात ऑल्टो कार ने टक्कर मार दिया जिससे तीनि गंभीर रूप से घायल हो गए।
सभी को प्राथमिक उपचार के लिए चान्हो स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। चान्हो सरकारी अस्पताल में ईलाज हेतु पूर्ण समान नहीं रहने के कार तीनों का बेहतर ईलाज के लिऐ रिम्स भेजा गया।

# शोधार्थियों में उच्च शोध नैतिकता विकसित करना ही कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में मंगलवार को वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग एवं आइसीएसएसआर, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 10 दिवसीय शोध पद्धति कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। आठ दिसम्बर तक चलने वाली इस कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों आइआइटी, आइआइएम, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के विषय विशेषज्ञ व्याख्यान द्वारा योगदान देंगे। कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने किया। उन्होंने नई शिक्षा नीति एवं शोध के सन्दर्भ में अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि शोध किसी भी उच्च संस्थान का रीढ़ होता है। इसीलिए नई शिक्षा नीति में उच्च संस्थानों में शोध पर अधिक जोर दिया गया है। विभागाध्यक्ष डॉ. बटेश्वर सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा प्रतिभागियों का स्वागत किया। अपने स्वागत वक्तव्य में शोध की नवीनता एवं मौलिकता की बात करते हुए कहा कि शोधार्थियों में उच्च शोध नैतिकता विकसित करना ही कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष (अनुसंधान एवं विकास), प्रो. एके पाढ़ी, डॉ. शशि सिंह, प्रो. विमल किशोर, डॉ. अजय प्रताप यादव एवं शोधार्थी नेहा, मेघा, देवव्रत आदि भी उपस्थित थे। शोध कार्यशाला निदेशक डॉ. केबी सिंह ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि देश के विभिन्न प्रतिष्ठित उच्च संस्थानों से 226 लोगों ने कार्यशाला में सहभागिता के लिए आवेदन किया, जिसमें से 35 लोगों का चयन किया गया है। चयनित प्रतिभागी जेएनयू, डीयू, बीएचयू, आईआईटी और सीयूजे से हैं। इसमें आइआइटी, एनआइटी, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के शोधार्थी भी भाग ले रहे हैं।

#### वृंदावन में होगा 'कृष्णायण'

# रांची के गणमान्य साहित्यकार होंगे शामिल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आगामी 1 से 3 दिसम्बर को देशभर के रचनाकारों का वृंदावन में महाकुंभ होगा। साहित्योदय द्वारा वात्सल्य ग्राम में दो दिवसीय श्री बांके बिहारी अंतराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव कृष्णायण का आयोजन किया गया है, जिसका उद्घाटन वात्सल्य ग्राम की अधिष्ठात्री और प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु दीदी मां साध्वी ऋतम्भरा करेंगी। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद आर के सिन्हा करेंगे। स्वागताध्यक्ष डॉ बुद्धिनाथ मिश्र होंगे जबकि पूरे कार्यक्रम का संयोजन साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष और कृष्णायण के मुख्य संपादक कवि पंकज प्रियम करेंगे। तीन दिवसीय साहित्योत्सव के उद्घाटन सत्र में 1 दिसम्बर को कृष्णायण सहित अन्य पुस्तकों का विमोचन होगा। फिर देश-विदेश से आये करीब डेढ़ सौ कवियों द्वारा 11 घण्टे से अधिक समय तक अखण्ड काव्यार्चन किया जाएगा। संध्या बेला में महारास कार्यक्रम और विशेष आमन्त्रित कवियों का काव्यपाठ होगा। जिसमें डॉ बुद्धिनाथ मिश्र के अलावा डॉ विष्णु सक्सेना, डॉ सोम ठाकुर, अजय अंजाम, बेबाक जौनपुरी समेत कई मूर्धन्य हस्ताक्षर शामिल होंगे। तीसरे दिन मथुरा वृन्दावन बरसाना ब्रज भूमि का तीर्थाटन का कार्यक्रम है।गौरतलब है कि राधा और कृष्ण के सम्पूर्ण जीवन पर आधारित साझा महाकाव्य ग्रंथ को 18 भाग में बांटकर 178 प्रसंगों में करीब एक हजार पृष्ठों के कृष्णायण को दो खंडों में प्रकाशित किया जा रहा है। कृष्णायण में दुनियाभर के लब्धप्रतिष्ठ कवियों ने अपनी छंदात्मक शैली में काव्य सृजन किया है। आयोजन को सफल बनाने में राकेश रमण, डॉ रजनी शर्मा चंदा, किशोरी भूषण, संजय करुणेश, सीमा सिन्हा, सुरेंद्र सहित पूरा साहित्योदय परिवार जुटा है। आयोजन की सफलता की कामना करते हुए रांची के अशोक नगर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए सफल कार्यक्रम की सभी ने प्रार्थना की। साहित्योदय रांची के की प्रभारी डॉ रजनी शर्मा 'चंदा' सहित कई मूर्धन्य साहित्यकार सदानंद सिंह यादव, चंद्रिका ठाकुर देशदीप, रेणु झा रेणुका, खुशबू बरनवाल सीपी, सूरज श्रीवास्तव, राज श्री राज, जितेन्द्र यादव, सीमा सिन्हा मैत्री आदि ने राधा कृष्ण मंदिर में सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी और कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं है।

### वाऊ सिनेमा के प्रथम वर्षगांठ का आयोजन

**रांची।** आकटीटी प्लेटफार्म वाऊ सिनेमा के प्रथम वर्षगांठ 17 दिसम्बर को राजधानी के एक होटल में किया जाएगा। इस समारोह में हॉलीवुड एक्टर इनार हराल्डसन एवं बॉलीवुड एक्टर रमेश गोयल शामिल होंगे। इसके अलावा आर. नरेंद्र ,डॉ जे.सी. राज ,देवेश तांती , सतीश दास , मोनिका मुंडू , सतीश दास , झरना चक्रवर्ती ,अनीता सिंह आदि भी शामिल होंगे। इन्हें वाऊ सिनेमा लाईफ टाईम एचिवमेन्ट एवार्ड 2023 से सम्मानित किया जाएगा। भारत के प्रदेशों से एवार्ड के रूप में क्रमशः बेस्ट निमार्ता, निर्देशक, एक्टर, गायक, कहानीकार, गीतकार, नाटककार, कैमरा मैन, संगीतकार को सम्मानित किया जा रहा है। इस पुरस्कार हेतु न्यूनतम आयु 50 वर्ष एवं फिल्म कला क्षेत्र में 25 वर्ष का कार्य अनुभव एवं योगदान सुनिश्चित किया गया है। इस ओटीटी चैनल की एमडी शबनम राज एवं सीईओ प्रभात राज हैं।

# पुलिस का एएसआई कर रहा था जुए के अड्डे का संचालन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची में न सिर्फ पुलिस संरक्षण में, बल्कि पुलिस वाले जुआ के अड्डे का संचालन कर रहे हैं। कांके रोड मीसिरगोंदा में जिस जुए के अड्डे में पुलिस की टीम ने छापेमारी कर 20 लोगों को गुरुवार की रात पकड़ा था। इसमें 14 पुलिसकर्मी के अलावा छह अन्य लोग शामिल थे। इस अड्डे का संचालन पुलिस का एक एएसआई अरूण सिंह कर रहा था। उसने मिसिर गोंदा में एक माह पहले भाड़े पर एक मकान लिया। उसी मकान में जुआ खिलवा रहा था। बताया जा रहा है कि मिसिर गोंदा स्थित जुआ के अड्डे में प्रवेश के लिए जुआड़ियों से दो से पांच हजार रुपए फीस ली जाती थी। फीस देने वाले को ही अड्डे में प्रवेश करने दिया जाता था। इस अड्डे में दस हजार से लेकर तीस लाख रुपए तक जुआड़ी जुआ खेल सकते थे। जुआड़ियों को अड्डे में खाने-पीने से लेकर सारी चीजें मुहैया करायी जाती थी। इसके अलावा रांची में दो दर्जन से ज्यादा जगहों पर जुए के अड्डे का संचालन किया जा रहा था। इसकी जानकारी रांची को भी है। लेकिन संबंधित थाने की ओर से जुआ के अड्डे पर न तो छापेमारी की जाती और न ही बंद कराने की दिशा में कोई कार्रवाई की जाती है।
न्यू पुलिस लाइन में ही सजती थी महफिल कांके रोड स्थित न्यू पुलिस लाइन में जुआ के अड्डे की महफिल सजती थी। यहां पर एक साल से अधिक समय तक एएसआई ने अड्डे का संचालन किया। पुलिस के आला अधिकारियों को जब इसकी जानकारी मिली तब एएसआई ने अड्डे को बंद किया। इसके बाद मिसिरगोंदा में किराए का मकान लेकर अड्डे का संचालन किया करता था। पुलिस पहुंची तो फरार हो गया फाइनांसर मिसिरगोंदा स्थि जुए के अड्डे के बाहर एक फाइनांसर भी खड़ा था।

### राज्य सरकार की अकर्मण्यता पर भाजपा चुप नहीं बैठेगी : प्रदीप वर्मा

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने मंगलवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलटवार किया। वर्मा ने कहा कि झामुमो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की झारखंड की जनता से बढ़ते जुड़ाव, उनकी बढ़ती लोकप्रियता,संकल्प यात्रा की ऐतिहासिक सफलता से हताश निराश और घबराया हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने क्षेत्र के लिए एक जनप्रतिनिधि हैं, जहां की जनता ने उन्हें जनादेश देकर मुख्यमंत्री के काबिल बनाया और इस क्षेत्र में लोग उनकी सरकार की अकर्मण्यता से मरते रहेंगे, लाशें निकलती रहेंगी तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि का धर्म निभाया। जनता के बीच जाकर उनका दुःख दर्द बांटना एक राजनेता का धर्म है लेकिन झामुमो को यह लाश की राजनीति दिखाई पड़ता है।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके अभियान के लिए शिविर का आयोजन

# 4704 आवेदनों का हुआ निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार अभियान को लेकर जिले के 13 पंचायतों एवं नगर निगम क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया गया। जिनमें ईचाक प्रखण्ड के बरियठ, बरकट्ठा प्रखण्ड के कपका, बरही के कोनरा, केरेडारी प्रखण्ड के पचड़ा, कटकमसाण्डी प्रखण्ड के डांड़, विष्णुगढ़ प्रखण्ड के खरना, पदमा के सरैया, सदर हजारीबाग प्रखण्ड के नयाखाप, डाड़ी प्रखण्ड के रबोध, दारू प्रखण्ड के मेढकुरी खुर्द, चौपारण प्रखण्ड के जगनपुर, चुरचू के चनारो, टाटीझरिया के खैरा सहित नगर निगम क्षेत्र में वार्ड विकास केन्द्र दीपूगढा (वार्ड 5, 6, 7, 8 हेतु) में शिविर शामिल हैं। अबतक आयोजित शिविरों में विभिन्न योजनाओं के कुल 24204 आवेदन प्राप्त किये गये हैं, जिनमें 4704 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया है। वहीं 79 आवेदिन निरस्त करते हुए शेष को प्रक्रियाधीन किया गया है। आयोजित शिविरों में अबतक अबुआ आवास के 14454 आवेदन, सावित्रबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के 638, सर्वजन पेंशन के 606, मुख्यमंत्री पशुधन के 528, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के 191, गुरूजी क्रेडिट योजना के 109, लगान रसीद के 135, केसीसी-171, भूमि म्यूटेशन के 78, आय प्रमाण पत्र के 99, जाति प्रमाण पत्र के 134 सहित कई अन्य योजनाओं के आवेदन ग्रामीणों द्वारा विभागीय स्टॉलों पर समर्पित किये गये। वहीं 150 लोगों के आधार में सुधार ऑन द स्पॉट किया गया। इस क्रम में मनरेगा के तहत नये कार्य हेतु 427 आवेदन भी प्राप्त हुए जिनमें 209 कार्यों की स्वीकृति ऑन द स्पॉट प्रदान की गई। इन शिविरों के दौरान अबतक 1963 कंबल जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया गया। साथ ही 1688 लाभूकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कैम्प लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच सहित मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया गया। अबुआ आवास योजना के तहत 2026 तक ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पात्र आवास विहीन परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण शीर्ण रहने वाले परिवारों को सामान्य जनक जीवन जीने के लिए बुनियादी सुविधाओं के साथ पक्का आवास उपलब्ध कराना है। जिसके लिए पूरे राज्य से 8 लाख आवास का लक्ष्य रखा गया है जिसमें तीन कमरों का पक्का मकान एवं रसोई घर का निर्माण किया जाएगा।



### गिरिडीह : भाजपा नेता के क्षमा मांगने पर सुलझा विवाद

**गिरिडीह।** गिरिडीह के भाजपा नेता सह पूर्व मुखिया साठु ठाकुर व नगर निगम कर्मी के बीच नोंकझोंक का मामला मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच वार्ता के बाद सुलझा लिया गया. भाजपा नेता ने अपने व्यवहार पर खेद व्यक्त करते हुए निगम कर्मी से क्षमा मांग ली है. मालूम हो कि छठ महापर्व के दौरान विगत 19 नवंबर को नगर निगम कर्मी ट्रैक्टर लेकर झरियागादी घाट के आसपास सफाई का काम कर रहे थे. इसी दौरान पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता साठु ठाकुर वहां पहुंचे और नगर निगम के चालक अमित कुमार तुरी व सुरेश वर्मा के साथ दुर्व्यवहार किया. चालकों का आरोप है कि ठाकुर ने जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल कर गालियां दी. मना करने पर मारपीट तक की नौबत आ गई. चालकों ने इसकी शिकायत नगर थाना व झारखंड लोकल एम्पलाइज बॉडी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह से की. छठ महापर्व में किसी तरह का व्यवधान न हो, इसलिए फेडरेशन मौन रहा.

## सड़क पक्कीकरण की मांग के लिए ग्रामीण हुए गोलबंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** धनवार प्रखंड के सापामारन से कारुडीह मंडप आरईओ रोड तक पक्की सड़क के निर्माण की मांग को लेकर सापामारन के ग्रामीण गोलबंद हो रहे हैं. मंगलवार की सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण उक्त मार्ग पर नदी के समीप एकत्रित हुए और मांग की पूर्ति के लिए जन प्रतिनिधियों से मिलने व जरूरत होने पर आंदोलन करने की घोषणा की. ग्रामीण साहबान अंसारी, विजय वर्मा, नीलकंठ वर्मा, जय नारायण कुशवाहा आदि ने बताया कि करीब दस वर्ष पहले कारुडीह मंडप से नदी तक ग्रामीणों ने कारसेवा कर कच्ची सड़क का निर्माण किया था. नदी पर पुल नहीं रहने और कच्ची सड़क के कारण आवागमन में परेशानी होती है. सापामारन की आबादी लगभग ढाई हजार है. यह मार्ग धनवार-घोड़थम्बा का महत्वपूर्ण पंपर्क मार्ग है. लेकिन बरसात मे फिसलन और पुल के अभाव में आवागमन अवरुद्ध हो जाता है. वैकल्पिक मार्ग महुआटांड़ स्कूल से पहाड़पुर तक काफी जर्जर है. ग्रामीणों ने बताया कि 10 वर्ष पहले गांव की उत्तर तरफ नदी पर पुल तो बना है, लेकिन पुल से आगे का रास्ता नही बनाया जा सका है.

## एक नजर

### जमीन विवाद में दो भाइयों में मारपीट

**बोकारो।** जिले के कसमार थाना क्षेत्र के कर्मा टोला पुरनाडीह में सहोदर भाई ने अपने हीं भाई को धारदार हथियार से मार कर घायल कर दिया. घायल को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल बोकारो में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. इस बाबत जानकारी देते हुए जख्मी गुजर महतो ने बताया कि वह घर से पत्नी के साथ बाजार जा रहा था. इस बीच रास्ते में उसकी जमीन पर भाई व परिवार के लोग मकान बना रहे थे, वह जमीन पर गया तो उसे वहां जाने से रोकने का प्रयास किया गया. इसके बाद चारों तरफ से घेरकर लाठी डंडे व टांगी से उसके सिर पर मार दिया. जख्मी गुजर महतो के पत्नी के बयान पर पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज कर मामले का अनुसंधान भी शुरू कर दिया है.

### शराब दुकान में लाखों की चोरी, मामला दर्ज

**बोकारो ।** बालीडीह थाना क्षेत्र के कुमीर्डीह में सरकारी शराब दुकान के शटर का ताला तोड़ शराब की चोरी की घटना को अंजाम दिया दिया गया है. मामले की सूचना बालीडीह थाना को दी गई. जांच के दौरान पाया गया कि दस कार्टून शराब गायब है. जिसकी कीमत एक लाख से अधिक है. घटना के संबंध में एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि सरकारी दूकान से शराब चोरी हुई है. घटना को लेकर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. आगे की जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी.

### नवविवाहिता का शव बरामद, हत्या का आरोप

**गिरिडीह।** हिरोडीह थाना क्षेत्र बैरिया गांव में नवविवाहिता प्रियंका कुमारी का शव बरामद हुआ है. मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित आवेदन देकर करवाई की मांग की है. घटना को लेकर बताया कि प्रियंका की शादी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी रामेश्वर मंडल के पुत्र छोटू मंडल के साथ 6 माह पहले की थी. इधर हिरोडीह थाना पुलिस शव को अपने कब्जे ले कर पोस्टमार्टम के लिये गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया.

## सऊदी अरब में फंसे झारखंड के पांच मजदूर, वतन वापसी की गुहार



- आठ माह से नहीं मिला है वेतन, दाने-दाने को मोहताज
- वीजा की अवधि हुई समाप्त, अकामा भी नहीं दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिले के पांच मजदूरों ने सऊदी अरब से वीडियो बनाकर भारत व झारखंड सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है. वहीं उन मजदूरों के परिजनों ने भी केंद्र और राज्य सरकार से उनकी सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित कराने की मांग की है. कंपनी की ओर से पिछले आठ महीने का वेतन नहीं मिलने से पांचों मजदूर दाने-दाने के लिए मोहताज हैं. सभी मजदूरों की वीजा की अवधि समाप्त हो गई है और उन्हें अकामा भी नहीं दिया गया है. मजदूर हित में कार्य करनेवाले सिकंदर अली ने केंद्र व राज्य सरकार से सऊदी अरब में फंसे मजदूरों को मदद करने की अपील की है. उन्होंने कहा कि यह पहली घटना नहीं है. उन्होंने कहा कि पहले भी कई ऐसे मामले सामने आए हैं. काम की तलाश में मजदूर विदेश जाते हैं और वहां उन्हें यातनाएं झेलनी पड़ती हैं. बड़ी मुश्किल से वह स्वदेश लौट पाते हैं. ऐसे में सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत हैं. सऊदी अरब में फंसे मजदूरों में गिरिडीह जिले के सरिया प्रखंड के कुसमाडीह पंचायत निवासी जगदीश महतो, बोकारो जिले के पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के पेंक पंचायत निवासी जिवलाल महतो, विनोद महतो और हजारीबाग जिले के विष्णुगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत चानो पंचायत के चिंतामन महतो, विरेन्द्र महतो शामिल हैं. ये सभी मजदूर 28 मार्च 2023 को अल मुरब्बा अल हादी की कंपनी में ट्रांसमिशन के ओपीजी में काम करने के लिए सऊदी अरब गये थे. लेकिन, पिछले आठ महीने से किसी भी मजदूर को वेतन नहीं मिला है. नतीजतन, इन सभी मजदूरों को रहने-खाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

## सरिया में 32 हाथियों ने मचाया उत्पात, किसानों को नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** सरिया प्रखंड के रतनाडीह में 32 हाथियों के झुंड ने सोमवार की रात जमकर उत्पात मचाया. खेतों व खलिहानों में रखा धान के बीड़ा को मसलकर धान खा गए. खेतों में लगी सब्जियों की फसल नष्ठ कर दी. इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है. ग्रामीणों ने आतिशबाजी और मशाल जलाकर हाथियों को गांव से खदेड़ा. ज्ञात हो कि सरिया व बगोदर क्षेत्र में हाथियों का झुंड लगातर विचरण कर रा है. विगत दिनों सरिया के आश्रम रोड, चौधरीडीह, चन्द्रमारणी, चिचाकी, चिरुवां व नावाडीह में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया. इसके बावजूद वन विभाग ने इन्हें भगाने के लिए समुचित उपाय नहीं किए. इससे लोगों में भय व्याप्त है. रत्नाडीह मुखिया प्रतिनिधि सुनील साव ने बताया कि हाथियों ने 15 खलिहानों में रखे धान के बीड़ा को रौंद दिया. उन्होंने कहा कि विभाग को आवेदन देकर मुआवजा की मांग की जाएगी. प्रभावित किसानों में वीरेंद्र महतो, दुलारी देवी, डेगनारायण महतो, सुरेश प्रसाद, अवध किशोर प्रसाद, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, कृपा महतो, भोला महतो आदि शामिल हैं.

### जमशेदपुर : बमामाईंस में फर्नीचर दुकान में चोरी, ताला तोड़ मशीन ले उड़े चोर

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बमामाईस थाना अंतर्गत चूना भट्ठा स्थित एक फर्नीचर दुकान का ताला तोड़ मशीनों की चोरी कर ली गई. दुकान संचालक परमानंद शर्मा को इसकी जानकारी तब हुई जब वे मंगलवार सुबह दुकान खोलने के लिए पहुंचे. उन्होंने पाया कि दुकान में लगा ताला टूटा हुआ है. अंदर जाने पर पाया कि सारी मशीनें गायब है. इस संबंध में उन्होंने बमामाइंस थाना में लिखित शिकायत भी की है. शिकायत पाकर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच की. परमानंद ने बताया कि वे सोमवार रात 10 बजे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे. आज सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तक जाकर दुकान में चोरी होने की जानकारी हुई. चोरों ने दुकान में रखी मशीनें चुरा ली है जिसकी कीमत 80 हजार रुपये है. परमानंद ने बताया कि पूर्व में भी आस-पास की दुकानों में चोरी हो चुकी है.

### मातृत्व योजना का लाभ दिलाने के नाम पर करते थे ठगी, दो साइबर अपराधी गिरफ्तार



**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है. इसी क्रम में मंगलवार को साइबर डीएसपी संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित टीम को सफलता मिली है. पुलिस ने मातृत्व लाभ की राशि दिलाने के नाम पर ठगी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है. गिरफ्तार आरोपियों में छोटू मंडल और अजय मंडल शामिल है. दोनों आरोपी बेंगाबाद के महदईया गांव के रहने वाले है. इनलोगों के पास से पुलिस ने दो मोबाइल और चार सीम बरामद किया है. पुलिस के अनुसार गिरफ्तार साइबर अपराधी ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को मातृत्व योजना की राशि दिलाने का प्रलोभन देकर शिकार बनाते थे. फिर वैसे महिलाओं को रिपोर्ट एक्सेस ऐप-आदि का लिंक भेजकर इंस्टॉल करवा कर ठगी किया करते थे.

### सालुकचपड़ा में राकांपा का मिलन समारोह

**धनबाद।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का मिलन समारोह मंगलवार को कलियासोल प्रखंड के सालुकचपड़ा गांव में हुआ. समारोह को संबोधित करते हुए राकांपा के धनबाद जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल है. चारों तरफ लूट-भ्रष्टाचार मचा हुआ है. इस सरकार में माफियाओं को खनिजों की लूट की छूट मिली हुई है. कोयला, लोहा, पत्थर से लेकर बालू तक की तस्करी हो रही है. बेरोजगारी बढ़ती जा रही है. नियोजन नीति नहीं लागू कर सरकार सिर्फ धोषणाएं कर रही है. केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल जल योजना की देखरेख के लिए विभाग के पास कनीय व सहायक अभियंता तक नहीं हैं. राज्य के दर्जनों अंचल व प्रखंडों में सीओ व बीडीहो के पद रिक्त हैं. बिजली, पानी की लचर व्यवस्था से जनता परेशान है. सरकार की विफलता को देखते हुए ही राकांपा प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया.

## रैयतों ने इलेक्ट्रो स्टील के तीनों दूसरे दिन भी रखा गेट जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** रैयतों ने नौकरी सहित अन्य मांगों को लेकर बोकारो जिले के चंदनकियारी स्थित वेदांता एलेक्ट्रो स्टील प्लांट के तीनों गेटों को दूसरे दिन मंगलवार को भी जाम रखा. रैयतों और ग्रामीणों ने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया. इस बीच निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने व झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के संरक्षक जयराम महतो ने प्लांट के समक्ष पहुंचकर आंदोलन का समर्थनर किया. उन्होंने रैयतों को संबोधित करते हुए उनकी लड़ाई में साथ देने का वादा किया. इधर, शाम करीब 5.30 बजे जयराम महतो व अरूप चटर्जी के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल प्रबंधन के साथ वार्ता के लिए कंपनी के प्रशासनिक भवन व्हाइट हाउस पहुंचा. वार्ता में चास एसडीओ, डीएसपी, चास व चंदनकियारी के सीओ, डीसीएलआर समेत जिले के दर्जनों थानों-ओपी के पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे. कयास लगाया जा रहा है कि मासस और जेबीकेएसएस दोनों संगठनों ने एक साथ मिलकर आंदोलन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है. पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की. इसके बाद प्रबंधन की ओर से वार्ता की पेशकश की गई. समाचार लिखे जाने तक कंपनी के व्हाइट हाउस में त्रिस्तरीय वार्ता जारी थी.

### धनबादः साइबर अपराधियों ने खाते से उड़ाए 5.5 लाख

**हजारीबाग।** सिंदरी रांगामाटी के रहने वाले लखीराम टुडू ने मंगलवार को धनबाद साइबर थाने में खुद और परिजनों के बैंक खाते से साढ़े पांच लाख रुपये उड़ाने की शिकायत की है. थाने में दिए आवेदन में उसने कहा कि उसके माता-पिता और खुद उसका बैंक खाता एक ही मोबाइल नंबर से रजिस्टर्ड है. मोबाइल पर पिछले कुछ दिनों से बैंक खाते से संबंधित कोई मैसेज नहीं आ रहा था. इसी दौरान उसके बैंक खाते से तीन लाख बीस हजार रुपये, पिता के खाते से एक लाख सत्तर हजार और माता के खाते से 49 हजार रुपये की निकासी कर ली गई. हैरान करने वाली बात ये है कि इनमें से अधिकांश निकासी धनबाद के एक ही एटीएम से हुई है. बताया कि जब वह खाते को अपडेट कराने बैंक गया, तो रकम निकासी की जानकारी हुई. शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है.

## अपराध की योजना बना रहे तीन युवक गिरफ्तार, हथियार बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** कतरास के ईस्ट बसुरिया ओपी की पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे 3 युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है..साथ ही चोरी के एक मामले का 24 घंटे में उद्भेदन करते हुए 2 आरोपियों को भी पकड़ने में कामयाब हुई है. उनके पास से चोरी गए सामान बरामद किए गए हैं. यह जानकारी बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में दी. बताया कि सोमवार की रात ईस्ट बसुरिया पुलिस को गुप्त सुचना मिली कि सेक्टर तीन के समीप तीन युवक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है. ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने छापामारी कर तीनों को दबोच लिया. केंदुआडीह निवासी शुक्रा चौहान, आकाश नोनिया व ईस्ट बसुरिया के सुनील चौहान को एक लोडेड कट्टा के साथ पकड़ा. उनके पास से बिना नंबर की एक पल्सर बाइक जब्त कर ली गई है. इसके साथ ही पुलिस ने थाना क्षेत्र के बड़की बौआ सात नंबर निवासी वीरेन्द्र यादव के घर में हुई चोरी मामले का 24 घंटे के अंदर उद्भेदन करते हुए दो युवकों राजा भुइयां व विकास बाउरी को गिरफ्तार कर लिया. दोनों ने चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है. उनकी निशानदेही पर चोरी गये दो मोटर, एक पंखा सहित घरेलू सामान बरामद किए गए हैं. प्रेसवार्ता में ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी उपेन्द्र कुमार भी शामिल थे.

### धनबाद में अपराध और रंगदारी के विरोध में 30 नवंबर से अनिश्चितकालीन सत्याग्रह



**धनबाद ।** धनबाद में बढ़ रहे अपराध और लगातार रंगदारी को लेकर व्यवसायी वर्ग को फोन आने से परेशान होकर 30 नवंबर से सेवा सदन में स्थित गांधीजी के प्रतिमा के नीचे अनिश्चितकालिन सत्याग्रह आंदोलन करने का निर्णय लिया है. जिसको लेकर आज मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आज कोई बिजनेसमैन सुरक्षित नही है. पुलिस तंत्र और सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है. यहां के एसएसपी ने अपराध मुक्त करने की बात कही थी लेकिन उससे दो गुना बढ़ गया है. आए दिन लगातार फोन और मैसेज के माध्यम से रंगदारी की मांग की जा रही है. अब यहां से बिजनेसमैन पलायन कर रहे हैं. इस सत्याग्रह आंदोलन में समाजनसेवियों के साथ कई संगठन भाग लेगा.

### किराए के मकान से 3 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**हजारीबाग।** सदर थाना पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इस संबंध में डीएसपी महेश प्रजापति ने मंगलवार को सदर थाना में प्रेस वार्ता कर बताया कि 27 नवंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि शास्त्री नगर किराए के मकान में रहकर तीन साइबर अपराधी घटना का अंजाम दे रहे हैं. इसके बाद गठित पुलिस टीम ने छापेमारी कर राजेंद्र प्रसाद के मकान में रह रहे तीन किरायेदारों को गिरफ्तार किया. आरोपियों के पास से 11 मोबाइल, 10 सिम कार्ड, 6000 नगद और दो बाइक बरामद किए गए हैं. पकड़े गए आरोपियों की पहचान बरही थाना क्षेत्र के महुगढ़ा निवासी बबलू कुमार (21), बगोदर थाना क्षेत्र के अटका निवासी राजेन्द्र प्रसाद (24) और बरही निवासी संजय मंडल के रूप में की गई है. ये लोग अब तक सैकड़ों लोगों को ठगी का शिकार बना चुके हैं।

## अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को मिला ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड

### शिक्षा के क्षेत्र में किया बेहतर कार्य




**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग) :** अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड (नेचुरल रिसोर्सेज) को वर्ष 2023 के ग्रीनटेक कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया है. यह सम्मान झारखंड समेत देश के विभिन्न राज्यों के पिछड़े और आदिवासी बहुल इलाकों में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है. ग्रीनटेक फॉउंडेशन की ओर से अदाणी के प्रतिनिधियों को यह सम्मान जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में हुए एक समारोह में प्रदान किए गए. अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा झारखण्ड के हजारीबाग, छत्तीसगढ़ में सरगुजा एवं रायगढ़ जिलों सहित मध्यप्रदेश के सिंगरौली, ओडिशा के सम्बलपुर और सुंदरगढ़, महाराष्ट्र के नागपुर जिले में सामाजिक सरोकारों की विभिन्न परियोजनाएं संचालित की जा रही है. जिनमें अदाणी फॉउंडेशन के सहयोग से रेमेडियल कोचिंग क्लासेस, नवोदय कोचिंग क्लासेस, मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी, सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मुफ्त स्कूल बस की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं. इसके अलावा आदिवासी लड़कियों के लिए साइकल और खेलों के लिए भी विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जाता है. जवाहर नवोदय की प्रवेश परीक्षा में अब तक 100 आदिवासी लड़कियां सफल हो चुकी हैं. वहीं, सरकारी स्कूलों में लड़कियों की उपस्थिति 45 से बढ़कर 70% हो चुकी है. 50 से अधिक विद्यार्थियों ने अब तक नीट ओर खएए की प्रवेश परीक्षा में सफलता पायी है. इसी कड़ी में अदाणी फॉउंडेशन ने अब तक 50 से अधिक सरकारी स्कूलों और 65 आँगनवाड़ी केंद्रों में जरूरी बदलाव भी लाया गया है. अदाणी फॉउंडेशन देश के विभिन्न हिस्सों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास, कौशल क्षमता विकास और कृषि समेत अन्य क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रही है. सम्मान मिलने के बाद कंपनी ने कहा, ह्लअदाणी फाउंडेशन के सहयोग से शिक्षा को बढ़ावा देने में अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड (नेचुरल रिसोर्सेज) को उत्कृष्ट योगदान के लिए मिले 10वें ग्रीनटेक सीएसआर अवार्ड 2023 से हम सभी सम्मानित महसूस कर रहे हैं. हमारी शिक्षा परियोजनाएं अदाणी विद्या मंदिर के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, सरकारी स्कूलों को बेहतर करने और प्रतिस्पर्धी परीक्षा कोचिंग की व्यवस्था के साथ-साथ शैक्षिक किट वितरित करने पर केंद्रित हैं. छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड और महाराष्ट्र में जिन जगहों पर हमारी परियोजनाएं चल रही हैं, वहां के आदिवासी और पिछड़े इलाकों में परिवहन के साथ छात्रों की सुविधाओं का ख्याल भी रखा जा रहा है, ताकि उनकी शिक्षा में किसी तरह की बाधा न हो. हमारे समर्पित प्रयासों का उद्देश्य, क्षेत्र के आदिवासी विद्यार्थियों के बीच शिक्षा और कैरियर विकास को बढ़ावा देना, उनके लिए बेहतर और उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करना है. न्यायसंगत समाज बनाने के लिए सभी एकजुट होकर यह सुनिश्चित करें कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने के साथ-साथ समुदायों के समावेशी विकास को भी बढ़ावा मिल सके.

### 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

# सरकारी योजनाओं के प्रति ग्रामीण बनें जागरूक : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के आलोक में 24 नवंबर 2023 से 29 दिसंबर 2023 तक मनाये जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार चितरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह पंचायत में आयोजित शिविर का उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने निरीक्षण किया। शिविर के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी लोगों से उनके पंचायत में आयोजित हुई शिविर के दौरान सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि आप सभी के लिए यह एक बहुत अच्छा अवसर है कि एक ही जगह पर आपको सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी व लाभ मिल सकता है। मौके पर उपायुक्त ने सभी से विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने की बात कही। वहीं, उपायुक्त ने सभी से कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जो भी शिविर आयोजित हो रहे हैं उन सभी में प्राप्त आवेदनों को यथा संभव शिविर के दौरान ही निष्पादित करने का प्रयास किया जा रहा है वहीं जिन आवेदनों को तत्काल रूप से निष्पादित करना संभव नहीं है उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है एवं जल्द से जल्द आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित कराया जा रहा है। शिविर के दौरान उपस्थित सभी लोगों से उपायुक्त ने स्वयं एवं अपने आसपास के क्षेत्र में रह रहे अन्य लोगों को भी सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करने के अपील की। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर उपायुक्त ने स्टाल के माध्यम से आम जनों को दी जा रही जानकारी व लाभ का जायजा लिया। उपायुक्त ने स्टॉलों पर प्रतिनियुक्ति अधिकारियों व कर्मियों को किसी भी योग्य लाभुक का सरकार की योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले प्रत्येक शिविर के लिए वरीय अधिकारियों को नामित किया गया है। वरीय अधिकारियों द्वारा उनके उनके क्षेत्र में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर लोगों को मिल रहे लाभ का जायजा लिया गया वहीं उनके द्वारा सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को शिविर के दौरान लाभान्वित किया गया।

## आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगाया गया



**हजारीबाग।** झारखंड सरकार के दिशानिर्देश में राज्यभर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। वार्ड संख्या 5,6,7 तथा 8 के लिए वार्ड विकास केंद्र ,दीपुगरहा में शिविर लगाया गया । इस कार्यक्रम में शहरी निवासियों के लिए सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंदों को रूबरू कराते हुए उन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ आमजनों को दिया जा रहा है ताकि कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न हो नगर आयुक्त सह प्रशासक शैलेन्द्र लाल ने लाभुकों के बीच कंबल, धोती सारी का वितरण किया।इस शिविर में नगर निगम से तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाया गया। शिविर में होल्डिंग टैक्स से 9, ट्रेड लाइसेंस से 5 ,राशन कार्ड से 3, आधार कार्ड से 5 ,किशोरी समृद्धि योजना से 5,पी एम एम वी आई से 6,कन्यादान योजना से 1भूअभिलेख से संबंधित 3, सर्वजन पेंशन योजना से 3आवेदन प्राप्त हुआ। जरूरत मंदो के बीच 120 कंबल तथा 10 धोती साड़ी वितरण किया गया एवं 45 लोगो ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।अगला शिविर हेमिल्टन स्कूल, ग्वालटोली चौक में दिनांक 29-11-2023 को वार्ड 13,15 तथा 16 के लिए लगाया जाएगा।

## हजारीबाग में तरंग ग्रुप ने चलाया जागरूकता अभियान



**हजारीबाग।** झारखंड सरकार के सफलता पूर्वक चार वर्ष पूरा करने के उपलक्ष्य में 'आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार' अभियान की शुरूआत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सौजन्य किया गया। जिसमें स्थानीय संस्था तरंग ग्रुप के कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि आम जनों की भागीदार इस अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में हो सके एवम आम जनता इन योजनाओं का लाभ ले सके। प्रथम चरण के इस जागरूकता अभियान के तहत इचाक मोड़ एवं आलेंजा खुर्द ग्रामीण क्षेत्र में किया गया । इसके पूर्व पदमा प्रखंड अंतर्गत पिंडरकौन शुक्र बाजार एवं सरैया बाजार में भी झारखंड सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नुक्कड़ नाटक के माध्यम प्रदान कर आम जनों को जागरूक करने का कार्य किया गया। दिनांक 24 नवंबर से 26 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार की फ्लैग्शीप / कल्याणकारी योजना यथा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, प्री एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति योजना, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, हरा राशन कार्ड, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, केसीसी, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री सारथी योजना, गुरुजी स्ट्रेंड क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, अबुवा आवास योजना, पारदेशीय छात्रवृति योजना, सीएम उत्कृष्ट विद्यालय के साथ पंचायतों में लगने वाले शिविरों की जानकारी सहित भागदारी सुनिश्चित करने के निमित प्रेरित करना है। संस्था के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि इसके पूर्व भी संस्था द्वारा कोरोना के दौरान निःशुल्क मास्क का वितरण के साथ शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर कोरोना से बचाव, स्वच्छता, नशा मुक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जा चुका है। संस्था ने जिला प्रशासन एवं सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव को इस अभियान से कलाकारों को मौका देने के लिए विशेष धन्यवाद दिया है। इस अभियान में प्रमुख सदस्य सह कलाकार रोहित हजारा, इंद्रजीत भारती, अमित कुमार, सचिन, विक्रम, नंदनी, शिवानी प्रिया, जितू कुमार आदि संयुक्त रूप से शामिल थे।

### एक नजर

#### नहीं रहे प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित मदन गोपाल पाठक



रामगढ़। पतरातू निवासी प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित मदन गोपाल पाठक के निधन पर क्षेत्र के कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। वे क्षेत्र के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य थे। जिनके पास अपनी समस्याओं के समाधान के बड़ी संख्या में लोग पहुंचते थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। जिनमें उनके पुत्र प्रमोद पाठक, शशिकांत पाठक, विकास पाठक, धीरज पाठक, सुपुत्री ममता देवी शामिल हैं। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को रसदा स्थित कोफर डैम नदी तट पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

#### रामगढ़: हिंदू संगठनों की बैठक आयोजित

**रामगढ़।** पिछले दिनों चितरपुर में स्कूली छात्राओं के सतग छेड़खानी एवं मारपीट करने के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर तमाम हिंदू संगठनों के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मंगलवार की शाम शहर के किला मंदिर में बैठक आयोजत किया। बैठक की अध्यक्षता हिंदू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने एवं संचालन श्रीराम सेना के जिलाध्यक्ष विशाल जायसवाल ने किया। बैठक में दीपक मिश्रा ने कहा की हमारी बहनें आज स्कूल जाने से डर रही है। क्योंकि समुदाय विशेष के कुछ युवक उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं । कहा की वो दिन दहाड़े स्कूल जाती लड़कियों को छेड़ते है जो हम हिंदू संगठन के कार्यकर्ता होने नहीं देंगे। बैठक ने मुख्य रूप से सचिन चन्द्रवंसी, आकाश सिंह, मणिशंकर ठाकुर, विनोद कुमार, रंजन कुमार, नीरज गोयल, केपी सिंह, परशुराम सिंह, शिवकुमार, संतोष कुमार साहू, धीरेंद्र साहू, मनोज कुमार, मनोज सिंह, विशाल शर्मा, वरुण तिवारी उपस्थित थे ।

#### 'तिलानाथ कुशवाहा का निधन भाजपा के लिए एक बड़ी क्षति'

**हजारीबाग।** भाजपा नेता व हम सबो के तिला चाचा तिलानाथ कुशवाहा जी के निधन से मन अत्यंत ब्यथित है। उक्त बातें सदर बिधायक मनीष जायसवाल ने शोक प्रगट करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि हसमुख व्यक्तित्व के धनी स्व कुशवाहा के निरंतर प्रयास से बड़कागाँव में कई विकास कार्य हुए हैं। कहा कि उनकी पहचान एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में ही नही बल्कि राजनीतिक कार्यकर्ता के तौर पर ज्यादा रहा है। स्व कुशवाहा निरन्तर अपने व्यवसाय के साथ ही साथ पार्टी के कार्यो में भी बढ़ चढ़कर भाग लिया करते थे जिससे कुशवाहा तथा कोइरी महतो समाज के बीच उनकी अलग पकड़ थी।

# रामगढ़ : अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

### मांडू क्षेत्र में शोक की लहर







**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मांडू थाना क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की सुबह लगभग 10:00 बजे एक ही स्थान पर आधे घंटे के भीतर दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद दोनों कार पर सवार लोग कार छोड़कर भाग गये। दुर्घटना की जानकारी के बाद मांडू पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों सहित क्षतिग्रस्त तीनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह लगभग 10:00 बजे जोड़ाकरम मांडू निवासी दीनू हंसदा पिता स्वर्गीय कैला मांझी एवं नंदलाल मांझी पिता बबलू मांझी पैशन प्रो मोटरसाइकिल संख्या जेएच 02 जे 2678 पर सवार होकर रिलायंस पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने गए थे। मोटरसाइकिल में पेट्रोल लेकर वापस लौटने के क्रम में तेज रफ्तार से हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जा रहा स्विफ्ट डिजायर कार संख्या जेएच 09 ए वी 8229 ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार दीनू मांझी व नंदलाल मांझी को कार ने बुरी तरह से कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। खबर पाकर मांडू पुलिस दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए 407 वाहन पर लदवाकर थाने ले आई। घटना को लेकर सड़क पर भीड़ जमा थी। इसी दौरान हजारीबाग की ओर से तेज गति से आ रहे एक बलेनो कार संख्या बीआर 01ई एक्स 1973 ने मांडूडीह निवासी गिरधारी साव (55वर्ष ) पिता जोधी साव को धक्का मार दिया। जिससे गिरधारी साव की मौके पर हीं मौत हो गई। घटना के बाद कर चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। लोगों ने इसकी सूचना मांडू पुलिस को दी। मांडू पुलिस गश्ती दल ने हेसागढ़ा पुल के पास बैरियर लगा दिया। इधर बैरियर लगा देखकर चालक कार को सड़क के किनारे खड़ा कर भाग गया। गश्ती पुलिस उक्त कार को कब्जे में लेकर थाना परिसर ले आई। वहीं, गिरधारी साव को मांडू स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आधे घंटे के भीतर एक हीं स्थान पर दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की हुई मौत की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

## आदिम जनजाति समुदाय के परिवारों के बीच पहुंचे अधिकारी एवं निर्वाचन कर्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार 28 नवंबर को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले के आदिम जनजाति समूह के मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जिले में प्रमुख रूप से निवास कर रहे आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय की बस्तियों में निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों एवं बूथ स्तरीय कर्मियों ने विशेष शिविर लगाकर मतदाता पंजीकरण अभियान चलाया। रांची से हजारीबाग पहुंचे उपनिवार्चन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार ने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मा देव प्रिया के साथ हजारीबाग, बरकट्ठा तथा बरही विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत क्रमशः एक-एक आदिम जनजाति बस्ती का दौरा कर वहां लगे विशेष शिविरों का निरीक्षण किया।अधिकारियों ने हजारीबाग सदर के बूथ संख्या 450 के अनुभाग हुपाद में रह रहे 27 बिरहोर परिवारों के बीच जाकर मतदाता पंजीकरण संबंधी जानकारी ली। यहां पर 53 मतदाता पहले से पंजीकृत थे, सिर्फ दो लोगों का नाम छूटा हुआ था, जिनका मौके पर ही ऑनलाइन फॉर्म 6 भरवा दिया गया। इस दौरान बीडीओ, मोरंगी पंचायत की मुखिया, पंचायत सेवक, सुपरवाइजर, बीएलओ आदि भी मौजूद थे। इसी तरह बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 378 सिजुआ में लगे शिविर का भी निरीक्षण किया गया, जहां पांच छूटे हुए मतदाताओं सुनील बिरहोर, छोटा बुधन बिरहोर, मीना बिरहोर, राजेश बिरहोर तथा बंडा बिरहोर का पंजीकरण फार्म भरवा दिया गया।

## 30 को पंचायत समिति सदस्यों का प्रशिक्षण

**बरकट्ठा।** ओबीसी मोर्चा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह बरकट्ठा विधानसभा कार्यक्रम प्रभारी रामचन्द्र चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बरकट्ठा विधानसभा से चलकुसा, बेडोकला, बरकट्ठा, ईचाक पूर्वी और ईचाक पश्चिमी से पंसस समेत अन्य जनप्रतिनिधि प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम में भाग लेंगे। जिसमें राष्ट्र के नवनिर्माण में पंचायत जनप्रतिनिधियों की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए भाजपा द्वारा पदमा के बीएड कॉलेज में 30 नवम्बर को सुबह 09:00 बजे से प्रशिक्षण प्रारंभ होगा। बताया कि झारखंड प्रदेश और हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव के दिशानिर्देशानुसार हजारीबाग जिला के सभी पंचायत समिति सदस्यों, प्रमुख और उपप्रमुख का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 30 नवम्बर 2023 को पदमा में किया जा रहा है।

## लोजपा रामविलास ने मनाया पार्टी का 24वां स्थापना दिवस, काटा केक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** लोजपा रामविलास जिला समिति द्वारा 28 नवम्बर को शहर के कॉलेज गेट के निकट पार्टी जिला कार्यालय में पार्टी का 24वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं लोजपा के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री पदम भूषण से सम्मानित स्वर्गीय रामविलास पासवान, दलित सेना के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष समस्तीपुर के पूर्व सांसद स्वर्गीय रामचंद्र पासवान के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने पार्टी की स्थापना दिवस पर पार्टी के प्रदेश इकाई के पदाधिकारी व जिला एवं प्रखंड के कार्यकताओं के साथ केक काटा और मिठाई बांटकर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा की पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय रामविलास पासवान ने लंबे समय तक देश की जनता की सेवा की। मौके पर प्रदेश सचिव अर्जुन पासवान, जिला प्रधानसचिव आशीष गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मनोज पासवान, जिला महासचिव निर्मल महतो, जिला सचिव अजित प्रसाद,दुलमी प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा महतो, सचिव लाला करमाली, पप्पू राम, संजू विश्कर्मा, राजकिशोर पासवान, राहुल मुंडा, आशाराम करमाली, विक्की मुंडा, आनंद कुमार, सागर कुमार, अंकित कुमार, गौरव सोनी, रिशु सोनी, बंटी पासवान, गौतम पासवान, सुनील कुमार, राजू कुमार, सतीश कुमार, विश्वनाथ मुंडा सहित पार्टी के कई लोग उपस्थित थे।

### गायत्री टेंट हाउस में लगी भीषण आग

## 6 साल की बच्ची की मौत, 4 झुलसे, अस्पताल में भर्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के मालवीय मार्ग स्थित गायत्री टेंट हाउस में आग लगने से एक बच्ची की मौत हो गई जबकि चार लोग झुलस गए, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में लाखों का सामान राख हो गया। आग लगने की वजह का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि हजारीबाग के मालवीय मार्ग स्थित गायत्री टेंट हाउस में सोमवार रात भीषण आग लग गई। आग पहले टेंट हाउस के ग्राउंड फ्लोर पर लगी। इसके बाद धीरे-धीरे ऊपरी तल पर भी पहुंच गई। तीसरे तल पर करीब दस लोग घरों में फंस गये। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और रेस्क्यू कर पांच लोगों को बाहर निकला, जिन्हें तुरंत प्राथमिक इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। इस दौरान बच्ची की मौत हो गई और चार लोगों को स्थिति गंभीर बनी हुई है। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने बताया कि आग बाजार क्षेत्र में एक निजी आवास में लगी और यह तेजी से आसपास की इमारतों में फैल गयी। हालांकि, पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। एसपी ने बताया कि आग की चपेट में आने से अन्नु नाम की छह साल की बच्ची की मौत हो गयी और चार लोग गंभीर रूप से झुलस गये। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है तथा उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि आग लगने की वजह की जांच की जा रही है।

## बरही में बैंक ऑफ इंडिया के लोक अदालत में 21 ऋणधारकों का हुआ समझौता

**बरही ।** बैंक ऑफ इंडिया की ओर से अनुमंडल में अनुमंडल कार्यालय प्रांगण में लोक अदालत का आयोजन किया गया. शिविर में 50 से भी अधिक आवेदन आए. जिसमे मात्र 21 लोगो का समझौता किया गया. जानकारी देते हुए एलडीएम राकेश आजाद ने बताया कि 21 ऋणधारको पर कुल 25 लाख के ऋण की राशि थी जिसे मात्र 8 लाख 87 हजार रुपए में समझौता किया गया. मौके पर 89 हजार पांच सौ रुपए की रिकवरी की गई. शिविर में मुख्य रूप से अधिवक्ता दीपक कुमार सिन्हा, कुमार रंजन, करियातपुर शाखा के प्रबंधक सूरज एक्का, बरही शाखा के लोन अधिकारी शेफाली आदि मौजूद थे.

## बीआरसी में सोशल ऑडिट का आयोजन

**बरही ।** प्रखंड संसाधन केंद्र में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य रूप से प्रमुख मनोज रजक, जिला समन्वयक रविन्द्र कुमार सिंह, राकेश कुमार, जन जागरण केंद्र के चितरंजन महतो, दीपक कुमार सहित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामशरण दांगी आदि मौजूद थे. कार्यक्रम की सूचना देर से मिलने के कारण प्रमुख ने नाराजगी जताई. इस कार्यक्रम में कुल 25 विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षन किया गया. जिसके तहत समग्र शिक्षा अभियान, कोरोना काल अवधि, मध्यान्ह भोजन, ग्रीष्म काल प्रति भत्ता कोष आदि विभिन्न बिंदुओं पर गहनता पूर्वक जानकारी ली गई. मौके पर प्रमुख ने उपस्थित अधिकारियों को विद्यालय के लिए खरीदे जाने वाले सामग्रियों को बीआरसी से नही खरीदकर विद्यालय क्रय समिति के माध्यम से ही खरीदने की बात कही.

## 'केंद्र एवं राज्य सरकार लागू करें आरक्षण'

**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने बिहार सरकार के आरक्षण नीति एवं शराबबंदी विधेयक के प्रति संतोष जाहिर किया। डॉ मेहता ने अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा की बिहार में सरकारी सेवाओं और शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में आरक्षण की सीमा 75% बढ़ाने संबंधी विधेयकों पर राजपाल की सहमति मिलना प्रेरणादायक ऐतिहासिक कदम है। बिहार में जाति जनगणना से जाहिर हुआ कि बिहार में 63.8 परसेंट पिछड़े हैं अभी झारखंड में जाति जनगणना होता है तो चौंकाने वाला बिहार से ज्यादा झारखंड में 70% पिछड़ों की आबादी हो सकता है। यह विधेयक संपूर्ण देश को रास्ता दिखाएगा। अब भारत सरकार सहित देश के सभी राज्य सरकार जाति आधारित जनगणना करने की घोषणा करें तभी बिहार के तर्ज पर अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ी अति पिछड़े के साथ गरीब स्वर्ण जाति के लोगों को न्याय मिल सके। शराबबंदी बिहार के मुख्यमंत्री का अति प्रसंसनीय कार्य है झारखंड सरकार समान करता हूं की हिम्मत दिखाकर जातियां जनगणना आरक्षण, शराबबंदी कानून विधेयक पारित करें।

### मानवता | कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कंबल का वितरण, बोले चंद्र प्रकाश जैन

# यह मानव सेवा का कार्य निरंतर चलता रहेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग ।** शहर के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा लगातार सेवा का कार्य किया जा रहा है इसी क्रम में जब सारा जहां ठंड से अपने घरों में कैद हो जाते हैं, ऐसी परिस्थिति में असहायों को होती है काफी परेशानी, पूरी रात एक चादर में बिता देते हैं वो लोग उनके दर्द को समझने के लिए कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर नरसिंह स्थान मंदिर में असहाय, बिरहोर, गरीब लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया वहीं शहर के कई अन्य इलाकों में भी कंबल का वितरण किया गया, कार्तिक पूर्णिमा के दिन हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा 101 कंबल का वितरण किया गया। यूथ विंग के द्वारा पहली पाली में 500 कंबल मांगे गए थे जिसमें करीब 251 से भी अधिक कंबल का वितरण कर दिया गया है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि मानव सेवा करना परमधर्म है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 101 लोगों को कंबल का वितरण किया गया है, यह सेवा निरंतर रूप से चलते रहेगी। साथ ही कहा लोगों की सेवा करने से काफी खुशी मिलती है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, जयप्रकाश खंडेलवाल, विकास तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।



## पतिअम्बा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# 'सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं'

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के पतिअम्बा पंचायत में मंगलवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग उपस्थित थी। वहीं मंच पर मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख जुसाफ लुगुन, जिला परिषद सदस्य शांता रोजालिया कंडुलना, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो, उप प्रमुख शशि सत्यभामा बडिंग, सीओ मधुश्री मिश्रा, पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा, निर्वाचन पदाधिकारी लक्ष्मी नारायण प्रसाद, कृषि पदाधिकारी बृज बिहारी प्रसाद, बीपीओ संजीता कुमारी, एसआई बिरेंद्र शर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मनरेगा, आबुआ आवास, 15वें वित्त, मत्स्य विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, जेएसएलपीएस, लीड्स, श्रम विभाग, कुटीर उद्योग, विद्युत विभाग, पेंशन, समाज कल्याण विभाग, आधार कार्ड, प्रज्ञा केंद्र, अंचल सहित कई अन्य विभागों का स्टॉल लगाया गया था। जिसमे ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं के समाधान और नए योजनाओं का लाभ के लिए संबंधित विभागों के स्टॉल में आवेदन दिया। कुछ मामलों का कार्यक्रम स्थल पर ही निदान किया गया। जबकि कुछ आवेदनों को जांच के बाद निष्पादित किए जाने की बात कही गई। ग्रामीणों ने दाखिल खारिज, अबुआ आवास, पेंशन, जाति,



आवासीय, जॉब कार्ड आदि के संबंधित आवेदन दिया। इनमें से सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास के लिए भरे गए। परंतु कार्यक्रम में पेयजल विभाग का स्टॉल नहीं होने के कारण पेयजल संबंधित शिकायतों को लेकर आए ग्रामीणों की शिकायतों को सुनने वाला कोई नहीं था। शिविर में जॉब कार्ड, कम्बल, जेएसएलपीएस के तहत महिलाओं को आईडी कार्ड, फूलो झानों योजना के तहत महिलाओं को चेक, धोती साड़ी, कंबल, प्रमाण पत्र आदि का वितरण किया गया। मौके पर सीओ ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाना है। उन्होने विशेषकर आवास विहिनों के लिए शुरू की गई अबुआ आवास योजना को लेकर बताया कि राज्य सरकार वैसे सभी व्यक्ति जिनके पास पक्का मकान नहीं है उनके लिए यह योजना लेकर आई है। उसी प्रकार 10वीं और 12 वीं उत्तीर्ण छात्र जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिए अपना आवेदन पंचायत स्तरीय शिविरों में जमा कर सकते हैं। रोज प्रतिमा सोरेंग ने कहा कि स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना, छात्राओं के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हड़िया दारू बेचने के कार्य को छोड़कर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए फुलो झानो आशीर्वाद योजना जैसी कई महत्वपूर्ण योजनायें हैं जिनका लाभ लेने के लिए ग्रामीण शिविर में आवेदन करें। इससे पूर्व जेएसएलपीएस की दीदियों ने अतिथियों का गीत गाकर और माला पहनाकर स्वागत किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत की मुखिया बिमला देवी, रोजगार सेवक सरोजनी बिलुंग, पंचायत सचिव इनोसेंट बा, जेएसएलपीएस के बीपीएम मुकुल खाखा, लीड्स के आलोक कुमार, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### आग में जले व्यक्ति की मौत, एक्का की पहल पर हुआ पोस्टमार्टम

**सिमडेगा।** सिमडेगा के बांसजोर ओपी क्षेत्र अंतर्गत तरगा पंचायत के कछुपानी गांव में बीते 15 नवंबर को नशे में धुत अल्बर्ट डुंगडुंग नामक व्यक्ति ने केरोसिन डालकर खुद को आग के हवाले कर लिया था जो की गंभीर रूप से जल गया था, गंभीर अवस्था में परिवार वाले से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया था जहां पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स रेफर किया था, लेकिन परिवार में उसकी पत्नी अकेली होने की वजह से उसे सिमडेगा सदर अस्पताल में ही इलाज कराया गया इधर इलाज के क्रम में मंगलवार को उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने पर झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का सदर अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बढ़ाया, उन्होंने सदर अस्पताल के डॉक्टर से बात करते हुए तत्काल पोस्टमार्टम करने के को कहां जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम हुआ।

## एक नजर

### सीएम के आगमन के लिए डीसी ने की बैठक

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित कोडरमा आगमन को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में तैयारी के बाबत जानकारी ली. मौके पर डीसी ने कहा कि व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक न हो. सभी विभाग अपनी परिसंपत्तियों का वितरण मुख्यमंत्री से कराएं. मेघा भारद्वाज ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने विभाग से संबंधित योजना, जैसे मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन, सर्वजन पेंशन, हरा राशन कार्ड, बिरसा हरित ग्राम जैसे अन्य योजनाएं से आच्छादित कराएं।

### लोगों की समस्याओं से अवगत हुई डीसी

कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया. जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने जनता दरबार में अपनी समस्याओं को उपायुक्त के सामने रखा. मेघा भारद्वाज ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी और सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया. जनता दरबार में ज्यादातर मामले जमीन विवाद, राशन वितरण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा में प्रतिनियुक्ति करवाने, छात्रवृत्ति समेत कई मामलों में आवेदन आये. उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन अग्रसरित करते हुए जल्द निपटारा का आश्वासन दिया.

### बोल्डर लदा एक हाइवा जब्त

**कोडरमा।** नवलशाही थाना प्रभारी सोनी प्रताप ने कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित थाना भवन के समीप अभियान चलाकर बिना चालान के बोल्डर ले जा रहे एक हाइवा को जब्त किया है. मिली जानकारी के अनुसार बरियारडीह की ओर से एक बोल्डर लदा हाइवा आ रहा था. जिसे रुकवाकर परिवहन चालान की मांग की गयी. चालक द्वारा बोल्डर से संबंधित किसी प्रकार का कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर हाइवा को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए नवलशाही थाना परिसर में सुरक्षित रखा है.

## बानो में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो ।** प्रखंड के पंचायत साहुबेड़ा में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, मनरेगा योजना, पशुपालन विभाग, खाद्य आपूर्ति,कल्याण विभाग,फसल राहत जेएसपीएल विभाग, भू-राजस्व विभाग, के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को नाच गाने के साथ मंच तक लाया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा आज आप के द्वार सरकार आई है। आप अपने जरूरत के कार्य कर सकते है।प्रखण्ड कार्यालय जाकर काम करना था वह इसी जगह हो जाएगा।मौके पर विभिन्न मांग ,समस्या ,कार्यो के आवेदन पत्र जमा किया गया। जिसमें अबुआ आवास के 600 आवेदन प्राप्त किया गया। नरेगा योजना से 100, एवं अन्य विभाग से सैकड़ों आवेदन पत्र जमा हुए। कार्यक्रम में जिला परिषद बिराजो कन्डुलना, प्रमुख सुधीर डांग , प्रखंड विकास पदाधिकारी नाईम्मुदीन अंसारी, सीआई अशोक बड़ाईक,बीपीओ चारु प्रसाद, सहायक अभियंता नितेश कुमार, महावीर सिंह, असुतोश कुमार, साहु बेड़ा पंचायत के मुखिया सुसाना जाड़िया व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार आज पहुचेंगे सीएम तैयारी हुई पूरी

**कोलेबिरा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत करने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज कोलेबिरा आएगे। झारखंड सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर सरकार के द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम कोलेबिरा स्टेडियम में होना तय हुआ है जिसकी तैयारी युद्ध अस्तर पर पूरी कर ली गयी है। मुख्यातिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित होंगें।कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा भी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कोलेबिरा स्टेडियम में रांची के आये कारीगरों के द्वारा स्टेज और पंडाल का निर्माण किया गया है। वहीं जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा के मैदान में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हेलीपेड बनाया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हेलीकॉप्टर से जवाहर नवोदय विद्यालय के मैदान में उतरेंगे जिसके बाद सड़क मार्ग से कोलेबिरा स्टेडियम पहुचेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रखंड अंतर्गत ग्रमीणों में उत्साह दिखाई दे रहा है। वहीं विगत कई वर्षों से कोलेबिरा को अनुमंडल बनाने के मुहिम में जुटे ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष लिखित मांग रखी जाएगी।

## मजदूर संघ इकाई की बैठक प्रभारी बने अजय एक्का



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मजदूर नेता राजेश सिंह के आवास में मंगलवार को मजदूर संघ का बैठक किया गया बैठक की अध्यक्षता मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपक लकड़ा ने किया ।बैठक में सर्व समिति से झारखंड मजदूर यूनियन के प्रभारी जिला परिषद ठेठाईटांगर पश्चिम के अजय एक्का को बनाया गया ।मौके पर अजय एक्का को फूल माला पहनकर एवं बुके देकर अमित डुंगडुंग ने स्वागत किया। बैठक में मजदूर नेता राजेश सिंह ने कहा कि अजय एक्का के आने से संगठन में और मजबूती आएगी आगामी 10 दिसम्बर को बुद्धाधार शंख नदी में मजदूर यूनियन का एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा एवं 16 दिसम्बर को सिमडेगा जिला के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष दीपक लकड़ा ने बताया कि सिमडेगा जिला के 10 प्रखंड के मजदूर हजारों की संख्या में भाग लेंगे।उन्होंने जिला प्रशासन से कार्यक्रम पर सहयोग की अपील की। मजदूर नेता राजेश सिंह ने कहा की पुरानी कमेटी को भंग करते हुए जिला अध्यक्ष दीपक लकड़ा को निर्देश दिया कि एक महीना के अंदर जिला के सभी 10 प्रखंडों का कमेटी का गठन करें एवं ठंड को देखते हुए असहाय गरीब मजदूर के बीच कम्बल एवं जगह-जगह पर अलाव की व्यवस्था की जाएगी।

### सिमडेगा : पत्नी से विवाद में पति ने कीटनाशक पीकर किया आत्महत्या का प्रयास

**सिमडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाड़ीबृंगा गांव में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में गुस्से में आकर पति ने घर में रखे कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। इधर गंभीर अवस्था में उसकी इलाज सदर अस्पताल सिमडेगा में चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुप्रियन लुगुन नामक 22 वर्षीय युवक ने अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई और गुस्से में आकर कीटनाशक का सेवन कर लिया। बाद में जब उल्टी और मुंह से झाग निकलने लगा तब पत्नी द्वारा उसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी उपचार चल रही है।

### पेड़ से गिरकर व्यक्ति का टूटा पैर, भर्ती

**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र के किनकेल में मंगलवार को पेड़ से गिरने से 40 वर्षीय संजय कुल्लू नामक व्यक्ति का पैर टूट गया इधर परिवार वालों ने उसे एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए उसकी बेटी ने बताया कि वह पेड़ पर चढ़कर डाली काट रहे थे इसी दौरान पैर फिसलने की वजह से वह जमीन पर आ गिरे और उसका पैर टूट गया ।इसके अलावा शरीर के कई हिस्सों में अंदरूनी छोटे लगी। इधर अस्पताल में डॉक्टर की निगरानी में इलाज जारी है।

### छात्र-छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना




**बानो।** प्रखण्ड के जनता हाई स्कूल जितुटोली के छात्र छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण के लिये पूरी रवाना हुए। मिली जानकारी के अनुसार जनता हाई स्कूल जितुटोली के 30 छात्र 45 छात्राओं तथा 10 सदस्यीय शिक्षक स्टाफ का एक आज पूरी के लिये हटिया -पूरी तपस्वनी एक्सप्रेस में पूरी रवाना हुए। फादर फ्रांसिस जेवियर ने भृमण दल के सदस्यों को शुभ यात्रा का शुभ कामना दिया । शिक्षक बिश्राम बाखला ने बताया कि जगरनाथ मंदिर सहित ऐतिहासिक कोणार्क मंदिर ,चन्द्रभागा,धौलागिरी, म्यूजियम, आदि स्थानो का भ्रमण किया जाएगा।

### राणा क्लब और जीएन क्लब ने मैच जीता

**सिमडेगा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित ए डीवीजन लीग प्रतियोगिता में मंगलवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच राणा क्रिकेट क्लब बनाम कोलेबिरा क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राणा क्लब की पुरी टीम 18 ओवर में 87 रन ही बना पाई। टीम की ओर से अनिल कुमार ओहदार ने सर्वाधिक 24 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी में जतीन ने पांच विकेट हासिल किया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी कोलेबिरा क्लब की टीम 60 रन में ही ढ़ेर हो गई। राणा क्लब के मो कैफ ने शानदार गेदबाजी करते हुए पांच विकेट हासिल करते हुए अपनी टीम को 17 रनों से जीत दिलाई। वहीं दुसरे मैच में जीएन क्लब ने डायमंड क्ल्ब को पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डायमंड क्लब 74 रन ही बना पाई। गेंदबाजी में तेजश और दिपांशु ने तीन तीन विकेट हासिल किया।

## कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर रामरेखा धाम में भाजपाइयों ने किया श्रमदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पाकरटांड प्रखंड के अन्तर्गत लगने वाला कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य रामरेखा धाम में भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने तीन दिवसीय रामरेखा धाम में तीन दिनों तक धाम में प्रवास किया एवं धाम में रहते हुए सेवा कार्य में समिति का सहयोग एवं सेवा किया। ज्ञात हो कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम रेखा धाम में तीन दिन तक चलने वाले इस धार्मिक मेले में उड़ीसा , छत्तीसगढ़, बिहार झारखंड, और अन्य प्रदेशों से लाखों की संख्या में दर्शनार्थी रामरेखा धाम पहुंचते हैं और आस्था का प्रतीक इस मेला में पुर्णिमा के दिन गंगा जी में स्नान एवं राम जी का दर्शन कर पुन्य का भागीदारी बनते हैं।प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से रामरेखा विकास समिति एवं



स्थानीय प्रशासन द्वारा जगह जगह धाम समिति के कार्यकताओं द्वारा सेवा दी जाती है और व्यवस्था बनाई जाती है। इसी क्रम में धाम में रामरेखा प्रचार प्रसार विभाग प्रमुख दीपनारायण दास के के नेतृत्व में श्री बेसरा द्वारा लगातार सात वर्षों से धाम समिति में मेला वक्त सेवा कार्य करते आ रहे हैं । रामरेखा धाम प्रचार प्रसार इस समिति में सुदर्शन सिंह, मंच संचालन राकेश सिंह, विकास साहु पत्रकार,सोनी वर्मा एवं सेवा रामकिशुन केसरी, उप सचिव रामरेखा धाम रन्धीर प्रसाद , ओमकार केसरी, श्रवण गोस्वामी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, कैलास दास , बजरंग दल जिला संयोजक आनंद जयसवाल इत्यादि सेवकों के द्वारा रात दिन सेवा सहयोग प्रदान किया गया।

### झापा के बयान पर झामुमो ने किया पलटवार

**सिमडेगा।** झारखंड पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष झामुमो के बारे दिए बयान पर झामुमो सोशल मीडिया प्रभारी सुमराय बा ने पलटवार किया है उन्होंने निशाना साधते हुए कहा की झापा द्वारा कहा गया हेमंत सरकार जनता को बेवकूफ बनाने का काम करती है जबकि जनता को बेवकूफ बनाने का काम खुद झापा के नेता ही कर रहे हैं।उन्हें पता होना चाहिए कि सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से हेमंत सरकार का ₹आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार₹ महत्वकांक्षी कार्यक्रम का यह तीसरा चरण है जो पंचायत स्तर पर भी आयोजित हो रही है। इसी कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में भी ऐसी योजना चलाई जा रही है।झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ऐसी तुच्छ बयानबाजी करने वाले नेताओं को जबाब नहीं देना चाहती है फिर भी समय की मांग है कि अनर्गल बयानबाजी का माकूल जवाब दिया जाए।

### सिमडेगा के कलाकारों ने दूरदर्शन चैनल पर रांची में लोकगीत की दी प्रस्तुति




**सिमडेगा।** जिला कलाकारों ने अपने कला संस्कृति को बचाने के उद्देश्य से रांची में दूरदर्शन चैनल पर अपने झारखण्ड के संस्कृति अपनी धरोहर लोकगीत की मंगलवार को प्रस्तुति दी। जिसमे सिमडेगा के सत्या महतो एवं शखि यादव शामिल थे। उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से भारत का अमृत कलश प्रोग्राम में पारंपरिक लोक संगीत का परफॉर्मेंस दिया।वही सत्या महतो ने बताया कि बहुत जल्द भारत के पहले टीवी चैनल दूरदर्शन टीवी पर दिखाया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि सिमडेगा जिले के कलाकार लगातार अपनी कला संस्कृति को दूर-दूर तक फैलाने का काम कर रहे हैं।

**जागरूकता**

### कोडरमा में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत लगा शिविर

# लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले में कई जगहों पर शिविरों का आयोजन किया गया. सतगावां प्रखंड के मीरगंज, डोमचांच प्रखंड के ढाब, कोडरमा प्रखंड के जरगा और चंदवारा प्रखंड के खांडी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. मौके पर संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिविर में आने वालों लोगों की समस्याओं से अवगत हुए और मौके पर ही कई आवेदनों का निपटारा किया. बीडीओ ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के बारे में बताया और इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया. साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने राज्य सरकार की योजनाओं जैसे- अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की. साथ ही कार्यक्रम में साइकिल वितरण योजना हेतु चेक, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना हेतु स्वीकृति पत्र, बिरसा सिंचाई कूप योजना हेतु स्वीकृति पत्र, छात्र छात्राओं को जाति आवासीय प्रमाणपत्र निर्गत किया गया. साथ




ही लाभुकों के बीच कंबल के साथ-साथ धोती-साड़ी बांटे गये. कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये.

## बोलबा में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के बेहरीनबासा पंचायत अंतर्गत कुन्दुरमुंडा माधोडांड एवं पीडियापोंछ मे हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित करते हुए केंद्र सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया गया। इसके अलावा उनके अनुभव को भी साझा किया गया आयोजन। इस मौके पर ग्रामीणो के लिए जनता दरबार लगाया गया जिसमें ग्रामीणो से आवेदन लिया गया । ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे मे जानकारी उपलब्ध करायी गयी। प्रखंड प्रशासन कि ओर से अंचल अधिकारी बलिराम मांझी ने विधिवत रूप से कार्यक्रम का



उद्घाटन किया। उन्होने कहा कि ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना उज्जवला गैस योजना आयुष्मान भारत योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना सहित केंद्र सरकार की कई योजनाओं का बारे में जानकारी दिया गया । मौके पर ग्रामीणों को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प शपथ दिलाया गया इस मौके पर मुखिया स्नेहलता केरकेट्टा , शांति देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किये ।मौके पर प्रमुख सुनीता केरकेट्टा,सीआई अनिल टूटी, पंचायत राज पदाधिकारी राहुल बडाईक एवम अन्य लोगो के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर

### नक्सली प्रदीप सिंह के परिजनों ने न्यायालय से लगाई न्याय की गुहार

**लातेहार।** भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के सबजोनल कमांडर प्रदीप सिंह के परिजनों ने न्यायालय में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिये गये आवेदन में उपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि उसके पुत्र प्रदीप सिंह को लातेहार पुलिस ने 28 अक्टूबर को करीब 11:00 बजे दिन में उठा लिया गया था। इस मामले को लेकर गांव के कई गणमान्य लोग लातेहार थाना गए थे परंतु थाना प्रभारी ने गाली-गलौज कर के भगा दिया। कहा कि प्रदीप सिंह को यहां नहीं रखा गया है। उपेंद्र सिंह ने कहा कि लातेहार थाना द्वारा पकड़कर लाते समय पूरा गांव प्रत्यक्षदर्शी है। हमलोग कुछ दिनों तक थाने में घर से खाना बनाकर ले जाते थे। आवेदन में यह भी लिखा है कि शंका है कि हमारे पुत्र प्रदीप सिंह के साथ कोई घटना का अंजाम दे दिया गया हो।

### योग प्रशिक्षक ने असहायों को कपड़े बांटे

**चंदवा।** योग प्रशिक्षक कृष्ण कुमार ने मंगलवार को चंदवा प्रखंड के लाधूप पंचायत अन्तर्गत हेसला गांव में अपने निजी खर्च से 45 असहायों के बीच स्वेटर, कम्बल का वितरण किया। कुमार ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। कड़ाके की ठंड में राहत पहुंचाना पुनीत कार्य है। मेरा यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। वहीं इस ठंड में गर्म कपड़े पाकर बच्चे व बुजुर्ग काफी प्रसन्न दिखे। उन्होंने कृष्ण कुमार को इसके लिए धन्यवाद दिया और कहा कि समाज में बहुत कम ऐसे लोग हैं जो समय पर लोगों की मदद किया करते हैं।

### कूपा में किसान गोष्ठी का आयोजन

**खरौंधी(गढ़वा)।** खरौंधी प्रखंड के कुपा पंचायत सचिवालय के सभागार में मंगलवार को मुखिया प्रमोद राम की उपस्थिति में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संतोष कुमार पाल द्वारा रवि एवं खरीब मौसम के फसल में झारखंड सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर किसान मित्र अनुज चौधरी, उपमुखिया सूर्यदेव चौधरी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि केतवारु सिंह, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अरविंद मेहता, विकास पटेल, कैलाश साह, नारायण राम, विजय विश्वकर्मा, रामबहाल राम, कुसमती देवी, धनवंत प्रसाद गुप्ता, सिकेश कुमार पटेल, मुनिप राम, शंकर प्रसाद गुप्ता, विद्याधर चौधरी, धर्मेंद्र यादव, विकास विश्वकर्मा, हरिचरण यादव, अवधेश प्रसाद गुप्ता, तुलसी कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

### आज ट्रेन रद्द रहेगी

रांची। चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत राउरकेला स्टेशन पर विकास कार्यों की वजह से ब्लॉक लिया जाएगा अतः निम्नांकित ट्रेनें रद्द रहेंगी। ट्रेन संख्या 18175 हटिया - झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर ट्रेन यात्रा प्रारंभ बुधवार को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 18176 झारसुगुड़ा - हटिया मेमू पैसेंजर ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 30/11/2023 को रद्द रहेगी।

### अटल वेंडर मार्केट की 70 फीसदी दुकानें खाली

**रांची।** फुटपाथ विक्रेताओं को समायोजित करने के लिए बनाया गया अटल स्मृति वेंडर्स बाजार अनोखी चुनौती से जूझ रहा है। वेंडर मार्केट दुकानदारों को आकर्षित करने के लिए संघर्ष कर रहा है। खाली दुकानों और कार्यालय स्थानों के लिए बार-बार निविदा जारी करने के बावजूद, मार्केट अभी भी आधा खाली है। नगर निगम द्वारा खाली पड़ी दुकानों को भरने के लिए दुकान का भाड़ा कम किया गया पर मार्केट की दुकानें पूरी तरह से नहीं भर सके। दुकान को मार्केट मे लाने के लिए नगर निगम ने दुकान का किराया 40 से घटा कर 20 रुपये प्रति वर्ग फुट कर दिया है। हालांकि, इस कटौती से वांछित परिणाम नहीं मिला, अभी भी लगभग 70 प्रतिशत बाजार खाली पड़ा है। दुकानदार वेंडर मार्केट की परिस्थितियों पर अफसोस जताते हैं। खासकर वैसे दुकानदार जो दूसरी मंजिल पर हैं, जहां दुकानों में ग्राहकों को खरीदारी के लिए आकर्षित करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

## कई अनियमितताएं मिलीं, अनुपस्थित रहे कर्मियों के खिलाफ किया शोकॉज जारी

# बीडीओ ने शैक्षणिक संस्थानों का किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राहुल कुमार शानू व सीओ चोनाराम हेम्ब्रम ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के कई शैक्षणिक संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उक्त संस्थानों में कई अनियमितताएं पायी गयीं। सबसे पहले उन्होंने दक्षिण हरिजन टोला आंगनबाड़ी केंद्र डंडई पहुंचे, जो बंद पाया गया। इसको लेकर सेविका रानी कंचन तथा सहायिका के विरुद्ध शोकॉज जारी किया गया। इसके बाद शिव स्थान आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया, जहां बच्चों की संख्या नगण्य थी। वहीं सेविका, सहायिका ने उपस्थित बच्चों को 11:00 बजे तक किसी प्रकार का पोषाहार नहीं दिया था। इस पर सेविका, सहायिका को बीडीओ ने कड़ी फटकार लगायी और समयानुसार पोषाहार वितरण करने का निर्देश दिया। उसके बाद पश्चिम टोला आंगनबाड़ी केंद्र में जांच के दौरान सहायिका सुनैना देवी अनुपस्थित पायी गयी। वहीं केंद्र में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं पाया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र उत्तरवारा टोला में भी एक भी बच्चा उपस्थित नहीं था। इस पर बीडीओ ने शख्त हिदायत देते हुए केंद्र में सुधार लाने का निर्देश दिया। वहीं केंद्र में अध्यनरत बच्चों के बीच ससमय पोषाहार देने का निर्देश दिया। अंत में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय डंडई की जांच की गयी, जहां बीडीओ ने छात्राओं से पढ़ाई से संबंधित पूछताछ की। छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में विषयवार शिक्षक नहीं रहने के कारण सभी विषयों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। साथ ही छात्राओं ने उनसे शिकायत करते हुए कहा कि किसी भी वर्ग कक्ष में लाइट बत्ती की व्यवस्था नहीं है और मेनू के अनुसार छात्राओं को भोजन भी नहीं दिया जाता है। सोने के लिए सभी छात्राओं के पास चारपाई की भी व्यवस्था नहीं है, जिससे ठंड के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जांच के दौरान कस्तूरबा विद्यालय के वार्डन तनुजा कुमारी छुट्टी पर थी, जिस कारण उन्हें अगले दिन कार्यालय आकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया। इसके बाद नव प्राथमिक विद्यालय ढ़ोरही टोला करके और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय करके के विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया, जहां पर दोनों विद्यालय के शिक्षक गायब मिले तथा प्राथमिक विद्यालय में रसोईया द्वारा गैस के बजाय तिल के मकाठी से खाना बनाया जा रहा था, जिसे देख बीडीओ ने काफी फटकार लगायी। मेनू के अनुसार खाना भी नहीं बना था और दाल में सिर्फ हल्दी और पानी दिखाई पड़ रहा था। इस पर रसोइयों को भी बीडीओ ने फटकार लगायी और भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया।

### शिविर में उपभोक्ताओं ने 1 लाख 70 हजार किये जमा

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को गढ़वा बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल वसूली को लेकर प्रखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं से 170000 रुपये की वसूली की गई। बिजली विभाग के एसडीओ पप्पू कुमार ने बताया कि चिनिया प्रखंड में बिजली बिल जमा को लेकर प्रत्येक महीने की 28 तारीख को प्रखंड स्तरीय शिविर लगाया जाता है, जिससे आम कनेक्शन धारियों के लिए सुविधा होती है। बकायेदार कनेक्शनधारी बिजली का बिल जल्द जमा करें। किसी उपभोक्ता की 5000 रुपये से ऊपर बिजली बिल की राशि बाकी रहने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा। विभाग द्वारा पैसे की भी वसूली की जाएगी। मौके पर बिजली विभाग के एसडीओ पप्पू कुमार, सिकंदर कुमार, कैशियर मुनेश कुमार, तैयब अंसारी, बिजली कर्मी सिंमत चंद्रवंशी तम्जिद मंसूरी, रघुनंदन सिंह, सत्येंद्र यादव उपस्थित थे।

# चंदवा में हाथियों ने धान की फसल की बर्बाद

### शाम ढलते ही गांव में हो जाता है जंगली हाथियों का प्रवेश



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत माल्हन पंचायत के माल्हन, केकराही और मरमर गांव में सोमवार रात जंगली हाथियों ने दर्जनों किसानों के खेत में लगे धान की फसल को बर्बाद कर दिया है। जंगली हाथियों द्वारा पहुंचाये गए नुकसान की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया जतरू कुमार मुंडा भूक्त भोगी किसानों से मिल घटना की जानकारी ली। उन्होंने हाथियों द्वारा पहुंचाए गए नुकसान पर वन विभाग से मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया है। मुखिया जतरु मुंडा ने कहा कि प्रतिदिन शाम ढलते ही गांव में जंगली हाथियों का प्रवेश होता है। विकट परिस्थितियों में बहुत मेहनत के बाद किसान धान की फसल लगा पाए हैं और जब धान काटकर भंडारण करने का समय आया है तो जंगली हाथियों के द्वारा फसल नष्ट एवं बर्बाद कर किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में किसान मदद मांगने आखिर किसके पास जाए। बीते कई वर्षों से हाथी क्षेत्र में उत्पात मचा रहे हैं, लेकिन वन विभाग द्वारा अबतक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वन विभाग अगर जल्द ही इस विषय पर उचित कदम नहीं उठाता है तो मजबूरन किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

# खरौंधी थाना प्रभारी के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान, 6 वाहन जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सोमवार को खरौंधी पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। खरौंधी थाना के समीप खरौंधी थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों दुपहिया तथा चार पहिया वाहनों की जांच की गई। थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया ने बताया कि उच्च पदाधिकारियों के निर्देश पर खरौंधी थाना के समीप लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ताकि क्राइम की संभावना ना रहे। साथ ही थाना प्रभारी ने बताया उच्च पदाधिकारियों के निर्देश पर खरौंधी में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दो पहिया वाहन का कागजात, हेलमेट, डिकी, चार पहिया वाहनों का कागजात, सीट बेल्ट एवं उसके डिकी की जांच की जा रही है। आये दिनों सड़क दुर्घटना में तेजी आइ है, जिसमें ज्यादातर घटनाएं दो पहिया वाहनों से हो रही, जिसमें वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग नहीं करते हैं, जिससे घटना में तेजी आई है।

# दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत

### दुर्घटना में महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल, दोनों गढ़वा सदर अस्पताल रेफर



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भवनाथपुर-खरौंधी मुख्य मार्ग पर जिरहुल्ला मोड़ के समीप मंगलवार की शाम दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में एक युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस दुर्घटना में मृत युवक का नाम खरौंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदनी गांव के चिरैयाटांड टोला निवासी ऋषि कुमार प्रजापति पिता जवाहिर प्रजापति है। वहीं घायलों में मृत युवक की मां कबूतरी देवी तथा रंका थाना क्षेत्र के दुधवल जून निवासी रामचंद्र सिंह (31), पिता रामवतार सिंह शामिल हैं। दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एएसआई मुनेश्वर राम पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजवाया।

ऋषि प्रजापति अपनी मां कबूतरी देवी का इलाज कराने भवनाथपुर आया हुआ था। इलाज कराने के बाद वह अपनी मां को बाइक पर बैठाकर मंगलवार की शाम तीन बजे के करीब अपने घर चंदनी चिरैयाटांड़ लौट रहा था, जबकि रामचंद्र सिंह अपनी बाइक से खरौंधी की ओर से आ रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार दोनों बाइकों की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई।

### तेज रफ्तार ऑटो पलटा छह लोग हुए घायल

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय से आगे कपूर्री गेट के समीप मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार ऑटो के पलटने से उस पर सवार छह लोग घायल हो गए। घायलों में खरौंधी थाना क्षेत्र के बैतरा गांव निवासी कैलाश राम (60), कबूतरी देवी (45), डोमन राम (75), प्रेमचंद राम (46), पुनीता देवी (27) तथा कैलान के बहेरवाखाडी निवासी चमेली देवी पति अयोध्या भुंइया व गीता देवी (25) शामिल हैं। उक्त सभी घायलों को स्थानीय युवक गुड्डू यादव, अनिल राउत, गोल्डेन, त्रिपुरारी, सोनू व अजित कुमार ने घटनास्थल से उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद पुनीता देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार उक्त सभी लोग ऑटो पर सवार होकर खरौंधी थाना के बैतरा गांव से श्रीबंशीधर नगर कोर्ट में जमीन की रजिस्ट्री कराने जा रहे थे। तभी प्रखंड मुख्यालय से आगे कपूर्री गेट के पास एक अन्य ऑटो को ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एएसआई मुनेश्वर राम पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे तथा घायलों से जानकारी लेने के बाद ऑटो को जब्त कर थाना लाया।

# बैठक में स्वास्थ्य सहियाओं को दिए गए कई दिशा निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप में बालूमाथ सीएचसी प्रभारी डॉ अशोक बड़ाइक के निर्देशानुसार स्वास्थ्य सहियाओं के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से परिवार नियोजन पर चर्चा करते हुए बीटीटी हीरामन पांडेय व दिलीप दांगी, शांति देवी ने बताया कि प्रत्येक क्लस्टर से कम से कम 40 महिला व एक पुरुषों को बंध्याकरण करवाना अनिवार्य है।

वहीं स्वास्थ्य सहियाओं के साथ अपने-अपने कार्य क्षेत्र का भी एचएनसी, संस्थागत प्रसव, एएनसी, पीएलए बैठक टीकाकरण सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की गई। चर्चा के दौरान कार्य से संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये। साथ ही बताया कि 30 नवंबर को बालूमाथ सीएचसी केंद्र भवन में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी बीमारियों का निशुल्क इलाज व दवा उपलब्ध किया जाएगा। बालूमाथ, बारियातु व हेरंज प्रखंड की सभी सहियाओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आप अपने कार्यक्षेत्र से कम से कम पांच मरीज को चिन्हित करते हुए स्वास्थ्य मेला में लाकर निशुल्क दवा और इलाज का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। मौके पर बीपीएम मृत्युंजय कुमार, सहिया साथी गौरी देवी, रेखा देवी माया देवी, सईया की किरन्ति देवी, पूनम देवी, हलीमा खातून, सुनीता देवी, पार्वती देवी आदि उपस्थित थे।

### झारखंड पेज /सीएम के क्षेत्र में मलेरिया पर रोक के लिए युद्धस्तर पर प्रयास

**गोड्डा ।** जिले के सुंदरपहाड़ी और बोआरीजोर प्रखण्ड के कुछ गांवों में मलेरिया रोग के प्रसार के रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जिशान कमर, उपायुक्त, गोड्डा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में जिलास्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में सिविल सर्जन, सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डब्लू एच ओ के पदाधिकारी एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। सुंदरपहाड़ी और बोआरीजोर प्रखंडों के मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों एवं उनसे सटे अन्य प्रखंडों के गांवों में मलेरिया के प्रसार पर नियंत्रण तथा रोगग्रस्त लोगों के प्रभावी उपचार की दिशा में बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों से विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सुंदरपहाड़ी प्रखण्ड के बड़ा सिंदरी पंचायत के कुछ गांवों में मास सर्वे में 4,959 लोगों का रैपिड डायग्नोस्टिक किट के माध्यम से मलेरिया जांच की गई।

# श्रीमद् भागवत कथावाचक अचिंत्य चक्र दास जी का रांची आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नॉर्थ लक्ष्मीनगर, रातू रोड, पिस्कामोड़, झारखंड पब्लिक स्कूल के निकट पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत गीता सत्संग समारोह 30.11.2023 से 04.12.2023 तक प्रतिदिन आयोजन किया गया है। मुख्य कथावाचक अचिंत्य चक्र दास जी का मुंबई से रांची आगमन हो गया है।कार्यक्रम आयोजक रामजतन शर्मा एवं पंकज लाल ने बताया प्रतिदिन कथा स्थल पर संध्या 4:30 बजे से 7:30 बजे तक भागवत की महिमा, श्रीकृष्ण भगवान जन्मोत्सव, बाल लीला, गोवर्धन लीला आदि प्रसंग पर कथा वाचक कथा सुनाएंगें। कथावाचन के बाद भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। भागवत कथा का शुभांरभ कलश यात्रा से होगी। आज कथा वाचक जी के रांची आगमन पर हटिया रेलवे स्टेशन एवं भागवत कथा स्थल पर श्रीरामचंद्र प्रभु, अरूणदेव प्रभु, रंजन अग्रवाल, रामरतन शर्मा, ओमप्रकाश वर्णवाल, रामजतन शर्मा, अंशुमन चौधरी पंकज लाल, रामराज्य दास, कृष्ण कुमार प्रभु, गोविंद दास, पप्पू चौधरी, छात्र क्लब ग्रुप के मीडिया प्रभारी बिनोद चौधरी, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा आदि आदि भक्तगणों ने पुष्पगुच्छ एवं भजन कीर्तन के साथ भव्य स्वागत किया।

## समाज के उत्थान हेतु एन एच आर सी सी बी का योगदान सराहनीय

# मानव तस्करी पर कार्य करने की जरुरत : जस्टिस तलवंत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो ( एन एच आर सी सी बी ) के द्वारा 26 नवंबर, 2023 को दिल्ली के ओ पी जिंदल ऑडिटोरियम नई दिल्ली में आयोजित अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार अधिवेशन डॉ रणधीर कुमार के कुशल अध्यक्षता में संपन्न हुई ।इस अधिवेशन में प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जस्टिस तलवंत सिंह एवं एंबेसडर ऑफ पीस श्री लोकेश मुनी जी शामिल हुए । वही समापन सत्र के मुख्य अतिथि महामहिम काउन्सलर, फिलिस्तीन, बेसेम एफ हेलीस की गरिमामय मौजूदगी रही। इस अधिवेशन के विभिन्न सत्रों में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में जीएसटी के प्रधान आयुक्त कृष्णा प्रताप सिंह ,तिहाड़ जेल के डिप्टी अधीक्षक मनमोहन गौर ,गृह मंत्रालय के पुलिस अधिकारी सुरेश वर्मा , दूरदर्शन के सीनियर एडिटर राजेश मिश्रा , नेपाल टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष श्री भावेश श्रेष्ठ , दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के मानद सचिव श्री संदीप शर्मा , फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन ऑफ स्मॉल इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष डॉ शूलपानी सिंह, सुप्रीम कोर्ट के प्रसिद्ध अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार मिश्रा , ह्यूमन ट्रैफिकिंग एक्टिविस्ट पल्लवी घोष, जेंडर एक्टिविस्ट शाहीन मलिक, नेपाल की बाल अधिकार कार्यकर्ता गीता गौतम ,सामाजिक कार्यकर्ता एवं बिजनेस मैन श्री लक्ष्मण कुशवाहा , महादेव अग्रवाल एवं संतोष अग्रवाल समेत अन्य उपस्थित रहे ।कार्यकर्म का शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अधिवेशन को संबोधित करते हुए एम्बेसडर ऑफ पीस लोकेश मुनि ने कहा कि आज देश में मानव तस्करी सबसे बड़ा व्यापार बन हुआ है जिसे रोकना बेहद ही जरूरी है । वही दिल्ली उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जस्टिस तलवंत सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि मानवतस्करी रोकथाम एवं आदिवासी अधिकार का संरक्षण अभी के समय का बहुत बड़ा चैलेंज बन गया है इस मुद्दों पर अंतराष्ट्रीय पटल पर हम सभी को इसके रोकथाम हेतु व्यापक कार्य करने की जरूरत है।समापन सत्र के मुख्य अतिथि महामहिम क्लांसलर, फिलिस्तीन बेसेम एफ हेलीस ने कहा की बेहतर समाज के निर्माण में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका बेहद सराहनीय है यह जानकर बेहद ही खुशी हो रही है है मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में एन एच आर सी सी बी की भूमिका बेहद ही सराहनीय है यह समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगो के अधिकारों हेतु कृतसंकल्पित है। अध्यक्षीय स्वागत संबोधन में एन एच आर सी सी बी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार ने समस्त अतिथियों एवं देश विदेश के प्रतिनिधियों का स्वागत किया एवं संबोधित करते हुए कहा की एन एच आर सी बी आज हजारों सदस्यों एवं पदाधिकारियों के बदौलत एक नई पहचान बना चुकी है।

### कंप्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध डीसी-डीडीसी से शिकायत

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित दर्जनों आवास योजना के लाभुकों द्वारा श्रमिकों की मजदूरी में गड़बड़ी संबंधित मामला पिछले दिनों सोशल ऑडिट व बीस सूत्री की बैठक में भी सामने आने के बाद कंप्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध शिकायत की गई है। इस संदर्भ में डहू पंचायत के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने उपायुक्त व उपविकास आयुक्त को लिखित आवेदन देकर पिछले दस वर्षों से जमे मनरेगा ऑपरेटर अभिषेक सिन्हा पर फर्जीवाड़ा व रिश्वतखोरी का गंभीर आरोप लगाते हुए अविलंब हटाने की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि ऑपरेटर द्वारा प्रत्येक एफटीओ में अवैध रूप से 1 हजार रुपये लिये जाते हैं। नहीं देने पर डिमांड को हीं रद्द कर दिया जाता है। इसके साथ ही डहू निवासी कौशल्या देवी पति जगदीश महतो आवास आइडी जेएच 142993246 में मजदूरी के तौर पर लाभुक के खाते में महज 3825 डाले गये जबकि शेष रुपया गंगिया देवी के खाते में डालने की बातें कही गई हैं।

# परंपरा, संस्कृति,भाषा बचाने से बचेंगे आदिवासी और आदिवासियतः डॉ उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। सिसई** भारत सरकार के पूर्व मंत्री स्वर्गीय कार्तिक उरांव की 99 वीं जयंती के मौके पर आदिवासी विकास परिषद की ओर से कार्तिक उरांव स्कूल सिसई में आयोजित विशाल जतरा में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव मुख्य अतिथि के रूप में स्वर्गीय कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी एवं उनके कृतियों को याद करते हुए कहा कि परंपरा, संस्कृति,भाषा बचाने से बचेंगे आदिवासी और आदिवासियत ।जमीन अगर नहीं रहेगी तो आदिवासीयत खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा लोग ताक लगाकर बैठे हुए हैं, यह जमीन आपकी नहीं है,यह जमीन आपके पूर्वजों ने दी है हमें अपने भावी पीढ़ी को इस जमीन को सुपुर्द करने के लिए बचाना है। उन्होंने कहा कि उन्होने अपने क्षेत्र में मांदर, नगाड़ा बांटा ताकि युवाओं को अपनी संस्कृति बचाने के लिए प्रेरित किया जा सके ।सरकार से हम मांग करेंगे और प्रस्ताव देंगे कि आने वाले दिनों में खासकर आदिवासी इलाके में अखाड़ा बनाये जाएं,मांडर और नगाड़े बांटे जाएंगे ताकि हमारी संस्कृति हमारी धरोहर के रूप में हमेशा संरक्षित रहे।

ज्ञान की बात

बीते हुए कल से सीख ले, भविष्य से आशा करें और वर्तमान में भरोसा रखकर कर्म करें, निश्चित ही आप सफल होंगे।

– अज्ञात



# आपकी सरकार, आपके द्वार...

मुख्यमंत्री आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम की लोकप्रियता बढ़ रही है। गरीब और लाचार लोगों के लिए यह कार्यक्रम राहत लेकर आया है। यहां के आम आदमी में सरकार के प्रति एक भरोसा देखने को मिल रहा है। बहरहाल सबसे बड़ी बात यह कि इस कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारियों के पास आम आदमी को नहीं जाना पड़ रहा है। जिले से लेकर राज्य मुख्यालय तक क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह कि सीएम खुद इस क्रांतिकारी परिवर्तन के गवाह बन रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह कि सीएम खुद इहा है। जिले से लेकर राज्य मुख्यालय तक क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह कि सीएम खुद इस मामले को देख रहे हैं। लाखो लोग इस कार्यक्रम से समाधान की दिशा में आगे बढ़ते देखे जा रहे हैं। सबसे जटिल मामला जमीन का है। इसमें सुधार हो रहा है। दूसरी समस्या पेंशन की है। इस दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से वास्तव में वरदान साबित हो रहा है। कई मामलों में प्रशासनिक खामियां उजागर हो रही हैं। जिन्हें दूर करने की जरूरत है। सरकार के लिए भी यह मौका है, जिसके माध्यम से जनता की परेशानी को अच्छी तरह समझा जा सकता है। उम्मीदों के आकाश में देर से ही सही आशा की किरण का चमकना यह बताता है कि आने वाले दिनों में समस्याओं पर बहुत हद तक काबू पाया जा सकता है। हमारे समाज का ताना-बाना ही ऐसे तरीके से बुना गया है कि तुरंत निदान संभव नहीं है। अपितु हो रहे प्रयासों को खारिज नहीं किया जा सकता। इस मामले में जनता को भी हो रहे प्रयासों में साथ देना चाहिए। किसी समस्या को सरकार पर छोड़ देना भी कोई बुद्धिमानी नहीं है। राज्य की कोई भी सरकार वर्षों से छोड़ी गई समस्या पर एकाएक विराम नहीं लगा सकती है। इसके लिए उसे समय तो देना ही पड़ेगा। दूसरी बड़ी बात यह कि अच्छे हो रहे कार्य को सभी दलों को मिलकर सराहना करनी चाहिए। हर मामले में राजनीति अच्छी बात नहीं है। विकास की जहां बात हो,सभी दलों को इस दलदल से उपर होकर सोचने की जरूरत है। असीम संभावनाओं के बीच झारखंड में हो रहे प्रयास आने वाले दिनों का आईना हैं। इसे इसी रूप में लेने की जरूरत है। आपके द्वार कार्यक्रम उसकी बानगी है। इसके परिणाम जब सामने आने लगेगें तो निश्चित रूप से अपना झारखंड देश के मानचित्र पर अपना अलग पहचान बिखेरेगा। कारण 23 वर्ष पहले संघर्ष के बाद अलग राज्य तो झारखंड बना, लेकिन यहां न तो संसाधनों का विकास हुआ और ना ही मूलभूत सुविधा ही लोगों को मिली। रोजगार मिल रहा था, ना ही किसानों को कोई सुविधा मिल रही थी। बच्चियां भी पढ़ने के लिए तरस रही थी। लेकिन अब वह सारे काम हो रहे हैं। उनकी हर योजना धरातल से जुड़ी हुई है, और उन योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने के लिए अधिकारी भी सीधे गांव में ही पहुंच रहे हैं। गांव में गिने-चुने लोगों को ही वृद्धा पेंशन की सुविधाएं मिलती थी। लेकिन अब राज्य के हर गांव में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हर व्यक्ति को पेंशन की सुविधा मिल रही है। यहां लोगों को रोजगार देने के लिए वैकेंसी निकाले जा रहे हैं। स्कूल में भी शिक्षा का स्तर सुधरा है और बच्चियों की शिक्षा पूरी करने के लिए आर्थिक सहयोग भी दिया जा रहा है। यही वजह है कि पिछले तीन वर्षों से लगातार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा का कार्यक्रम चल रहा है।

**हमारे समाज का ताना-बाना ही ऐसे तरीके से बुना गया है कि तुरंत निदान संभव नहीं है। इस मामले में जनता को भी हो रहे प्रयासों में साथ देना चाहिए। किसी समस्या को सरकार पर छोड़ देना भी कोई बुद्धिमानी नहीं है। राज्य की कोई भी सरकार वर्षों से छोड़ी गई समस्या पर एकाएक विराम नहीं लगा सकती है।**

# चुनावी-भ्रष्टता पर नियंत्रण के लिये जटायुवृत्ति जागे





ललित गर्ग

इन दिनों

**आज चुनाव में बढ़ता भ्रष्टाचार का रावण मानवता एवं चुनाव शुद्धि की सीता का अपहरण करके ले जा रहा है, सब यह अनर्थ होते हुए देख रहे हैं, पर कोई भी जटायु आगे आकर उसका विरोध करने की स्थिति में नहीं हैं।**

*चुनाव* लोकतंत्र की जीवनी शक्ति है, यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है, लोकतंत्र में स्वस्थ मूल्यों की स्थापना के लिये चुनाव की स्वस्थता एवं उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत एवं मूल्यहीन होने से लोकतंत्र की जड़े तो खोखली होती ही है, राष्ट्र भी मूल्यहीनता की ओर अग्रसर होता है। चरित्र-शुद्धि के अभाव में चुनाव शुद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती है। इस बार पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में ऐसा ही देखने को मिल रहा है, रेवड़ी-संस्कृति, लोकलुभावने वायदों और गारंटियों का जो कोलाहल सुना जा रहा है, येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीतने की होड़ देखने को मिल रही है, जो कालांतर में देश के सशक्त होने, आर्थिक अनुशासन व योग्य जनप्रतिनिधियों के चयन के लिये एक चुनौती बन सकता है। लगातार चुनावों में मुक्त की रेवड़िया बांटने की परम्परा ने चुनाव प्रक्रिया एवं उसके आदर्श को धुंधलाया है। यह विडंबना है कि लोग जनप्रतिनिधि की योग्यता, कर्मठता, चारित्रिक उज्ज्वता की प्राथमिकता को दरकिनार करके संकीर्ण सोच के लाभों को प्राथमिकता देने लगे हैं। इस दूषित परंपरा से राजनेताओं और जनता का प्रलोभन विस्तार ले रहा है। इस बढ़ती बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलिया डालना अपनी जिम्मेदारी से पलायन है, इसके विरोध में व्यापक जन-चेतना जगाने की अपेक्षा है। आज चुनाव में बढ़ता भ्रष्टाचार का रावण मानवता एवं चुनाव शुद्धि की सीता का अपहरण करके ले जा रहा है, सब यह अनर्थ होते हुए देख रहे हैं, पर कोई भी जटायु आगे आकर उसका विरोध करने की स्थिति में नहीं हैं। चुनाव-भ्रष्टाचार के प्रति जनता, राजनीतिक दलों एवं नेताओं का यह मौन, यह उपेक्षाभाव उसे बढ़ायेगा नहीं तो और क्या करेगा? मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में विधानसभा चुनावों के लिए मतदान हो चुका है। अब केवल तेलंगाना में मतदान होना शेष है। इन राज्यों के चुनाव प्रचार के दौरान यह बात और उभरकर सामने आई कि मतदाता राजनीतिक दलों के प्रलोभन का शिकार बनने के लिए तैयार है और राजनीतिक दल एवं उनके उम्मीदवार मतदाताओं को ठगने, लुभाने एवं गुमराह करने की होड़ में लगे हैं। 'गरीब की थाली में पुलाव आ गया है...लगता है शहर में चुनाव आ गया है' भारत की राजनीति एवं चुनावों पर ये दो पंक्तियां सटीक टिप्पणी हैं, जो दुःखद एवं विडम्बनापूर्ण है। आम तौर पर मतदाता राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में यह नहीं देखता कि उसमें अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था, रोजगार, नागरिक सुविधाएं, बिजली-पानी आदि के ठोस वादे किये गये हैं या नहीं? वह अब यह देखता है कि किस दल ने उन्हें क्या-क्या मुफ्त वस्तुएं और सुविधाएं देने के वादे किये हैं। भ्रष्ट चुनाव से तो भ्रष्ट नेतृत्व ही मिलेगा, ऐसी भ्रष्ट स्थितियों से देश के आर्थिक विकास में भी भ्रष्टता ही व्यापक होगी, शासन के सामने आर्थिक चुनौतियों खड़ी होगी। इस तरह मुफ्त की योजनाओं और गारंटियों से सिर्फ हमारा राजकोषीय घाटा ही नहीं बढ़ेगा, बल्कि भ्रष्टाचार को पनपने का खुला मौका मिलेगा। मतदाता यदि किसी राजनीतिक दल की दूरगामी नीतियों व विकास योजनाओं को नजरअंदाज करके तात्कालिक लाभ को प्राथमिकता देगा तो भविष्य में उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उम्मीदवारों के षड़यंत्र एवं मतदाताओं के लोभ हमारी चुनाव प्रक्रिया को भी संकट में डालते हैं। जाहिर बात है कि मुफ्तखोरी की संस्कृति के बूते सत्ता में आने वाला नेता कालांतर में सरकारी संसाधनों के दोहन को अपनी प्राथमिकता बनायेगा। जो धन उसने चुनाव के दौरान बांटा है उसका कई गुना येन-केन-प्रकारेण वसूलेगा। जिससे लोकतंत्र में लूटतंत्र की मानसिकता को प्रोत्साहन मिल सकता है। चुनाव में मुफ्त रेवड़ी संस्कृति के साथ चुनाव का अधिकाधिक खर्चीला होना भी गंभीर चिन्ता का विषय है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव प्रचार करने में करोड़ों रूप्ये व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों एवं उद्योगपतियों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं जायज-नाजायज तरीकों से प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके शोषण के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं भ्रष्टता की परम्परा का सिंचन मिलता है। यथार्थ में देखा जाये तो जनमंत्र अर्थतं. बन कर रह जाता हैं, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। ऐसे में ईमानदार, योग्य एवं कर्मठ लोगों का राजनीति में आने का रास्ता ही बन्द हो जायेगा। चुनावों में लगातार बढ़ रही भ्रष्टता की नाजुक स्थिति में व्यक्ति-व्यक्ति की जटायुवृत्ति को जगाया जा सके, चुनावी भ्रष्टाचार के विरोध में एक शक्तिशाली समवेत स्वर उठ सके और उस स्वर को स्थायित्व मिल सके तो लोकतंत्र की जड़ों को सिंचन मिल सकता है और ऐसे हालातों में भी हमारा अमृत-काल भी चुनाव-प्रक्रिया के लिये भी अमृतमय बन सकता है। इस बार पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त पेशकश के मामले में होड़ करके राजनीतिक दल एक दूसरे को मात देने में लगे रहे। चुनाव में रेवड़ियों की इस बारिश के राजनीतिक एवं आर्थिक, दोनों निहितार्थ हैं। साथ ही यह उन राजनीतिक दलों के दोहरे रवैये को भी जाहिर करता है जो मुफ्त पेशकश के मामले में दूसरे दलों को तो आईना दिखाते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के लिए खुद उनका सहारा लेने से कोई संकोच नहीं करते। यह दोहरा रवैया भाजपा के चरित्र में भी समाया है। सही मायनों में मुफ्त के उपहारों की हमेशा बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यह हमारे लोकतंत्र की भी विफलता है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी हम अपने लोकतंत्र को इतना सजग व समृद्ध नहीं बना पाये कि मतदाता अपने विवेक से अपना दूरगामी भला-बुरा सोचकर मतदान कर सके। अतीत के अनुभव बताते हैं कि जिस भी राज्य ने मुफ्त खाद्यान्न, पानी, बिजली व सब्सिडी बांटी है उसकी अर्थव्यवस्था भविष्य में चरमराई ही है। सही मायनों में मुफ्त कुछ नहीं होता, वह करदाताओं की पसीने की कमाई से पैदा होता है। देश को कल्याणकारी नीतियों की जरूरत है, लेकिन वह आर्थिक अनुशासन और राजकोषीय विवेक पर आधारित होना चाहिए। कोई भी दल यह बताने को तैयार नहीं कि वे मुफ्त वस्तुएं जैसे कि स्कूटी, लैपटाप, मोबाइल, सोना, मुफ्त बिजली-पानी-बस यात्रा समेत अन्य वस्तुएं और सुविधाएं देने के जो वादे कर रहे हैं उन्हें पूरा कैसे करेंगे? वास्तव में यह वह सवाल है जो मतदाताओं को करना चाहिए। वह यदि यह सवाल नहीं करता तो इसका कारण लालच और फौरी लाभ ही है।


## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा*

हालाँकि, नियति के कारण, दोनों बर्तन आपस में बदल गये और सत्यवती ने क्षत्रिय ऊर्जा वाली खीर खा ली और उसकी माँ ने ब्राह्मणी ऊर्जा वाली खीर खा ली। कहानी का एक और संस्करण यह है कि सत्यवती की मां ने जानबूझकर बर्तन बदल दिये क्योंकि उन्हें लगा कि ऋषि रुचिका अपनी पत्नी को 'बेहतर' बच्चा देंगे। इस प्रकार ईर्ष्या ने नियति की भूमिका निभाई! रुचिका ने अपनी दिव्य दृष्टि से इस मिश्रण को देखा और अपनी पत्नी को बताया कि उसके गर्भ में एक ब्राह्मण नहीं बल्कि एक क्रूर क्षत्रिय भ्रूण है। सत्यवती दुखी हुई और उसने अपने पति से अपनी योग शक्तियों के माध्यम से विपत्ति को रोकने के लिए प्रार्थना की। वह सहमत हो गये और अपनी योगिक शक्तियों से परिवर्तन को अपने पोते (अगली पीढ़ी तक) में स्थानांतरित कर दिया।
साई राम। एक ओर, हमें बताया जाता है कि नियति अनुलंघनीय है और दूसरी ओर, हमें ऐसे उदाहरण दिये जाते हैं जहां नियति बदल जाती है। हमें श्री गुरु चरित्र में एक ब्राह्मण लड़के के तपेदिक से मरने के बाद फिर से जीवित होने की एक अद्भुत कहानी मिलती है। जब इस बारे में प्रश्न किया गया, तो श्री गुरु ने प्रश्नकर्ता को वह अद्भुत घटना दिखाई, जहां अगले जन्म में जीवन काल का एक हिस्सा वर्तमान जन्म में स्थानांतरित हो जाता है।
मार्कंडेय की कहानी एक और उदाहरण है। इन दोनों दृष्टिकोणों में सामंजस्य कैसे बिठाया जाए? ऐसा हो सकता है कि नियति वास्तव में अलंघनीय है, लेकिन चूँकि नियति ईश्वर की इच्छा है और कोई भी व्यक्ति इसे पूरी तरह से नहीं जानता है, इसलिए व्यक्ति को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए और परिणाम ईश्वर पर छोड़ देना चाहिए।

(क्रमशः)

# काशी की देव दीपावली व वैश्विक कीर्तिमान



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

देव दीपावली

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सत्तर देशों के राजदूत, विदेशी डेलीगेट और उनके परिजन देव दीपावली के अविस्मरणीय पलों के साक्षी बने। ऐसा पहली बार हुआ। देव दीपावली विश्व विख्यात हो चुकी है।**

*अयोध्या* में भव्य श्रीराम मन्दिर के उद्घाटन की तिथि निकट आ रही है। जनवरी में होने वाले इस भव्य उद्घाटन समारोह से पहले अयोध्या और काशी में दीप उत्सव का अद्भुत उत्साह दिखाई दिया। अयोध्या दीपोत्सव और काशी में देव दीपावली के वैश्विक कीर्तिमान कायम हुए। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सत्तर देशों के राजदूत, विदेशी डेलीगेट और उनके परिजन देव दीपावली के अविस्मरणीय पलों के साक्षी बने। ऐसा पहली बार हुआ। देव दीपावली विश्व विख्यात हो चुकी है। इसे देखने विश्व भर के पर्यटक आते हैं। आध्यात्मिकता के साथ राष्ट्रवाद व सामाजिकता की भी झलक देव दीपावली में दिखाई दी। दशाश्वमेध घाट की आरती रामलला को समर्पित हुई। यहां रामलला व राम मंदिर की झलक प्रदर्शित की गई। इक्कीस अर्चक व इक्यावन देव कन्याएं रिद्धि सिद्धि के रूप में दशाश्वमेध घाट पर महाआरती में सहभागी हुईं। दीपावली के पंद्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा पर देवताओं की दीपावली होती है। ऐसी मान्यता है कि इस पर्व को मनाने के लिए देवता स्वर्ग से काशी के पावन गंगा घाटों पर अदृश्य रूप में अवतरित होते हैं। वो महाआरती में शामिल श्रद्धालुओं की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। यह पर्व काशी की प्राचीन संस्कृति का के अनुरूप है। देव दीपावली का वर्णन शिव पुराण में भी मिलता है। इसके अनुसार जब कार्तिक मास में त्रिपुरासुर नामक राक्षस ने देवताओं पर अत्याचार शुरू किया और उनको मारने लगा तब भगवान विष्णु ने इस क्रूर राक्षस का वध इसी दिन किया। तब देवताओं ने दीपावली मनाई थी। गंगा के तट पर पच्चासी घाटों पर इस साल योगी सरकार की ओर से बारह लाख और जन सहभागिता से मिलकर कुल लगभग बाईस लाख से अधिक दीप घाटों, कुंडों, तालाबों और सरोवरों पर प्रज्वलित किये गये। गंगा पार रेत पर भी दीपक रोशन हुए। काशी के घाटों के इस अद्भुत दृश्य को देखने देश-विदेश से पर्यटक काशी आते हैं। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद पर्यटकों की रिकॉर्ड आमद हुई है। देव दीपावली पर होटल, गेस्ट हाउस,नाव, बजड़ा, बोट व क्रूज लगभग पहले से बुक और फुल हो गये थे। सरकार ने चेत सिंह घाट पर लेजर शो की व्यवस्था की। काशी के घाटों के किनारे सदियों से खड़ी ऐतिहासिक इमारतों पर धर्म की कहानी लेजर शो के माध्यम से जीवंत हुई। पर्यटकों ने गंगा पार रेत पर शिव के भजनों के साथ क्रैकर्स शो का भी आनंद लिया। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर को विशाखापट्टनम के एक भक्त द्वारा ग्यारह टन फूलों से सजाया गया। गंगा द्वार पर लेजर शो के माध्यम से श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पर आधरित काशी का महत्व और कॉरिडोर के निर्माण संबंधित जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास और संस्कृति की गरिमा के प्रति कटिबद्ध रहते हैं। काशी में इन दोनों तथ्यों का महत्व है। यह विश्व की सर्वाधिक प्राचीन नगरी है। बाबा भोलेनाथ का धाम है। प्राचीन काल से सांस्कृतिक राजधानी के रूप में इसकी प्रतिष्ठा रही है। योगी आदित्यनाथ इसे विश्व स्तरीय तीर्थाटन व पर्यटन केंद्र बनाने की कार्ययोजना पर कार्य कर रहे हैं। भारत की आध्यात्मिक राजधानी काशी में अर्धचंद्राकार घाटों पर होने वाले भव्य देव दीपावली आयोजन की पहचान अब प्रदेश के मेले के रूप में है। प्रदेश सरकार ने देवताओं के उत्सव देव दीपावली को राजकीय मेला घोषित कर दिया है। घाटों पर देव दीपावली के आयोजन के लिए सजाने और संवारने का कार्य भव्य तरीके से किया गया। योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत की आध्यात्मिक राजधानी काशी के नमो घाट पर भव्य देव दीपावली का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इसके साक्षी सत्तर देशों के राजदूतों और डेढ़ सौ विदेशी डेलीगेट्स और परिजन बने। सभी ने देव दीपावली के अद्भुत एवं अकल्पनीय आयोजन को निहारा।

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

ख़ामोशी से अपनी पहचान
बनाते रहो,
वक़्त खुद बताएगा तुम्हारा
नाम.!

# क्यों इतनी घुमक्कड़ी करने लगे हिन्दुस्तानी



आर.के.सिन्हा

यात्रा

**बुकिंग डॉट कॉम के एक निष्कर्ष के अनुसार, पिछले साल यानी 2022 में करीब दो करोड़ हिन्दुस्तानी देश से बाहर घुमक्कड़ी के लिए निकले। यह कोई छोटा-मोटा आंकड़ा नहीं है।**

*आप* देश के किसी भी हवाई अड्डे या रेलवे स्टेशन पर चले जायें। आपको वहां पर एक जैसा नजारा ही देखने में आयेगा। आने-जाने वाले मुसाफिरों की भीड़ नजर आयेगी। लगता है कि सारा देश ही घूमने के मूड में है। जैसे ही दफ्तरों में दो-तीन दिन के एक साथ अवकाश आते हैं तो लोग उन छुट्टियों में कुछ और छुट्टियों को जोड़कर किसी पर्यटक स्थल के लिए निकल जाते हैं। उन्हें समुद्री तट से लेकर पहाड़ और अभयारण्यों से लेकर धार्मिक स्थल तक सबकुछ ही पसंद आ रहे हैं। एक बात और कि भारतीय सिर्फ देश के अंदर ही घूमकर संतुष्ट नहीं हैं। उन्हें देश से बाहर जाना भी अच्छा खासा रास आ रहा है। बुकिंग डॉट कॉम के एक निष्कर्ष के अनुसार, पिछले साल यानी 2022 में करीब दो करोड़ हिन्दुस्तानी देश से बाहर घुमक्कड़ी के लिए निकले। यह कोई छोटा-मोटा आंकड़ा नहीं है। भारतीय लंदन, पेरिस, दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन और दूसरे शहरों के अलावा केन्या, नाइजीरिया, तंजानिया, दुबई, सिंगापुर, वियतनाम, सिडनी मेलबोर्न, पर्थ, हॉन्गकॉन्ग वगैरह जा रहे हैं। दुबई और सिंगापुर के बाजारों में घूमते हुए तो लगता है कि आप किसी भारतीय शहर में ही हैं। वहां पर हजारों भारतीय रोज पहुंच रहे हैं। दरअसल आर्थिक उदारीकरण के बाद हिन्दुस्तानियों की आर्थिक स्थिति सुधरी तो उन्होंने भी मन ही मन दुनिया को देखने का फैसला भी कर लिया। अब हिन्दुस्तानी कमाये हुए पैसे को गांठ में बांधने भर के लिए राजी नहीं है। उन्हें तो घूमना है। याद नहीं आता कि अब से पहले कब हिन्दुस्तानी आजकल की तरह से घूमने के लिए घर से निकले थे। बेशक, दुनिया को जानने के लिए यायावरी जरूरी है। आप अगर घूमेंगे ही नहीं तो दुनिया को जानेंगे-समझेंगे कैसे। घुमक्कड़ी की चर्चा होगी तो राहुल सांकृत्यायन जी का नाम तुरंत जेहन में आयेगा। वे सदैव घुमक्कड़ ही रहे। उनकी सन् 1923 से विदेश यात्राओं का सिलसिला शुरू हुआ तो फिर इसका अंत उनके जीवन के साथ ही हुआ। ज्ञानार्जन के उद्देश्य से प्रेरित उनकी यात्राओं में श्रीलंका, तिब्बत, जापान और रूस की यात्राएं विशेष हैं। वे चार बार तिब्बत पहुंचे। वहां लम्बे समय तक रहे और भारत की उस विरासत को जाना, जो हमारे लिए अज्ञात और विस्मृत हो चुकी थी। वे 1907 में घर से भागकर चार मास तक कोलकाता में रहे। वे काशी में भी रहे। उन्होंने वहां रहकर संस्कृत का अध्ययन किया। वे पैदल ही अयोध्या होते हुए मुरादाबाद पहुंचे और वहां से हरिद्वार गये। हरिद्वार से हिमालय, देवप्रयाग, टिहरी, यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा की। फिर प्रयाग की प्रदर्शनी देखने के लिए घर से निकल गये। गांधी जी भी बहुत बड़े घुमक्कड़ थे। वे रेलों से खूब सफर किया करते थे। घुमक्कड़ी के चलते उन्होंने देश के चप्पे-चप्पे को देखा और भारत को जाना। गुरु नानक देव जी ने 24 साल में दो उपमहाद्वीपों के 60 प्रमुख शहरों की पैदल यात्रा की। इस दौरान उन्होंने 28 हजार कि.मी. का सफर किया। उनकी यात्राओं का मकसद समाज में मौजूद ऊंच-नीच, जात-पांत, अंधविश्वास आदि को खत्म कर आपसी सद्भाव, समानता कायम करना था। वे जहां भी गए, एक परमात्मा की बात की और सभी को उसी की संतान बताया। बाबा नानक अपनी पहली यात्रा के दौरान पंजाब से हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल, सिक्किम, भूटान, ढाका, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, चटगांव से होते हुए बर्मा (म्यांमार) पहुंचे वहां से वे ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और हरियाणा होते हुए वापस आये थे। तो भारत में प्राचीनकाल से ही यायावरी करने वाले रहे हैं। यूं तो सारा भारत अब घुमक्कड़ हो चुका है, पर इस मोर्चे पर गुजराती और बंगाली बाकी से अब भी कुछ आगे ही हैं। आपको देश और देश से बाहर गुजराती पर्यटक मिलेंगे। गुजराती दुनियाभर में बसे भी हुए हैं।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### बुर्का फैशन नहीं इस्लाम धर्म की पहचान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के श्री राम कॉलेज में मुस्लिम लड़कियों का बुर्के में रैंप पर कैटवाक करने को उलमा ने गलत करार दिया है। उन्होंने साफ कहा कि बुर्का फैशन नहीं बल्कि इस्लाम धर्म की पहचान है। बुर्के से जिस्म को ढ़का जाता है नुमाईश नहीं कि जाती। बुर्के में कैटवाक करने के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए मदरसा जामिया शेखुल हिंद के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती असद कासमी ने कहा कि पर्दा फैशन नहीं होता है। बुर्का मजहब-ए-इस्लाम में इसलिए है कि औरत का जिस्म और चेहरा ढ़का जाए, पर्दा हो। उसको फैशन के तौर पर लिया जाए ये दुरुस्त नहीं है। उन्होंने कहा कि आजकल इस तरह के बुर्के पहने जा रहे हैं, जिससे बदन चुस्त नजर आता है और जिस्म की नुमाईश होती है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**कोरबा।** शहर के ट्रांसपोर्ट नगर रेलवे फाटक से कुछ दूर पर बालको की ओर जाने वाली रेलवे ट्रैक पर आज मंगलवार सुबह अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक रेलवे ट्रैक पर आज सुबह अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है। मृतक के शरीर का कुछ हिस्सा मालगाड़ी की चपेट में आया है। मृतक के पास घटना स्थल पर ऊन की टोपी मिली है। आस-पास के लोगों ने बताया कि मृतक मोची का कार्य करता था। वह बुधवारी स्थित जैन मंदिर के बाहर दुकान लगाता था। रेल लाइन में लाश की सूचना मिलते ही सीएसईबी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। जांच के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा।

### टी20 सीरीज : स्टूडेंट्स को एक हजार रुपये में मिलेंगे ऑफलाइन टिकट

**रायपुर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज का चौथा मैच राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 1 दिसंबर को खेला जाएगा। यह मैच शाम 7 बजे से खेला जाएगा। मैच की टिकट की ऑनलाइन बुकिंग जारी है। वहीं आज मंगलवार से ऑफलाइन टिकट की बिक्री सुबह 11 बजे से शुरू होगी, जिसमें स्टूडेंट्स को 1000 में टिकट मिलेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया मैच के लिए छात्रों को 1000 रुपये में टिकट उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी बिक्री आज सुबह 11 बजे से (टिकट समाप्त होने तक) सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बुढ़ापारा, रायपुर में ऑफलाइन उपलब्ध होगी। इसके लिए छात्रों को अपना परिचय पत्र दिखाना होगा, साथ ही पहचान पत्र की एक फोटो कॉपी काउंटर में जमा करनी होगी, जिसके बाद ही उन्हें टिकट मिलेगी।

### नालंदा में ताड़ी को कृषि श्रेणी का दर्जा देने की उठी मांग

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के गिरियक में अखिल भारतीय पासी समाज के बैनर तले सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटनकर्ता अखिल भारतीय पासी समाज के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चौधरी ने की। अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी अखिल भारतीय पासी समाज का गिरियक मेला में सम्मेलन किया गया। यह सम्मेलन प्रत्येक साल कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही की जाती है। सम्मेलन में पासी समाज के उत्थान के बारे में रखा गया। सम्मेलन में ताड़ी पर प्रतिबंध के बारे में विस्तार पूर्वक रखा गया। ताड़ी को कृषि श्रेणी का दर्जा दिया जाए। जिले में पासी समाज के बहू बेटी पर जुल्म हो रहा है ,इसकी भी सम्मेलन में चर्चा की गई । सरकार गिरते प्रशासन को उठाने काम करे।इस मौके पर उपस्थित सभी ने दहेज मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिए और ताड़ी पर से प्रतिबंध हटाने का पुरजोर मांग किये।

---

**25 दिसंबर से 26 जनवरी तक आयोजित होगा संस्कृति उत्सव 2023**

# लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित मंच मिलेगा : योगी आदित्यनाथ



**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाने और लोककला को देश समेत दुनियाभर में प्रसिद्धि दिलाने के लिए संस्कृति उत्सव 2023 के भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। हमारी संस्कृति-हमारी पहचान थीमलाइन से आयोजित किए जा रहे इस उत्सव से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन 25 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक होगा। इस दौरान, गांव, ब्लॉक, तहसील, जिला, मंडल समेत राज्य स्तर पर लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित मंच मिलेगा। सीएम योगी की मंशा अनुरूप, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा

### प्रदेश के हर कोने में होंगे उत्सव से जुड़े आयोजन

संस्कृति उत्सव 2023 कितना भव्य होगा इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के हर कोने में उस्तव से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस कड़ी में 25 से 30 दिसंबर के बीच तहसील मुख्यालय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें गांवों, पंचायत, ब्लॉक व तहसील स्तर के कलाकार भाग लेंगे। इसके बाद, 1 से लेकर 5 जनवरी 2024 के बीच जिला मुख्यालयों पर होने वाली प्रतियोगिता में तहसील स्तर के चयनित कलाकार भाग लेंगे। मंडलीय मुख्यालय स्तर पर 10 से 15 जनवरी के बीच प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें जिला स्तर पर चयनित कलाकार प्रतिभाग करेंगे। इसके आगे तीन अन्य चरणों से गुजर कर प्रतियोगिता निर्णायक स्थिति में पहुंचेगी और इन तीनों ही चरण की प्रतियोगिताओं का आयोजन लखनऊ में होगा। मंडल स्तर के चयनित कलाकारों को अभ्यास व मुख्य आयोजन में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा और सम्मानित भी किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सार्वभौमिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी जिसके लिए विभिन्न स्तर पर शासकीय-अर्ध शासकीय विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वैच्छिक संस्थाओं, नेहरू युवा केंद्र तथा नेशनल कैडेट कोर समेत सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जाएगा। सूचना जनसंपर्क विभाग द्वारा भी संस्कृति उत्सव 2023 के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक कदम उठाए जाएंगे।

### बालाघाट के बाद अब जबलपुर में 17 करोड़ के धान में हेरा-फेरी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में सरकारी धान की देखरेख करने वाली गुजरात की कंपनी पर बालाघाट के बाद अब जबलपुर में भी गोलमाल करने का आरोप लग रहा है। अहमदाबाद की कंपनी हाउसिंग लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन पर जबलपुर में 17 करोड़ की धान हेरा-फेरी करने का आरोप लगा है। मध्य प्रदेश वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन की ओर से कंपनी के खिलाफ ऋ्फ़ दर्ज कराई जा रही है। इस मामले में कंपनी के साथ कई सरकारी अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। दरअसल, धान की देखभाल करने के लिए तय की गई अहमदाबाद की कंपनी गो ग्रीन कंपनी पर अब धान को गायब करने का आरोप भी लग रहा है। इस मामले में वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने गोसलपुर थाने में शिकायत दी है। वैसे इस कंपनी पर कुल 132 करोड़ के धान को गोलमाल करने का आरोप है। इसे लेकर पहले ही कंपनी निशाने पर है।

## ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से दो की मौत



**एजेंसी। दमोह**

दमोह जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत पांजी पिंडरई के समीप सोमवार की रात श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो महिलाओं की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि 21 से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें तत्काल इलाज के लिए तेंदूखेड़ा अस्पताल लाया गया, जहां दो घायलों की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा ब्लॉक के कुलूआ गांव निवासी करीब 23 ग्रामीण नर्मदा स्नान करने सोमवार को बरमान गए थे। वापस लौटते समय पांजी पिंडरई गांव के समीप ट्रैक्टर का टायर फट गया और ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई, जिससे सभी यात्री ट्रॉली में दब गए। घटना की सूचना तेंदूखेड़ा पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकालने प्रयास शुरू किया, लेकिन दो महिलाओं पार्वती पति धनसिंह 65 वर्ष निवासी कुलुआ दिनारी और रोशनी पिता झाहर सिंह 19 वर्ष निवासी कुलुआ दिनारी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, ट्रॉली में दबे 21 घायलों को 108 की मदद से अस्पताल लाया गया। जिसमें सुनीता पति भूरे सिंह लोधी 45 वर्ष, भगवती पति मोहन सिंह 45 वर्ष कुलुआ दिनारी को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया है। जो लोग घायल हुए हैं उनमें सुनीता, छोटी बाई लोधी, लक्ष्मी पवार, गेंदाबाई रैकवार, रूपा बाई लोधी, हरिबाई, नेहा लोधी, मुन्नी बाई लोधी,रानू लोधी घायल हुए हैं।

## गांव में विचर रहे 35 हाथी, ग्रामीण के साथ नक्सली भी दहशत में



**एजेंसी। धमतरी**

वनांचल में जंगल में विचरण कर रहे 35 हाथियों से अब ग्रामीण के साथ ही नक्सली भी दहशत में हैं। नक्सल संवेदनशील क्षेत्र के गांवों में सिकासेर दल के 35 हाथियों ने रातभर चिंघाड़ लगाया। जिससे ग्रामीण तो कांपे ही , लेकिन जंगलों में छिपे नक्सलियों में भी दहशत बढ़ गई है, क्योंकि हाथी सबके लिए खतरनाक है। विधानसभा चुनाव से पहले इसी क्षेत्र में नक्सली पहुंचकर बैनर-पोस्टर चस्पा कर रहे थे। नगरी ब्लाक के हाथी निगरानी दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों से मिली जानकारी के अनुसार 26 नवंबर को सिकासेर दल में शामिल 34 से 35 हाथी दक्षिण साल्हेभाट परिक्षेत्र रिसगांव और सहायक परिक्षेत्र खल्लारी के जंगल में है। यह हाथी 27 नवंबर की देर रात इस क्षेत्र के जंगल व आसपास के गांवों में जमकर चिंघाड़ते रहे, इससे साल्हेभाट व खल्लारी के ग्रामीण रात में डरते रहे, क्योंकि इन गांवों की आबादी जंगल क्षेत्र से लगे हुए। ऐसे में ग्रामीण रात में हाथियों के चिंघाड़ से डरते रहे, लेकिन हाथियों का झुंड जिस जंगल में घुसे है, वहां नक्सलियों की आवाजाही रहता है।

### महिला ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप, बोली- लगातार करते हैं पैसे की मांग

**फतेहपुर।** फतेहपुर जिले के बकेवर थाना क्षेत्र में एक महिला ने पति समेत पांच ससुरालजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। पीड़िता ने बकेवर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आलमपुर गांव के देवनारायण ने अपनी बेटी पुष्पा का विवाह लगभग ढाई वर्ष पहले कानपुर जनपद के बिधनू निवासी आशीष कुमार पुत्र मुन्ना से किया था। पुष्पा का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति आशीष, ससुर मुन्ना, सास गिरजा देवी, देवर रामनरेश व भोला सभी मिलकर दो लाख अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थेत्र। इसकी जानकारी होने पर मेरे पिता देवनारायण ने 50 हजार रुपये अतिरिक्त दहेज के रूप में ससुरालजनों को दिए, लेकिन वे सभी लगातार और पैसे की मांग करते रहे। इसकी मांग पूरी ना होने पर, उन्होंने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद मुझे मायके छोड़कर चले गए। थानाध्यक्ष योगेश कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत पर पांच ससुरालजनों पर मुकदमा दायर किया गया है।

# इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ बिहार बना रहे हैं नीतीश और लालू : गिरिराज सिंह

**एजेंसी। बेगूसराय**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार सरकार द्वारा हिंदुओं के पर्व-त्योहार की छुट्टी में कटौती कर मुस्लिम के पर्व में छुट्टी बढ़ाए जाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ बिहार बनाने की कोशिश की जा रही है। शिक्षा विभाग द्वारा 2024 के घोषित किए गए अवकाश सूची का विरोध करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार और लालू यादव की सरकार ने स्कूलों में मुस्लिम पर्व की छुट्टी बढ़ाई और हिंदु त्योहारों में छुट्टी की खत्म। बिहार में कई हिंदू-त्योहारों की छुट्टियां खत्म कर दी गई है और ईद मुहर्रम की छुट्टियां बढ़ा दी गई है, यह भी गजवा-ए-हिंद का एक हिस्सा है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि नीतीश कुमार की सरकार ने तीसरी बार तुगलकी फरमान जारी किया है, जिसमें हिन्दुओं की छुट्टी में कटौती किया गया। महाशिवरात्रि और जन्माष्टमी जैसे महापर्व की छुट्टियों में कटौती कर मुसलमान के ईद और



बकरीद की छुट्टियां बढ़ाई गई। इसका क्या औचित्य है। नीतीश सरकार बिहार में इस्लामिक धर्म के आधार पर क्यों काम कर रही है। अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जैसे जिलों में रविवार के बदले शुक्रवार को स्कूल में छुट्टी दिया जाता है। इससे लगता है कि पूरे बिहार के स्कूलों में शुक्रवार को छुट्टी देने की योजना बनाई जा रही है। हिन्दुओं के पर्व में कटौती की गई छुट्टियों को बहाल नहीं किया गया तो इसका खामियाजा बिहार सरकार को भुगतना पड़ेगा। लालू यादव मो. लालू एवं नीतीश कुमार मो. नीतीश के नाम से जाने जाएंगे। गिरिराज सिंह ने कहा कि षड्यंत्र के तहत हिन्दुओं की भावनाओं पर कुठाराघात कर रहे हैं।

## जहां सांप करते हैं विचरण, उस मिट्टी से बने हैं एक करोड़ पार्थिव शिवलिंग

**एजेंसी। वाराणसी**

विश्व में पहली बार काशी में हो रहे कोटि पार्थिव लिंगार्चन महानुष्ठान में भगवान शिव की अराधना के लिए ऐसी मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग तैयार किए गए हैं, जहां शिव के गण सर्प की अधिकता है। तेलंगाना के सिद्धिपेट जिले के दो तालाब ऐसे हैं, जहां सांप विचरण करते हैं, उन्हीं तालाबों की मिट्टी को निकालकर एक करोड़ शिवलिंग बनाए गए हैं। आध्यात्मिक एवं धार्मिक संस्था विजयानंदनाथ गुरु सेवा समिति (हैदराबाद) के व्यवस्थापक अध्यक्ष स्वामी तंगीराला रामचंद साई के मन में दो साल पहले कोटि पार्थिव शिवलिंग पूजन का भाव आया था। उन्होंने तभी से इसकी तैयारी शुरू कर दी थी। संस्था के जनरल सेक्रेटरी डॉ. जीके वैंकट ने बताया कि धार्मिक व वैज्ञानिक दोनों दृष्टि से मिट्टी सही हो, तभी



पार्थिव शिवलिंग बनेंगे। इसके लिए वैज्ञानिकों की भी मदद ली गई। वैज्ञानिक दृष्टि से ऐसी मिट्टी तलाशी गई जिसमें सल्फर की मात्रा ज्यादा हो। सल्फरयुक्त मिट्टी फटती नहीं है। वहीं, आध्यात्मिक दृष्टि से ऐसी मिट्टी की खोज की गई जहां शिव के गण का वास हो। दोनों ही पैमाने पर सिद्धिपेट जिले के दो तालब की मिट्टी उपयुक्त पाई गई। दोनों तालाबों से 65 टन मिट्टी निकालकर उसमें गोमूत्र, घी और गंगाजल मिलाकर शिवलिंग बनाए गए। पार्थिव शिवलिंग बनाने में चार माह लगे थे। डॉ. जीके बैंकट ने बताया कि 500 सांचे के जरिये पांच हजार महिलाओं और बच्चों ने मिलकर एक करोड़ शिवलंग तैयार किया। कलिकाल में एक करोड़ पार्थिव शिवलिंग का पूजन पहली बार हो रहा है। संस्था के जनरल सेक्रेटरी जीके बैंकट ने बताया कि कलिकाल में एक करोड़ रुद्राकार (शिवलिंग के पिंड रूप में) में पूजन तो हुए हैं, मगर पार्थिव शिवलिंग का पूजन कभी नहीं हुआ है। इससे विश्व का कल्याण होगा और शांति आएगी।

### अतिक्रमण पर चलेगा प्रशासन का बुलडोजर

**भोपाल।** शहर के ग्रीन बेल्ट एरिया में पैर पसारे खड़े 692 अतिक्रमणों को हटाने का काम जारी है। सोमवार को शासकीय अवकास के बाद फिर से कार्रवाई शुरू हो गई। राजधानी की हरियाली को नुकसान पहुंचाने वालों की अब खैर नहीं है। मंगलवार को जिला प्रशासन की टीम बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। इस दौरान भोपाल नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, पुलिस और वन विभाग की टीमें भी पूरी तरह से सक्रिय रही। बता दें, यह अतिक्रमण सेंट्रल वर्ज से लेकर रोड साइड पर किया गया है। जिसने बीते पचास सालों में भोपाल की खूबसूरती और हरियाली को निगलने का काम किया है। इनमें कच्चे मकान निर्माण कर पक्के कर लिए गए हैं। झुग्गी, दुकान, मकान, पार्किंग बना ली है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश के बाद भोपाल के ग्रीन बेल्ट एरिया में 692 लोकेशन पर अतिक्रमण हटाए जाने हैं। एनजीटी के इन निर्देशों के बाद पिछले दो दिनों से इस पर एक्शन भी शुरू हो गया है।

## मोतिहारी पुलिस ने कर्मचारी लूट कांड में पांच को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। पूर्वी चंपारण**

पुलिस ने जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में गत दिनो केसरिया प्रखंड के कर्मचारी को गोली मारकर लूट की घटना को अंजाम देने खुलासा कर लिया है।साथ ही इसमे संलिप्त 05 अपराधी व विधि विवादित किशोर को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को इसकी जानकारी देते एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ अपराधी लूट की योजना बना रहे है। जिसके आलोक में अग्रेतर कार्रवाई के लिए चकिया डीएसपी सत्येन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एसएचओ कल्याणपुर जितेन्द्र कुमार,जिला आसूचना ईकाई के पदाधिकारी, कल्याणपुर थाना के हवलदार जुगेश्वर राय, सिपाही रामविलास उरॉव, गृहरक्षक बिंदेश्वरी साह, पुण्यदेव सिंह, बिहारी साह चौकीदार गजेन्द्र, संजय, सुभाष, दिनकर, गुड्डु एवं लक्ष्मण राय की



एक टीम गठित की गयी। टीम ने त्वतरित कार्रवाई करते हुए 05 संदिग्ध एवं 04 विधि विवादित किशोर को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी तलाशी के दौरान इनके पास से दो देशी कट्टा, एक देशी पिस्टल,12 कारतूस, डेढ किलो मादक पदार्थ (चरस), लूटे गये 1 लैपटॉप,चोरी के एक टैब व लूट और चोरी के 3 बाईक व 15 मोबाईल बरामद किया गया। पकड़े गये अपराधियो की पहचान बुलेट उर्फ सत्येद्र कुमार यादव,राज कपुर,राजेश कुमार,बब्लू कुमार व औरंगजेब आलम उर्फ लालू सभी थाना-कल्याणपुर, जिला-पूर्वी चम्पारण के रूप में हुई है। वही इनके साथ चार अन्य विधि विवादित किशोर को भी गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये अपराधियों ने कर्मचारी को गोली मार कर लूट करने में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। एसपी श्री मिश्र ने बताया कि पकड़े गये अपराधी बुलेट व राज कपूर शातिर अपराधी है। इनके विरूद्ध कल्याणपुर,कोटवा समेत कई थाना में लूट चोरी व अन्य संगीन अपराध का मामला दर्ज है।

**प्रमोद कृष्णम ने मौर्य को बताया जिन्नात का सरदार**

## बयान पर रोक लगाना अखिलेश के बस में नहीं

**एजेंसी। गाजियाबाद**

समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बयानों का कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी मौर्य के कई विवादित बयान सामने आ चुके हैं। दरअसल, समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव कुछ खास किस्म के जिन्नातों से घिर गए हैं। इन सभी जिन्नातों के सरदार हैं स्वामी प्रसाद मौर्य। मौर्य का नरक जाना पक्का है। अखिलेश यादव एक बहुत अच्छे इंसान हैं। उनका और उनकी पार्टी का क्या होगा। ये भी पढ़ें :भावी ढट वाले पोस्टर पर अखिलेश का मजेदार जवाब, कहा- कांग्रेस-सपा के सोचने का तरीका अलग-अलग'इंटरनेशनल साजिश के तहत भावनाओं को ठेस पहुंचाया जा रहा': उन्होंने कहा कि पूरा विश्व राम मंदिर के निर्माण और उद्घाटन को लेकर बेहद खुश है। भगवान राम के करोड़ों भक्त आनंदित है, लेकिन अभी भी



इस तरह के कुछ जिन्नातों के भगवान राम के भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम कर रहे हैं। लगता है यह सब किसी इंटरनेशनल साजिश के तहत हो रहा है।प्रमोद कृष्णम ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे लोग देश के लिए खतरा है। ये लोग ऐसे जिन्न जिन्हें बोतल में बंद करना बेहद जरूरी है। इस तरह की बयान बाजी करने वाले समाजवादी पार्टी के नेताओं पर लगाम लगाना अब अखिलेश यादव के बस की बात नहीं रह गई है। 'समाजवादी पार्टी में कई ऐसे नेता हैं जिनके बयान से बंटाधार': कांग्रेस नेता ने कहा कि हिंदुओं की आस्था पर प्रहार करने का नाम समाजवाद नहीं है। अभी पूरा देश रामलाल के ऊपर चलाई गई गोलियों के जख्म को भूला नहीं है। जबकि इस तरह के बयानों से नए जख्म देने की कोशिश की जा रही है। ऐसा ठीक नहीं है। यह समाजवादी पार्टी को ले डूबेगा। समाजवादी पार्टी में कुछ ऐसी बीमारियां हैं जो लाइलाज हैं। अखिलेश यादव के हाथ में कुछ नहीं है।

### बिहार के मुजफ्फरपुर में सड़क हादसा, तीन की मौत

**पटना।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के फकुली ओपी क्षेत्र के बलिया ओवर ब्रिज के समीप मंगलवार सोनपुर से गंगा स्नान कर सीतामढ़ी के लोग एक ऑटो से लौट रहे थे। इस दौरान अचानक सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में ऑटो अनियंत्रित होकर टकरा गयी जिससे घटनास्थल पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला और दो पुरुष शामिल है। वहीं करीब सात लोग घायल हुए हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर है। सभी मृतक और घायल सीतामढ़ी के रहने वाले हैं। पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचा दिया है। तीनों डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पूरे मामले में पूछे जाने पर फकुली ओपी के एएसआई अनिश कुमार ने बताया कि पहले सुबह करीब 3:00 बजे के आसपास सड़क हादसा हुआ है जिसमें एक अनियंत्रित ऑटो ट्रक के पीछे से टक्कर मारी है।

**सावन-भादों की तरह कार्तिक मास में भी नगर भ्रमण पर निकले महाकाल**

## श्रद्धालुओं ने किया महाकाल का जोरदार स्वागत

**एजेंसी। उज्जैन**

द्वादश ज्योतिलिंगों में तीसरे नंबर पर स्थित ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर की सवारी सावन और भादो के साथ कार्तिक और अगहन मास में भी निकलती है। कार्तिक मास के दूसरे सोमवार यानी मंगलवार को भगवान महाकाल की सवारी शाही ठाठ-बाट के साथ निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने हिस्सा लिया। भगवान महाकाल का पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा जोरदार स्वागत भी किया गया। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में कार्तिक मास के दूसरे सोमवार भगवान महाकाल का विधि विधान के साथ पूजन किया गया। इसके बाद भगवान महाकाल की सवारी निकली। महाकालेश्वर मंदिर समिति के प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि, सावन और भादो की तरह कार्तिक और अगहन में निकलने वाली सवारी में भी उसी प्रकार से पूजा अर्चना की जाती है।



भगवान महाकाल को मुख्य द्वार पर गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया जाता है, जिसके बाद सवारी रामघाट पर पहुंचती है, जहां शिप्रा नदी के जल से भगवान महाकाल का अभिषेक होता है। इसके बाद रामघाट पर पूजा अर्चना के बाद सवारी एक बार फिर विभिन्न मार्गो से होती हुई महाकालेश्वर मंदिर पहुंचती है। भगवान महाकाल की सवारी जब तक मंदिर नहीं पहुंचती है, तब तक मंदिर में होने वाली पूजा और आरती को रोक दिया जाता है। महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी महेश गुरु ने बताया कि जिस प्रकार सावन और भादो माह में भगवान महाकाल अलग-अलग रूपों में दर्शन देते हैं। इस तरह की परंपरा कार्तिक और अगहन मास में भी निभाई जाती है। कार्तिक मास के दूसरे और अंतिम सोमवार भगवान महाकाल मन महेश के रूप में दर्शन दिए। अब अगहन मास में दो सवारी निकाली जाएगी। कार्तिक और अगहन मास में कुल चार सवारी निकलेगी।

## एक नजर

### कड़े मुकाबले में पीडब्ल्यूडी ने सेतु निगम को एक विकेट से दी मात

**लखनऊ।** इंटर आफिस क्रिकेट टूनार्मेंट के कड़े मुकाबले में सेतु निगम को पीडब्ल्यूडी ने एक विकेट से हरा दिया। इस मैच में पीडब्ल्यूडी के राजेश सिंह ने शानदार गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी भी अच्छी की। सेतु निगम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 107 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज रोहन मात्र पांच विकेट पर आउट हो गये। वहीं अजय गौतम और नवाज खान ने 26-26 रन का योगदान दिया। आमोद मात्र दो विकेट पर आउट हो गये। पीडब्ल्यूडी के गेंदबाज राजेश सिंह ने मात्र 14 रन देकर दो विकेट झटके। वहीं इन्होंने 23 रन का भी योगदान दिया। पीडब्ल्यूडी की टीम ने नौ विकेट गंवाकर 17वें ओवर में ही 111 रन बना लिये और मैच को एक विकेट से जीत लिया।

### क्रुजेइरो ने गोइयास को 1-0 से दी मात

**रियो डी जेनेरो।** युवा रॉबर्ट सिल्वा के गोल की मदद से क्रुजेइरो ने सोमवार को ब्राजील की सीरी ए चैंपियनशिप में गोइयास को 1-0 से मात दी। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार 83वें मिनट में लुइज मचाडो की जगह लेने वाले रॉबर्ट (90+6') ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल दागा और अपनी टीम की जीत पक्की की। परिणाम के कारण क्रुजेइरो 35 मैचों में 44 अंकों के साथ 20-टीम सीरी ए स्टैंडिंग में 13वें स्थान पर है। तीन मैच दिवस शेष रहते हुए ड्रॉप जोन से तीन अंक पीछे है। गोइयास 18वें स्थान पर है और अगले साल टॉप पर बने रहने का कोई भी मौका पाने के लिए उसे अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने होंगे। दोनों टीमें गुरुवार को फिर से खेलेंगी क्योंकि ब्राजीलियाई सीरी ए सीजन खत्म होने वाला है। क्रुजेइरो माइनिराओ एथलेटिको पैरानेंस की मेजबानी में रहेंगे जबकि गोइयास का सामना पोर्टो एलेग्रे में ग्रेमियो से होगा।

### रॉयल चैलेंजर्स के साथ तीन साल की यात्रा अविश्वसनीय रही : हर्षल पटेल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन से पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की ओर से रिलीज किए गए तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि आरसीबी के साथ पिछले तीन साल की उनकी यात्रा अविश्वसनीय रही है। तेज गेंदबाज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट एक भावुक पोस्ट लिखा है। पटेल ने लिखा कि मैं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ अपनी कुछ विशेष यादें साझा करना चाहता हूं। पिछले तीन साल मेरे लिए अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं टीम के सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं जो हर सुख-दुख में मेरे साथ खड़े रहे। जैसे मैं आगे बढ़ रहा हूं, मेरे पास कुछ नहीं है लेकिन मेरे दिल में आभार है। पटेल आरसीबी से 2021 में जुड़े थे। उस सीजन में उन्होंने 32 विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम की थी। हालांकि इसके बाद 2023 सीजन में 19 विकेट लिए। फिर 2023 वाले सीजन में हर्षल का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। उन्होंने आईपीएल 2023 में 9.66 इकॉनामी के साथ 14 विकेट लिए थे।

## मैक्सवेल की तूफानी पारी से जीता ऑस्ट्रेलिया

# तीसरे टी-20 में भारत को 5 विकेट से हराया, आखिरी 2 ओवर में 43 रन बनाए

**एजेंसी। गुवाहाटी**

ग्लेन मैक्सवेल की शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में 5 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 2-1 से वापसी की है। सीरीज का चौथा मुकाबला रायपुर में एक दिसंबर को खेला जाएगा। गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 222 रन का स्कोर खड़ा किया। 223 रन का टारगेट ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया। ग्लेन मैक्सवेल ने 48 बॉल पर 104 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने 8 चौके और 8 छक्के जमाए। कप्तान मैथ्यू वेड 16 बॉल पर 28 रन बनाकर नाबाद रहे। ट्रैविस हेड ने 18 बॉल पर 35 रन बनाए।

**भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरे टी-20 का स्कोरकार्ड :** पावरप्ले में पवेलियन लौटे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर्स, आवेश-अर्श को एक-एक विकेट 223 रन का टारगेट चेज करने उतरे कंगारू ओपनर्स ने तेज शुरूआत की। टीम ने शुरूआती 4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 46 रन बना लिए। 5वें ओवर में अर्शदीप सिंह और छठे ओवर में आवेश खान ने भारत को एक-एक सफलता दिलाई। अर्शदीप ने एरोन हार्डी और आवेश ने ट्रैविस हेड को



आउट किया। 6 ओवर के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 67/2 रहा। भारत ने बनाया 222/3 का स्कोर, गायकवाड का शतक गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में मंगलवार को भारतीय टीम ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 222 रन बनाए। पारी के आखिरी ओवर में 30 रन बने। ओपनर ऋतुराज गायकवाड ने 57 बॉल पर 123 रन की पारी खेली। उन्होंने टी-20 करियर का पहला शतक जमाया। गायकवाड ने सिक्स के साथ सेंचुरी पूरी की। गायकवाड ने अपनी पारी में 13 चौके और 7 छक्के जमाए। तिलक वर्मा 31 रन पर नाबाद रहे, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 39 रन की पारी खेली। डेथ ओवर्स ओवर में भारतीय बल्लेबाजों ने 74 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के जेसन बेहरनऑफ किफायती रहे, उन्होंने 17वें ओवर में केवल 7 रन दिए। इसके बाद एरन हार्डी के ओवर में तिलक वर्मा और गायकवाड की जोड़ी ने 25 रन बनाए। आखिरी ओवर में मैक्सवेल के सामने गायकवाड ने शानदार बल्लेबाजी की और पूरे 30 रन बनाने के साथ ही अपना पहला शतक भी पूरा किया।

## कमिंस ने टी20 टीम में बदलाव के फैसले का किया स्वागत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भारत के खिलाफ तीसरे टी20 मैच से पहले विश्व कप विजेता खिलाड़ियों को वापस बुलाने के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के फैसले का स्वागत करते हुए कहा, 'खिलाड़ियों को खेल से कुछ विश्राम की जरूरत है। विश्व कप विजेता टीम के सात सदस्य सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए भारत में ही रुके थे। हैरानी की बात यह है कि भारत ने अपनी विश्व कप टीम से केवल 3 खिलाड़ियों को ही मैदान में उतारा। सूर्यकुमार टी20 सीरीज में टीम का नेतृत्व कर रहे हैं जबकि ईशान किशन और प्रसिद्ध कृष्णा अन्य दो खिलाड़ी हैं। अहमदाबाद में विश्व कप फाइनल के ठीक 4 दिन बाद टी20 श्रृंखला शुरू हुई। यह समझ में आने योग्य था कि ऑस्ट्रेलिया ने विशाखापत्तनम में श्रृंखला के शुरूआती मैच के लिए अपने



अधिकांश विश्व कप सितारों को आराम दिया था। हालाँकि, ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को भारत के खिलाफ तीसरे टी20 मैच से पहले टी20 टीम में बदलाव की पुष्टि की क्योंकि स्टीव स्मिथ, एडम जम्पा, ग्लेन मैक्सवेल, सीन एबॉट, जोश इंग्लिस और मार्कस स्टॉयनिस स्वदेश लौटने के लिए तैयार हैं। फॉक्स क्रिकेट ने कमिंस के हवाले से कहा, मैं उनसे नाराज नहीं हूं)। पिछले कुछ महीने काफी व्यस्त रहे हैं। ये अभी भी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले हैं और यह बहुत अच्छा है कि ये दौरे कुछ युवा लोगों या उन लोगों के लिए अवसर प्रदान करते हैं जो शायद पहले एकादश में नहीं हैं। मुझे लगता है कि ये महत्वपूर्ण दौरे हैं और आप इनसे बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं।

## 2028 ओलंपिक में शामिल होगा क्रिकेट नीता अंबानी ने क्रिकेट लवर्स को दी बधाई

**एजेंसी। मुंबई**

आईओसी मेंबर नीता एम अंबानी ने कहा कि लॉस एंजेलिस 2028 के ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किया जाना एक स्वागत योग्य कदम है। इस फैसले से दुनिया में ओलंपिक आंदोलन को लेकर लिए नई रुचि और कई नए अवसर पैदा होंगे। मुंबई में चल रहे 141वें आईओसी सत्र में क्रिकेट को आधिकारिक तौर पर ओलंपिक खेल के रूप में शामिल किए जाने पर नीता अंबानी ने कहा, एक आईओसी सदस्य, एक गौरवान्वित भारतीय और एक क्रिकेट प्रशंसक के तौर पर मुझे खुशी है कि आईओसी सदस्यों ने, लॉस एंजेलिस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2028 में क्रिकेट को शामिल करने के लिए वोट किया। नीता अंबानी ने कहा: क्रिकेट विश्व स्तर पर सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले खेलों में से एक है और दूसरा सबसे ज्यादा देखा जाने वाला खेल है। 1.4 अरब भारतीयों के लिए, क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, एक धर्म है! इतिहास में ऐसा दूसरी बार है



जब आईओसी सत्र भारत में आयोजित किया जा रहा है, 40 साल बाद इसकी देश में वापसी हो रही है। क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय, भारत में लिया गया है। श्रीमती नीता अंबानी ने कहा, मुझे खुशी है कि यह ऐतिहासिक प्रस्ताव हमारे देश में, मुंबई में हो रहे एक सौ इकतालीसवें आईओसी सत्र में पारित किया गया। श्रीमती नीता अंबानी ने उम्मीद जताई कि इस घोषणा से दुनिया भर में खेलों की लोकप्रियता काफी बढ़ जाएगी। ह्लओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने से नए भौगोलिक क्षेत्रों में ओलंपिक आंदोलन को लेकर गहरा जुड़ाव पैदा होगा और साथ ही क्रिकेट की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता को भी बढ़ावा मिलेगा। आईओसी सदस्य बनने वाली पहली भारतीय महिला श्रीमती नीता अंबानी ने इस दिन को भारत के लिए बहुत खुशी का दिन बताया। मैं इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए आईओसी और लॉस एंजेलिस आयोजन समिति को धन्यवाद और बधाई देती हूं। यह सचमुच बहुत खुशी और उल्लास का दिन है।

### धोखाधड़ी में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज श्रीसंत को अंतरिम जमानत मिली

**कोच्चि ।** केरल उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस श्रीसंत को धोखाधड़ी के एक मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने यह आदेश तब पारित किया जब उसे सूचित किया गया कि मामला दोनों पक्षों के बीच सुलझ गया है। याचिकाकर्ता को दोषी शिकायतकर्ता को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया गया है क्योंकि लोक अभियोजक ने कहा कि मामला सुलझ गया है। उच्च न्यायालय ने आदेश दिया, ''यथाशीघ्र आवेदन दाखिल करें। 8 दिसंबर, 2023 को पोस्ट करें। अंतरिम आदेश दिया गया। श्रीसंत, जो वर्तमान में देश में लीजेंड्स लीग में खेल रहे हैं, ने अग्रिम जमानत याचिका दायर करते हुए दावा किया कि उन्हें कन्नूर टाउन पुलिस द्वारा दर्ज मामले में झूठा फंसाया गया है। मामला एक विला निवेश परियोजना से जुड़ा है और बाद में मामला अदालत के बाहर ही सुलझ गया। 2013 में आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग मामले में फंसने के बाद श्रीसंत का अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म हो गया।

## पुरुषों के हॉकी कोचिंग शिविर के लिए कोर ग्रुप की घोषणा

**एजेंसी। बेंगलुरु**

हॉकी इंडिया ने मंगलवार को भारतीय खेल प्राधिकरण, बेंगलुरु में 29 नवंबर से शुरू होने वाले पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 39 सदस्यीय कोर ग्रुप की घोषणा की। एशियाई खेलों के चैंपियन स्पेन में अपने आगामी असाइनमेंट के लिए तैयारी करेंगे जहां वे वालेंसिया में 15 दिसंबर 2023 से शुरू होने वाले 5 देशों के टूनार्मेंट में जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम और मेजबान स्पेन से भिड़ेंगे। राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के मुख्य समूह में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, पवन मलिक और प्रशांत कुमार चौहान शामिल हैं। हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप जेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की और मंजीत को डिफेंडर के रूप में नामित किया गया है। शिविर में बुलाए गए मिडफील्डरों में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद,



मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन और मनिंदर सिंह शामिल हैं। फॉरवर्ड की सूची में एस. कार्थी, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और पवन राजभर शामिल हैं। आगामी शिविर के बारे में बात करते हुए, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन ने कहा, हांगझाऊ एशियाई खेलों में सफल प्रदर्शन के बाद यह राष्ट्रीय शिविर से एक लंबा ब्रेक था। टीम के अधिकांश खिलाड़ियों ने चेन्नई में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेली और मुझे भी कुछ युवा और उभरते खिलाड़ियों को करीब से देखने का मौका मिला।

### टी20 सीरीज : स्टूडेंट्स को एक हजार रुपये में मिलेंगे ऑफलाइन टिकट

**रायपुर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज का चौथा मैच राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 1 दिसंबर को खेला जाएगा। यह मैच शाम 7 बजे से खेला जाएगा। मैच की टिकट की ऑनलाइन बुकिंग जारी है। वहीं आज मंगलवार से ऑफलाइन टिकट की बिक्री सुबह 11 बजे से शुरू होगी, जिसमें स्टूडेंट्स को 1000 में टिकट मिलेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया मैच के लिए छात्रों को 1000 रुपये में टिकट उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी बिक्री आज सुबह 11 बजे से (टिकट समाप्त होने तक) सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बुढ़ापारा, रायपुर में ऑफलाइन उपलब्ध होगी। इसके लिए छात्रों को अपना परिचय पत्र दिखाना होगा, साथ ही पहचान पत्र की एक फोटो कॉपी काउंटर में जमा करनी होगी, जिसके बाद ही उन्हें टिकट मिलेगी।

### कराटे चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के चार खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण समेत 6 पदक जीते

**लखनऊ।** भुवनेश्वर स्थित रेलवे इंडोर स्टेडियम में 25 और 26 नवंबर को आयोजित ऑल इंडिया कांनीनजुकु ओपन कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने वाले उत्तर प्रदेश के चार खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण पदक समेत कुल छह पदक अपने नाम किए हैं। प्रतियोगिता में वाराणसी के कांनीनजुकु आरबी मार्शल आर्ट्स अकडेमी के 4 खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिभाग किया था। इनमें सिद्धांत राय 12-13 बालक वर्ग में स्वर्ण पदक (कुमिते 55 किग्रा भार वर्ग) और कांस्य पदक (काता), आदर्श सोनकर 18 पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक (कुमिते -84 किग्रा भार वर्ग), शुचय कुमार मिश्रा 14-15 आयु बालक वर्ग कांस्य पदक (कुमिते -57 किग्रा भार वर्ग) और कांस्य पदक (काता वर्ग) नीरज यादव ने 14-15 आयु बालक वर्ग काता में रजत पदक जीता। खिलाड़ियों के मुख्य प्रशिक्षक अरविन्द कुमार यादव ने बताया कि इन खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश की ओर से तृतीय स्थान दिलाया।

## आज से नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूनार्मेंट का आगाज

**एजेंसी। रांची**

शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का उद्घाटन मैच ग्रुप अ का जयराम स्पोर्टिंग क्लब बीसा बनाम फुटबॉल क्लब आनंदी के के बीच खेला गया। जिसमें जयराम स्पोर्टिंग क्लब बीसा 1-0 से विजय हुई। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि राजेश कश्यप खिजरी विधायक विशिष्ट अतिथि कमिश्नर मुंडा जिला परिषद पश्चिमी ओरमांझी आशीष साहू भाजपा युवा दस्तक अध्यक्ष ओरमांझी विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस तुलसी खरवार हरिमोहन महतो रवि साहू सुरेश साहू संयुक्त रुप से मैच का उद्घाटन किये। सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किए भूमित 11 बेलवा टोली एवं



डायमंड क्लब रांची। जिसमें पहला क्वार्टर फाइनल मैच में चंदेश्वर कुमार एवं दूसरा मैच में पवन करमाली को प्लेयर ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया। मौके पर चंद्रदेव मुंडा सेवाराम महतो रामप्रसाद धर्मनाथ मुंडा मोहन बेदिया रामदयाल गंझू आयोजन समिति के अध्यक्ष नीलांबर सिंह सचिव विनोद कुमार महतो कोषाध्यक्ष दीपक नायक उपाध्यक्ष सनी सिंह उपसचिव जीवनलाल मुंडा उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह जयवीर बेदिया नकुल बेदिया अजय गंझू प्रदीप मुंडा दिलीप मुंडा नितेश मुंडा शंकर मुंडा सत्य सिंह भरत मुंडा नितेश पाहन प्रीतम सिंह विकास मुंडा एवं सभी सदस्यों मौजूद थे।

### पीकेएल 10: तमिल थलाइवाज ने सागर राठी को बनाया कप्तान

**चेन्नई।** तमिल थलाइवाज ने मंगलवार को प्रो कबड्डी लीग के आगामी 10वें सीजन के लिए सागर राठी को कप्तान घोषित किया। उनके साथ टीम ने अजिंक्य पवार और साहिल गुलिया को भी उप-कप्तान घोषित किया, जिससे इस बहुप्रतीक्षित सीजन के लिए एक शक्तिशाली नेतृत्व तिकड़ी बन गई। सागर राठी जो अपने रणनीतिक कौशल और तकनीक के लिए जाने जाते हैं, वो तमिल थलाइवाज का नेतृत्व करने के लिए बेस्ट खिलाड़ी साबित होंगे। उप-कप्तान नियुक्त किए गए अजिंक्य पवार और साहिल गुलिया टीम को अमूल्य समर्थन देते हुए ताकत के स्तंभ के रूप में कप्तान का साथ देंगे। खेल के प्रति उनकी दक्षता और प्रतिबद्धता उन्हें कप्तान सागर राठी के नेतृत्व के लिए आदर्श विकल्प बनाती है। प्रशंसकों और समर्थकों के बीच उत्साह स्पष्ट है क्योंकि टीम कप्तान सागर राठी के मार्गदर्शन में एक रोमांचक यात्रा के लिए तैयार है। वीवो प्रो कबड्डी का 9वां संस्करण तमिल थलाइवाज के लिए सबसे अच्छा सीजन था।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम कनाडा से भिड़ने के लिए तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बुधवार को चिली के सैंटियागो में एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के शुरूआती मैच में कनाडा से भिड़ेगी। 2022 संस्करण में चौथा स्थान हासिल करने के बाद अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक भारत पूल सी में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए तैयार है। भारत का एक चुनौतीपूर्ण समूह है, जिसमें 2022 उपविजेता जर्मनी, बेल्जियम और उनके पहले प्रतिद्वंद्वी कनाडा शामिल हैं। कनाडा के खिलाफ शुरूआती मुकाबले में भारत का लक्ष्य शुरूआत से ही लय कायम करना है। कनाडाई टीम के खिलाफ उनके पिछले मुकाबलों में भारत ने तीनों मैचों में जीत हासिल की है। यह एक ऐसा आंकड़ा है, जो उनकी प्रेरणा में उत्साह जोड़ता है। इसके अलावा इस साल की शुरूआत में जापान के काकामिगाहारा में महिला जूनियर एशिया कप 2023 के



खिताब पर भारत का विजयी कब्जा एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप 2023 में कदम रखने के लिए एक महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक लाभ के रूप में खड़ा है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की कप्तान प्रीति ने अपने शुरूआती गेम से पहले आत्मविश्वास दिखाया और कहा, हम दृढ़ संकल्प और फोकस के साथ टूनार्मेंट में प्रवेश कर रहे हैं। हमारी टीम की तैयारी गहन रही है और हम इसे मैदान पर अपने प्रदर्शन में बदलने के लिए उत्सुक हैं। शुरूआती मैच में कनाडा के खिलाफ खेलना हमारे लिए अपने अभियान की गति निर्धारित करने का एक मौका है। कोच तुषार खांडकर ने टीम की तत्परता पर जोर देते हुए इस भावना को दोहराया, हमारे खिलाड़ियों ने कड़ी ट्रेनिंग की है और आने वाली चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार हैं। हम हर प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करते हैं और कनाडा के खिलाफ मजबूत शुरूआत की उम्मीद कर रहे हैं। टूनार्मेंट का प्रारूप क्वार्टर-फाइनल में सीधे प्रवेश के लिए पूल चरण में शीर्ष-दो में रहने की मांग करता है।

## पैरा थ्रो बॉल | निरंतर प्रयास व प्रोत्साहन से खिलाड़ियों का प्रदर्शन रहा अव्वल

# झारखंड वापसी पर स्वर्ण विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

**एजेंसी। रांची**

भूटान में आयोजित भारत-भूटान पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में भारत ने शानदार जीत दर्ज करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। विजेता भारतीय दल में शामिल झारखंड के खिलाड़ी मुकेश कंचन, सनोज महतो,महिमा उरांव और असुंता टोप्पो का स्वदेश वापसी पर रांची रेलवे स्टेशन में ढोल बाजा के साथ स्वागत किया गया। भारतीय टीम के कप्तान मुकेश कंचन ने कहा कि निरंतर प्रयास और प्रोत्साहन से झारखंड के खिलाड़ियों का प्रदर्शन अव्वल हमारे रहा और स्वर्ण पदक जीतने में अहम भूमिका रही। सनोज महतो ने उम्मीद जताई कि सरकार का सहयोग मिलता रहेगा और वे भविष्य में बड़े देशों को भी आगे भी अपने बेहतर प्रदर्शन से मात देंगे। झारखंड पारा ओलंपिक




संघ के अध्यक्ष राहुल मेहता ने बताया कि आज भी राज्य में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए सुविधा काफी सीमित हैं। खिलाड़ी न्यूनतम सुविधाओं के बीच अभ्यास करते हैं। यह तो खिलाड़ियों, कोच और पारा थ्रो बाल संघ का अपने देश के लिए कुछ कर के दिखाने का जज्बा है जो उन्हें बुलंदी तक ले जा रहा है। सरकार से आग्रह है कि खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करें। महिला दल की सदस्यों महिमा उरांव और अशुंता टोप्पो ने कहा कि ये उपलब्धि सपना सच होने जैसा है। उन्होंने जो समझा था नाकाबिल जिन्हे ईंट तोड़ने को, वो पूरी की पूरी पहाड़ तोड़ लाए। समाजसेवी अंतु तिर्की, पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष श्री राहुल मेहता, सचिव सरिता सिन्हा ,पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री कमल अग्रवाल ,सचिव अविनाश तिवारी, समाज सेवी एवम सोदाग पंचायत के यूवा मुखिया पतरस तिर्की जी, समेत सोदाग पंचायत के सैकड़ो लोगों ने महिमा का स्वागत रांची स्टेशन में आकर किया, सृजन हेल्प के सचिव गुंजन गुप्ता, दसमाईल सिलोदान के वार्ड सदस्य निशांत मिंज,मुकेश महतो, गणेश साहू एवं कई सामाजिक संगठनों ने पदक जीत कर वापस आने पर मुकेश कंचन, सनोज महतो, महिमा उरांव असुंता टोपो को बधाई दी।

### भारत के रघु ने इंडोनेशिया के अल्वी परहान को सीधे मुकाबले में दी मात

**लखनऊ।** सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन टूनार्मेंट में सुबह से ही खिलाड़ियों में उत्साह दिखा। दिनभर पदक के लिए खिलाड़ी पसीने बहाते दिखे। क्वार्टर फाइनल में भारत के रघु मरीस्वामी ने इंडोनेशिया के अल्वी फरहान को सीधे मुकाबले में मात दे दी। वहीं युगांडा के खिलाड़ी हुसैन कबाब ने भारत के केयूरा मोपति को सीधे मुकाबले में हरा दिया। सैयद मोदी इंटरनेशनल बैंडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्वाह्न में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इसमें बाद बीबीडी एकेडमी के विभिन्न कोर्ट पर मुकाबले दिनभर चलते रहे। एकल मुकाबले में क्वार्टर फाइनल में भारत के रघु ने इंडोनेशिया के अल्वी फरहान को सीधे मुकाबले में 21-15, 21-11 से मात दी। वहीं बेलारूस की खिलाड़ी विक्टोरिया को भारत की आद्या ने सीधे मुकाबले में 12-21, 18, 21 से हरा दिया।

## चेन्नई में होगा इंडियन रेसिंग फेस्टिवल का दूसरा सीजन

**एजेंसी। चेन्नई**

इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 1-17 दिसंबर, 2023 तक मद्रास इंटरनेशनल सर्किट, चेन्नई में शुरू होने वाला है। अपने उद्घाटन दौर की सफलता के बाद लीग के दूसरे सीजन में चेन्नई में कार्यवाही शुरू होने पर छह टीमें अपनी प्रतिद्वंद्विता को पेश करेंगी। इस सीजन में, छह पावरहाउस टीमें वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें एक प्रभावशाली लाइनअप शामिल है जो एफ4 टीमों को प्रतिबिंबित करता है। टीमों में शामिल हैं: हैदराबाद ब्लैकबर्ड्स, स्पीड डेमन्स दिल्ली, चेन्नई टर्बोराइडर्स, गॉडस्पीड कोच्चि, गोवा एसेस, बैंगलोर स्पीडस्टर्स। एक अनोखे मोड़ में आईआरएल और एफ4 दोनों एक ही टीम के नाम साझा करते हैं जिससे रेसिंग दृश्य में उत्साह और प्रतिस्पर्धा की एक अतिरिक्त परत जुड़ जाती है। अपने



एफ4 समकक्ष के विपरीत आईआरएल कारों और टीमों चैम्पियनशिप के साथ एक विशिष्ट चैम्पियनशिप प्रारूप पेश करता है। आईआरएल में व्यक्तिगत ड्राइवरों के बजाय टीमों के सामूहिक प्रदर्शन पर जोर देते हुए, कार नंबर के आधार पर अंक दिए जाते हैं। यह प्रतियोगिता में एक रणनीतिक आयाम जोड़ता है, जिससे प्रशंसक पूरे सीजन में इसका आनंद उठा सके। रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी अखिलेश रेड्डी ने कहा, हम इंडियन रेसिंग लीग को उसके दूसरे सीजन में वापस लाने के लिए रोमांचित हैं। इस बार हमने दांव बढ़ा दिया है।

## एक नजर

### बिटकॉइन की बढ़ी चमक एथेरियम में गिरावट

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज मिलाजुला कारोबार होता नजर आ रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत में आज जहां तेजी आई है, वहीं दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम को आज गिरावट का सामना करना पड़ा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 5 बढ़त के साथ ग्रीन जोन में और 4 गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं, जबकि 1 की कीमत में पिछले 24 घंटे के दौरान कोई बदलाव नहीं आया है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ 37,176.67 डॉलर यानी 30.98 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत आज 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 2,024.79 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

### शादी के सीजन में सराफा बाजार में तेजी, चेन्नई में सोना 63 हजार के पार

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन के बाद सुस्त पड़े सराफा बाजार में शादी के सीजन ने नई जान फूंक दी है। शादी का सीजन शुरू होने के बाद से ही सोने की कीमत में तेजी का सिलसिला जारी है। आज चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत उछल कर 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के पार चली गई। चेन्नई की तरह देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 62,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर चढ़ कर कारोबार कर रहा है। 24 कैरेट सोने की तरह जेवराती यानी 22 कैरेट सोने की कीमत में भी तेजी दर्ज की गई है। देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 57,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर पहुंच गया है। दिल्ली सराफा बाजार में आज चांदी 78,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

### शुरूआती कारोबार,दबाव में घरेलू शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में आज दबाव में कारोबार होता नजर आ रहा है। बाजार की शुरूआत आज मामूली बढ़त के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में मामूली खरीदारी भी हुई। लेकिन उसके बाद बिकवालों ने अपना दबाव बना दिया। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ और निफ्टी 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। शुरूआती एक घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स, बीपीसीएल, टाटा मोटर्स और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 6.76 प्रतिशत से लेकर 1.77 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, एलटी माइंडट्री, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 0.99 प्रतिशत से लेकर 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे।

# जीडीआर मैनिपुलेशन में सेबी हुआ सख्त, अरुण पर पेनल्टी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मार्केट कंट्रोलर सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट (जीडीआर) जारी करने में हेरा-फेरी के एक मामले में अरुण पंचारिया को 26.25 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस भेजा है। सेबी ने अपने नोटिस में अरुण पंचारिया को 15 दिन के अंदर भुगतान करने का निर्देश देते हुए भुगतान नहीं होने पर गिरफ्तारी और चल अचल संपत्ति को कुर्क करने की चेतावनी भी दी है। इस साल जुलाई के महीने में ही सेबी ने हीरन ऑर्गोर्केम के ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट जारी करने में हुई हेरा-फेरी के लिए पंचारिया पर 25 करोड़ रुपये और मुकेश चौरड़िया पर 20 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था, लेकिन अरुण




पंचारिया इस जुमार्ना राशि को चुकाने में विफल रहे। इसके बाद अब सेबी ने अरुण पंचारिया को 15 दिन के अंदर 26.25 करोड़ रुपये जमा करने का आदेश दिया है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड हीरन ऑर्गोर्केम ने मई 2010 में एक करोड़ डॉलर के 15.38 लाख ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट जारी किए, जिसकी कीमत कंपनी के 4.61 करोड़ शेयरों से तय की गई थी। मतलब मई 2010 में 4.61 करोड़ अंडरलाइंग इक्विटी शेयर के बदले एक करोड़ डॉलर के 15.38 लाख ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट जारी किए गए। इस मामले में हेरा-फेरी का आरोप लगने के बाद सेबी ने इसकी जांच की। जांच में पता चला कि अरुण पंचारिया ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट जारी होने के हर चरण में प्रमुख भूमिका निभा रहे थे। जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ कि इस मामले में कर्ज लेकर फर्जी तरीके से ग्लोबल डिपॉजिट रिसीट हासिल किया गया। इसके बाद कर्ज को चुकाए बिना ही ग्लोबल डिपॉजिट रिसीट को शेयर में बदल कर इसे बेच दिया गया। इस पूरे मामले में मुकेश चौरड़िया भी एक पक्ष बने हुए थे। इसलिए उन पर भी सेबी ने 20 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था। सेबी का आरोप है कि अरुण पंचारिया और मुकेश चौरड़िया ने प्रोहिबिशन ऑफ फ्रॉडलेंट एंड अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिसेज रूल्स (पीएफयूटीपी) में दिए गए प्रावधानों का उल्लंघन किया।

## सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के निवेशकों को बंपर मुनाफा

**नई दिल्ली।** सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) की पहली किस्त 30 नवंबर को मैच्योर होने वाली है। एसजीबी की पहली किस्त 2015 में जारी की गई थी, जो 8 साल की परिपक्वता अवधि के बाद गुरुवार को मैच्योर हो जाएगी। एसजीबी की इस किस्त के निवेशकों को सोने के निवेश पर प्रति ग्राम 3,448 रुपये का मुनाफा हुआ है। इस बॉन्ड ने अपने निवेशकों को 10.88 प्रतिशत का कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) रिटर्न दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक एसजीबी की पहली किस्त के फाइनल रिडेंप्शन के लिए प्रति यूनिट (ग्राम) 6,132 रुपये का भुगतान किया जाएगा। एसजीबी की ये कीमत 20 से 24 नवंबर के सप्ताह के दौरान सोने के एवरेज क्लोजिंग प्राइस के आधार पर कैलकुलेट की गई है। 2015 में आए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की पहली किस्त में निवेशकों को 2,684 रुपये प्रति यूनिट (ग्राम) का भुगतान करना पड़ा था।

## एलिएक्सिस ने एक्जिक्यूटिव कमेटी में अरविंद चंद्रा को किया शामिल

**एजेंसी। रांची**

मौलिक फ्लुइड मैनेजमेंट सॉल्यूशंस के जरिए पानी और ऊर्जा तक पहुंच बनाने वाली वैश्विक अग्रणी कंपनी, एलिएक्सिस ने अपनी एक्जिक?यूटिव कमिटी में अरविंद चंद्रा को शामिल किया है। एलिएक्सिस इंडिया (आशीर्वाद पाइप्स) के नए डिविजनल सीईओ के तौर पर वह सीईओ एरिक ओल्सन को रिपोर्ट करेंगे। एलिएक्सिस के सीईओ एरिक ऑलसन ने कहा कि अरविंद चंद्रा के गतिशील नेतृत्व में हम अपने भारतीय व्यवसाय के अगले चरण को लेकर उत्साहित हैं। अरविंद का विभिन्न उद्योगों में विकास और मुनाफे को बढ़ाने का 30 सालों का प्रभावशाली वैश्विक रिकॉर्ड है। आने वाले वर्षों में भारत एलिएक्सिस के लिए एक उच्च विकास वाला बाजार है और अरविंद हमारे भारतीय परिचालन को अगले स्तर पर ले जाने में मदद करेंगे। एलिएक्सिस इंडिया के डिविजनल सीईओ अरविंद चंद्रा ने



कहा कि भारत की जल संबंधी गंभीर चुनौतियों से निपटने की कोशिशों में एलिएक्सिस के साथ जुड़कर मुझे खुशी हो रही है। आशीर्वाद टीम के साथ मिलकर, हम स्थिरता और नवाचार दोनों पर मजबूत फोकस के साथ विकास की गति को आगे बढ़ाएंगे, क्योंकि हम उच्च गुणवत्ता वाले सॉल्यूशंस मुहैया कराते हैं, जिनकी हमारे ग्राहक उम्मीद करते हैं।। एलिएक्सिस में शामिल होने से पहले अरविंद चंद्रा मिंडा कॉर्पोरेशन कंपनी में ऑटोमोटिव क्षेत्र के सबसे बड़े वर्टिकल के सीईओ थे। अपने कार्यकाल के दौरान, राजस्व और मुनाफे में जबरदस्त वृद्धि के साथ कंपनी के शेयरों में 400 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई।

# सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में जबरदस्त उछाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के 24 नवंबर को अडानी-हिंडनबर्ग मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखने के बाद मंगलवार को समूह के शेयरों में 20 फीसदी तक की तेजी आई। अडानी टोटल गैस 19 फीसदी, अडानी एनर्जी 17 फीसदी, अडानी ग्रीन 14 फीसदी, अडानी पावर 13 फीसदी और अडानी एंटरप्राइजेज 10 फीसदी ऊपर है। शीर्ष अदालत ने कहा था कि भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह अपने निष्कर्ष निकालने के लिए समाचार पत्रों की रिपोर्टों का पालन करेगा। चीफ जस्टिस ने याचिकाकर्ताओं द्वारा संगठित अपराध और भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग परियोजना और हिंडनबर्ग रिसर्च जैसे संगठनों की रिपोर्टों की जानकारी के उपयोग पर भी नाराजगी व्यक्त की। भारत के



सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ओसीसीआरपी रिपोर्ट (संगठित अपराध और भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग परियोजना) के संबंध में नए तथ्य सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में लाए थे। सॉलिसिटर जनरल के अनुसार, जब सेबी ने ओसीसीआरपी को पत्र लिखकर 31 अगस्त की रिपोर्ट में अडानी समूह के खिलाफ आरोप लगाते समय संगठन द्वारा भरोसा किए गए विवरण और दस्तावेजों की मांग की, तो ओसीसीआरपी ने आरोपों का विवरण साझा नहीं किया और कहा कि वह भारत में एक गैर सरकारी संगठन से प्राप्त किया जा सकता है, जिसने उसे जानकारी प्रदान की थी। सॉलिसिटर जनरल के मुताबिक, इस एनजीओ को प्रशांत भूषण चलाते हैं। सुनवाई के दौरान भारत के सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि अडानी ग्रुप के खिलाफ आरोपों से जुड़े 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी हो चुकी है।

## ग्लोबल मार्केट पर दबाव, एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के कारोबार के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। वहीं एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले क्षेत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार होता रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,556.06 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डैक ने 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 14,241.02 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि आज डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.05 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 35,350.16 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

## एचडीएफसी बैंक और रेडियो ऑरेंज ग्रामीण क्षेत्रों में फैला रही जागरूकता

**एजेंसी। रांची**

एचडीएफसी बैंक और रेडियो ऑरेंज 106.4 एफएम के द्वारा खुशियों की यात्रा का कार्यक्रम एयरपोर्ट रोड में आयोजित किया गया। खुशियों की यात्रा गाड़ी को फ्लैग ऑफ मुख्य अतिथि कुमार अभिषेक , सर्किल हेड ईस्ट जोन आकाश कपूर ने की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई ।खुशियों की यात्रा का कार्यक्रम दो दिवसीय आयोजित किया जा रहा है जिसमें ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में जाकर लोगों को बैंक के बारे में जागरूकता फैलाना है ।इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र में फिल्मों के माध्यम से लोगों को बैंक के बारे में जागरूक किया जाएगा।

## पेज एक के शेष

### मुख्यमंत्री ने 133 करोड़...

बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके गांव, पंचायत में हमने पदाधिकारियों को योजनाओं की गठरी बांधकर भेजने का काम किया है। पूर्व की सरकारों ने कभी गांव, गरीब, किसान सहित आम जनता की सुध लेने का काम नहीं किया। यही कारण है कि लाखों आवेदन शिविरों में आये। पूर्व की सरकार कभी पदाधिकारियों को गांव, पंचायत में भेजने का काम नहीं करती थी। हमने यह सब बदला। आज लाखों जरूरतमंद लोगों को अधिकार मिल रहा है। पदाधिकारी आमजन की सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए है। हमें यहां की जड़ों को मजबूत करना है। जड़ यहां के किसान, श्रमिक, नौजवान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब पांच वर्ष उम्र के दिव्यांग को भी पेंशन देगी। प्रथम चरण के अभियान के सबसे अधिक आवेदन पेंशन के लिए आए थे। सरकार ने इसकी जानकारी जुटाई और इस पर विचार करते हुए सभी वृद्ध को, विधवा महिला को पेंशन देने का कानून बनाया। अब सभी को ससमय पेंशन का लाभ मिल रहा है। हमने इसके लिए तय संख्या की बाध्यता को समाप्त कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के जरूरतमंदों के लिए आठ लाख आवास की स्वीकृति केंद्र सरकार ने नहीं दी। अब हमारी सरकार राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना के तहत अर्हता प्राप्त जरूरतमंद को योजना से आच्छादित कर रही है। यह तीन कमरों का सुसज्जित आवास होगा। आवास आवंटन की प्रक्रिया भी आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शुरू हो चुकी है। केंद्र सरकार की अनदेखी के बाद यहां के लोगों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार के लिए जरूरी था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्राम गाड़ी योजना शुरू कर रही है, जिसमें वृद्ध, आंदोलनकारी समेत अन्य को निःशुल्क बस सेवा प्रदान की जाएगी, ताकि ये भी शहर से जुड़ सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनों पर निर्भर रहने वालों को वन पट्टा देने के लिए अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान चलाया जा रहा है ताकि पात्र लोगों को वन पट्टा दिया जा सके। इस अभियान को हमें पूरा करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। देश में पहली बार एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का साक्षी झारखंड बना। आपकी सरकार ने खिलाड़ियों को मिलने वाली सम्मान राशि में बढ़ोतरी की है। साथ ही खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी मिली है।

### खेल-खिलाड़ियों को ....

और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में पंचायतों में खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं। सिदो- कान्हू क्लब के माध्यम से खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट्स के साथ अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। यहां के नौजवान खेलों के माध्यम से अपना भविष्य संवारने के साथ अपने प्रदर्शन से देश और राज्य का नाम रोशन करें, इसके लिए सरकार सभी सहयोग करेगी। इस मौके पर गोड्डा जिला नेटबॉल टीम की कोच मोनालिसा कुमारी, सचिव गुंजन कुमार झा, अंपायर शिवराम कृष्ण देहरी, दुमका जिला नेटबॉल एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद हकीम और कुलदीप कुमार रवि मौजूद थे।

### रेट माइनर्स बने...

का एक हिस्सा धंस गया। मलबा 60 मीटर तक फैला तो अंदर सुरंग में काम कर रहे 41 मजदूर फंस गए। उसके बाद उनको निकालने के लिए अभियान शुरू हुआ। पहले तो मशीन से 900 मिलिमीटर व्यास वाली पाइप को मलबे के पार ले जाने का प्रयास किया गया। सुरंग में मजदूर जहां फंसे थे, वह लगभग 8.5 मीटर ऊँची गोलाई में है और करीब 2 किलोमीटर लंबी सुरंग है। यह सुरंग के अंदर निर्मित हिस्सा है, जिसके कारण मजदूर अब तक सुरक्षित रहे। वहां पानी व बिजली की सप्लाई सुरंग के दूसरे हिस्से से होती रही। मालूम हो कि 2014 में दुर्घटना के बाद चूहा बिलखोदवा पर मेघालय सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भी 2021 में 30 कोयला मजदूरों के खदान में फंसने के बाद रैट माइनर्स पर अस्थाई प्रतिबंध लगाया था। इस हादसे में 15 मजदूरों की जान गई थी।

### सभ्यता के शिखर...

की चर्चा की थी। इस तकनीक के सदुपयोग से अल्गोरिदम सीखने, पहचानने, समस्या-समाधान, भाषा, लॉजिकल रीजनिंग, डिजिटल डेटा प्रोसेसिंग, बायोइंफार्मेटिक्स तथा मशीन बायोलाजी को आसानी से समझा जा सकता है। मिनटों में करोड़ों लोगों के डाटा को खंगाला जा सकता है। किसी भी काम की गति बहुत तेज की जा सकती है पर इसके सॉफ़्टवेयर खुले बाजार में मामूली कीमत पर उपलब्ध हैं जिसका दुरूपयोग भी किया जा सकता है। जॉन मेकार्थी अमेरिकी कंप्यूटर वैज्ञानिक ने 1955 में मशीनों को स्मार्ट बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को परिभाषित किया था तब से इसपर चर्चा हो रही है। चार प्रकार की होती है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिएक्टिव मशीन- यह सबसे पुरानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम का फॉर्म है जो मशीन पुराने डेटा को संग्रहीत करने में सक्षम नहीं होती और निर्णय लेने के लिए पिछले अनुभवों का इस्तेमाल भी नहीं करती हैं। यह लिमिटेड डेटा स्टोर करके प्रतिक्रिया देती है। उदाहरण के तौर पर आइबीएम ने वर्ष 1997 में शतरंज खेलने वाला सुपर कंप्यूटर डीप ब्ल्यू जिनसे उस समय के मशहूर शतरंज खिलाड़ी गैरी केस्परोव को हराया था पर इस सुपर कंप्यूटर में मेमोरी को स्टोर करने की सुविधा नहीं दी गई थी और डीप ब्लू ने विरोधी की वर्तमान चाल को देखते हुए खेल खेला था।सीमित मेमोरी- इस फॉर्म की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पिछले समय का डेटा स्टोर करती है और पुराने डेटा का इस्तेमाल करके भविष्य में होने वाली गतिविधियों के बारे में बताती है। यह प्रणाली खुद सीखने और फैसला लेने में सक्षम है।मस्तिष्क का सिद्धांत- इस प्रकार की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीनों द्वारा मानव मस्तिष्क की सीमा तक पहुंच गई है। इस समय कई मशीन वॉयस असिस्टेंट के तौर पर काम कर रही हैं। स्वयं सक्षम- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस प्रकार पर काम चल रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस प्रणाली के आने से रोबोट्स इंसानों की तरह यह जान सकेंगे कि उनका वजूद क्या है। इसके बाद इंसानों और मशीनों में कोई अंतर नहीं रह जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग का एक भाग है। इस तकनीक का सपोर्ट हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर में दिया जाता है, ताकि एल्गोरिदम को आसानी से समझा जा सकता है। एआई किसी भी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज के समान नहीं है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तीन स्किल पर करती है काम लर्निंग प्रोसेस - डेटा प्राप्त करने और इसे उपयुक्त जानकारी में बदलने के लिए नियम बनाने पर केंद्रित है। इन्हें एल्गोरिदम कहा जाता है। ये एल्गोरिदम कंप्यूटर सिस्टम को कार्य पूरा करने में मदद करते हैं। रीजनिंग प्रोसेस - इस स्किल के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वांछित परिणाम तक पहुंचने के लिए सही एल्गोरिदम का चुनाव करती है।सेल्फ-करेक्शन प्रोसेस - इस स्किल के जरिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एल्गोरिदम को अपने-आप ठीक करती है, ताकि यूजर्स को सटीक परिणाम मिल सकें।इस तकनीक से देश के मेडिकल सेक्टर को सबसे ज्यादा फायदा हो सकता है। डॉक्टर्स को अनुसंधान में मदद मिलेगी और मरीजों का बेहतर तरीके से इलाज किया जा सकेगा। स्पोर्ट्स, शिक्षा, कृषि के अलावा विकास योजनाओं की बेहतर समझ तथा जानकारी बढ़ाई जा सकती है। पर इससे सबसे ज्यादा बेरोजगारी बढ़ेगी, जो भारत जैसे देश के लिए घातक है ।मानव जाति का अंत हो सकता है क्योंकि रोबोट्स अपने आप को सभी खतरों से सुरक्षित कर खुद खतरनाक हथियार बना सकते हैं हालांकि इस दौर तक आने में अभी बहुत समय है।

### साहिबगंज एसपी...


में 1000 करोड़ के अवैध खनन के मामले में गवाह को प्रभावित करने के मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से ईडी पूछताछ कर रही है। ईडी ने इससे पहले 22 नवंबर को एसपी से पूछताछ का पहला समन भेजा था, लेकिन तब पुलिस मुख्यालय से मंतव्य लेने की बात कह उन्होंने एजेंसी से वक्त की मांग की थी। जिसके बाद एजेंसी ने उन्हें 28 नवंबर को ईडी दफ्तर में हाजिर होने ले लेकर दूसरा समन भेजा था। दरअसल ईडी के गवाह विजय हांसदा को कानूनी राय के लिए दिल्ली भेजने के लिए टिकट की व्यवस्था नौशाद आलम ने ही कराई थी। रांची पुलिस के सार्जेंट वैभव कुमार के जरिए टिकट की व्यवस्था करायी गई थी। इससे जुड़ी जानकारी ईडी ने हासिल की थी, इसके बाद नौशाद आलम को पूछताछ के लिए समन किया गया था।

## विदेश

# हमास के साथ युद्ध में इजराइल को 53 अरब डॉलर के नुकसान का अनुमान

**एजेंसी। यरूशेलम**

इजरायल के केंद्रीय बैंक ने कहा है कि हमास के साथ इजरायल के युद्ध में यहूदी राष्ट्र को लगभग 197 बिलियन शेकेल (53 बिलियन डॉलर) का नुकसान होने का अनुमान है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ऑफ इजराइल के अनुसार, इस राशि में लगभग 107 बिलियन शेकेल रक्षा व्यय, 22 बिलियन शेकेल क्षति मुआवजा और 25 बिलियन शेकेल अन्य नागरिक व्यय शामिल हैं। इसके अलावा, सरकारी ऋण पर ब्याज 8 अरब शेकेल तक पहुंचने की संभावना है, जबकि संघर्ष के कारण राजस्व का नुकसान 35 अरब शेकेल होने का अनुमान है। पूवार्नुमान इस आधार पर तैयार



किया गया कि इजरायली अर्थव्यवस्था पर युद्ध का सीधा प्रभाव अगले साल 2024 तक बना रहेगा। पूवार्नुमान के अनुसार, इजराइल की जीडीपी 2023 और 2024 में 2 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जो पिछले महीने के पूवार्नुमान में 2023 के लिए 2.3 प्रतिशत और 2024 के लिए 2.8 प्रतिशत के विकास आकलन से कम है। अपेक्षित अधिक खर्च और टैक्स कलेक्शन में भारी कमी के कारण, बैंक ने अनुमान लगाया है कि सरकार का कर्ज 2022 में सकल घरेलू उत्पाद के 60.5 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 63 प्रतिशत और 2024 के अंत तक 66 प्रतिशत हो जाएगा।

### लेबनान में आईडीएफ व हिजबुल्लाह के बीच झड़प

**तेल अवीव।** कतर के मध्यस्थ हमास और इजरायल के बीच संघर्ष विराम को दो और दिनों के लिए बढ़ाने में सफल रहे हैं, इस बीच इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) और हिजबुल्लाह के साथ-साथ लेबनान में अन्य फिलिस्तीनी संगठनों के बीच भारी गोलाबारी की खबरें सामने आ रही हैं। लेबनानी अधिकारियों ने बताया है कि आईडीएफ ने चुनिंदा हिजबुल्लाह टारगेट के सीमावर्ती क्षेत्र में गोलाबारी शुरू कर दी है। गौरतलब है कि हिजबुल्लाह एक ऐसा संगठन है, जिसे ईरान का समर्थन प्राप्त है और यह हमास से कहीं अधिक प्रोफेशनल है।

## उत्तर कोरिया

### सैन्य जासूसी उपग्रह का कारनामा

# व्हाइट हाउस और पेंटागन की लीं तस्वीरें

**एजेंसी। सियोल**

उत्तर कोरिया ने मंगलवार को कहा कि देश के सैन्य जासूसी उपग्रह ने अमेरिका में व्हाइट हाउस और पेंटागन के साथ-साथ एक प्रमुख अमेरिकी नौसैनिक अड्डे पर खड़े परमाणु विमान वाहक की तस्वीरें ली हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, उसके नेता किम जोंग-उन ने सोमवार सुबह और मंगलवार भोर में नेशनल एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी एडमिनिस्ट्रेशन के प्योंगयांग जनरल कंट्रोल सेंटर से ऑपरेशन रिपोर्ट प्राप्त करते समय तस्वीरें देखीं। योनहाप समाचार एजेंसी ने सोमवार रात केसीएनए के हवाले से कहा, उन्होंने रात 11.36 बजे ली गई व्हाइट हाउस और पेंटागन की सैटेलाइट तस्वीरों का अवलोकन किया। जासूसी उपग्रह ने सोमवार रात 11.35 बजे नौसेना स्टेशन नॉरफॉक, न्यूपोर्ट न्यूज शिपयार्ड और वर्जीनिया हवाई क्षेत्र की तस्वीरें भी लीं। केसीएनए ने कहा कि तस्वीरों में चार अमेरिकी नौसेना के परमाणु विमान वाहक और एक ब्रिटिश विमान वाहक को देखा गया। उत्तर कोरिया ने क्रमशः मई और अगस्त में दो असफल प्रयासों के बाद 21 नवंबर को



एक नए प्रकार के चोलिमा-1 रॉकेट पर मल्लीगयोंग-1 जासूसी उपग्रह लॉन्च किया। देश ने कम समय के भीतर कई और उपग्रह लॉन्च करने का संकल्प लिया। अपने प्रक्षेपण के बाद से, उत्तर कोरिया ने दावा किया है कि उपग्रह ने दक्षिण कोरिया और अमेरिकी क्षेत्रों गुआम और हवाई में प्रमुख सैन्य सुविधाओं की तस्वीरें लीं। लेकिन उत्तर ने संबंधित सैटेलाइट तस्वीरें जारी नहीं की हैं। उत्तर कोरिया ने सोमवार को कहा कि उपग्रह पर ₹फाइन-ट्यूनिंग₹ प्रक्रिया चल रही है और यह तय समय से एक या दो दिन आगे है। देश ने पहले कहा था कि मल्लिगयोंग-1 शुक्रवार को अपना आधिकारिक मिशन शुरू करेगा। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि वह बारीकी से निगरानी कर रही है कि उपग्रह सामान्य रूप से काम कर रहा है या नहीं, हालांकि ऐसा प्रतीत होता है कि वह एक कक्षा में प्रवेश कर चुका है।

### तीन देशों में आज तड़के भूकंप के झटकों से सहमे लोग

**इस्लामाबाद/बीजिंग/।** भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान और चीन के अलावा पापुआ न्यू गिनी में आज (मंगलवार) तड़के आए भूकंप से लोग सहम गए। तीनों देशों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, पापुआ न्यू गिनी के उत्तरी तट पर 6.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। ये भूकंप के झटके तट से लगभग 20 किलोमीटर (12 मील) दूर प्रशांत द्वीप के पूर्वी सेपिक प्रांत की राजधानी वेवाक शहर से थोड़ी दूरी पर महसूस किए गए। इसके अलावा पाकिस्तान और चीन भी भूकंप के तेज झटकों से हिल गए। चीन के जिजांग में 5.0 तीव्रता पाकिस्तान में 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए। फिलहाल तीनों देशों से किसी भी तरह की जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। हाल के दिनों में भारत के एक और पड़ोसी देश नेपाल में भूकंप से भारी तबाही हो चुकी है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### पंजाब में पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ करने वाले ड्रोन पर फायरिंग करके उसे वापस खदेड़ दिया। बीएसएफ ने बाद में एहतियातन सर्च ऑपरेशन चलाया है। बीएसएफ के अनुसार सोमवार की रात गुरदासपुर सेक्टर के अंतर्गत बीओपी साधांवाली पर तैनात 27 बटालियन टीम ने एक ड्रोन भारतीय सीमा में देखा, जिसके बाद बीएसएफ ने फायरिंग कर दी। इसके बाद ड्रोन की आवाज आनी बंद हो गई। आशंका जताई जा रही है कि ड्रोन या तो पाकिस्तानी सीमा में लौट गया या फिर कहीं भारतीय सीमा में ढेर हो गया।

### ईडी को संजय सिंह की बेल याचिका पर नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह द्वारा दाखिल जमानत अर्जी पर छह दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने आवेदन पर केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया। आवेदन में दावा किया गया कि सिंह को आगे हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

### कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर बढ़ी सतर्कता


कुपवाड़ा। कुपवाड़ा जिले में सोमवार को हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी के बाद भारतीय सेना ने मंगलवार को नियंत्रण रेखा पर सतर्कता बढ़ा दी है और घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करने की कोशिश कर रही है। सेना की ओर से सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कुपवाड़ा जिले में हथियार और गोला-बारूद बरामद होने के बाद सोमवार को दो लोगों को पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना अत्यधिक सतर्क रहती है और पाकिस्तान से घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। बयान में कहा गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट दृढ़ संकल्प और मजबूत प्रतिबद्धता के साथ ही भारतीय सेना सीमाओं की रक्षा और राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने मिशन में दृढ़ता से खड़ी है। नियंत्रण रेखा को भारत और पाकिस्तान के बीच एक महत्वपूर्ण बाधा के रूप में संदर्भित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने घुसपैठ के प्रयासों का मुकाबला करने में लगातार अपनी अत्यधिक तत्परता और दृढ़ता प्रदर्शित की है।

# विस चुनाव : 4 राज्यों में पीएम ने की करीब 40 सभाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों के आखिरी दौर में 40 के करीब चुनावी सभाओं को संबोधित किया और कुछ रोड शो भी किए। मध्य प्रदेश में सबसे अधिक उन्होंने 14 चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया जबकि मिजोरम में वह किसी भी चुनावी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।

### मिजोरम में एक भी सभा नहीं की



पिछले महीने नौ अक्टूबर को पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया गया था। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में मतदान संपन्न हो चुका है। तेलंगाना में 30 दिसंबर को मतदान होना है, जहां मंगलवार की शाम चुनाव का शोर थम जाएगा। तीन दिसंबर को पांचों राज्यों में मतगणना के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि किस राज्य में किसकी सरकार बनेगी और कहां किसका जादू चला। चुनावों की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री ने पहली रैली छत्तीसगढ़ में की थी।

इसके बाद उन्होंने दुर्ग, विश्रामपुर, मुंगेली और महासमुंद में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के साथ ही वहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधा और भ्रष्टाचार एवं कांग्रेस के 'कुशासन' को मुद्दा बनाया। कांकेर की जनसभा को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री ने राज्य के लोगों के नाम एक खुला पत्र भी 'एक्स' पर साझा करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की थी।

उनके पत्र में लिखा था, भाजपा ने ही बनाया, भाजपा ही संवारेगी। कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ की 90 में से 20 सीटों के लिए सात नवंबर को पहले चरण का मतदान हुआ था जबकि 17 नवंबर को 70 सीटों के लिए दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान संपन्न हुआ था। पहले चरण में जहां 78 प्रतिशत मतदान हुआ वहीं दूसरे चरण में 75.08 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। पिछले चुनाव में कांग्रेस को राज्य में 68 सीट मिली थीं तथा भाजपा 15 सीट पर सिमट गई थी। उस चुनाव में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) को पांच और बसपा को दो सीट मिली थी। कांग्रेस के पास फिलहाल 71 विधायक हैं।

मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री ने कुल 14 जनसभाओं को संबोधित किया और इंदौर में एक रोड शो किया। इस राज्य में उनकी पहली रैली रतलाम में हुई। उन्होंने सिवनी, खंडवा, सीधी, दमोह, गुना, मुरैना, सतना, छतरपुर, नीमच, बड़वानी, बेतुल, शाजापुर और झाबुआ में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर राज्य के लगभग सभी हिस्सों तक पहुंचने की कोशिश की। मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री का पूरा जोर 'डबल इंजन' की सरकार और राज्य के विकास के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता पर रहा।

मध्य प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 114 सीट जीती जबकि भाजपा ने 109 सीट। शेष सीटें बसपा, समाजवादी पार्टी और निर्दलीय उम्मीदवारों के पास चली गईं। चुनाव परिणाम के बाद कमल नाथ के नेतृत्व में बसपा, सपा और निर्दलीयों की मदद से सरकार बनी थी। हालांकि, मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके करीबी विधायकों के विद्रोह के बाद कांग्रेस सरकार गिर गई, जिससे शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की वापसी का रास्ता साफ हो गया।

इस बार मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दो केंद्रीय मंत्रियों सहित सात सांसदों और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को चुनाव मैदान में उतारकर दर्शा दिया था कि वह बेहद गंभीरता से चुनाव लड़ रही है। हालांकि पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में शिवराज सिंह चौहान को आगे नहीं बढ़ाया गया। इससे उलट, कांग्रेस ने कमल नाथ के चेहरे को आगे कर चुनाव लड़ा है। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए एक ही चरण में 17 नवंबर को मतदान हुआ था।

कांग्रेस शासित राजस्थान में प्रधानमंत्री ने कुल 12 जनसभाओं को संबोधित किया और इस दौरान उन्होंने अपराध और भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाते हुए कांग्रेस और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री ने चुनावी सभाओं के अंतिम दौर में उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड और दिवंगत नेता राजेश पायलट के साथ कांग्रेस के तत्कालीन शीर्ष नेतृत्व द्वारा किए गए व्यवहार को जोरशोर से उठाया।

### पीएम कल 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 नवंबर को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51,000 से अधिक युवाओं को विभिन्न सरकारी पदों पर नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नियुक्त व्यक्तियों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि रोजगार मेला देश भर में 37 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और श्रम और रोजगार मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में सरकार में शामिल होंगे। नवनियुक्त नियुक्तियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है, जहां 'कहीं भी किसी भी डिवाइस' सीखने के प्रारूप के लिए 800 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं।

## 6 देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र प्रस्तुत किये



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में आयरलैंड, बोस्निया और हर्जेगोविना, आर्मेनिया, मलेशिया, माली और मार्शल द्वीप समूह के राजदूत व उच्चायुक्त का परिचय पत्र स्वीकार किया। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान के अनुसार जिन लोगों ने अपना परिचय पत्र प्रस्तुत किया उनमें आयरलैंड के राजदूत केविन केली, बोस्निया और हर्जेगोविना के राजदूत हारिस ह्रे, आर्मेनिया गणराज्य के राजदूत वाघन अफयान, मलेशिया के उच्चायुक्त मुजफ़्फर शाह बिन मुस्तफा, माली के राजदूत ब्रिगेडियर जनरल फेलिक्स डायलो और मार्शल द्वीप गणराज्य के राजदूत अलेक्जेंडर कार्टर बिंग शामिल हैं।

## राहुल गांधी ने तेलंगाना में गिग श्रमिकों के कल्याण के लिए कानून का दिया आश्वासन

**एजेंसी। हैदराबाद**

पार्टी नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि अगर कांग्रेस तेलंगाना में सत्ता में आती है, तो वह राजस्थान में हाल ही में पारित कानून की तर्ज पर गिग श्रमिकों के कल्याण के लिए एक कानून लाने पर विचार करेगी। राहुल गांधी ने गिग श्रमिकों के साथ बातचीत के दौरान यह आश्वासन दिया। उन्होंने उनसे कहा कि कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्री उनके साथ बैठक करेंगे और उनके लिए कल्याणकारी उपायों पर निर्णय लेंगे। 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के लिए प्रचार कर रहे राहुल गांधी ने जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र में गिग श्रमिकों, ऑटो चालकों और स्वच्छता कर्मचारियों के साथ बातचीत की। उनके साथ राज्य कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन भी थे, जो जुबली हिल्स से पार्टी के उम्मीदवार हैं। राहुल गांधी ने गिग वर्कर्स से कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा लाए गए कानून के तहत कंपनी हर ऑर्डर के लिए पेंशन और बीमा जैसे सामाजिक सुरक्षा उपायों के लिए कुछ पैसे जमा करती है। उन्होंने कहा, अगर कोई स्विगी के लिए काम करता है और बाद में दूसरी कंपनी में चला जाता है, तो उनकी बचत स्थानांतरित हो जाती है और यह बढ़ती रहती है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि गिग श्रमिकों के कल्याण के मुद्दों के समाधान के लिए एक कल्याण बोर्ड भी स्थापित किया जा सकता है। गिग कर्मियों ने उन्हें हर दिन आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेट्रोल की कीमत बढ़ने के कारण प्रति ऑर्डर उनकी कमाई कम हो रही है, जबकि खर्च बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि डिलीवरी शुल्क बहुत कम है और कंपनियां उन्हें वाहन या पेट्रोल का खर्च नहीं दे रही हैं। उन्होंने दुर्घटनाओं के मामले में बीमा की कमी के बारे में भी शिकायत की। राहुल गांधी ने बातचीत के दौरान कमेंट किया।



### 8 से 15 दिसंबर तक इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर का दौरा करेंगे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में धुआंधार प्रचार करने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी 8 से 15 दिसंबर तक तीन देशों की यात्रा पर जाने वाले हैं। सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी 8 से 15 दिसंबर तक इंडोनेशिया, सिंगापुर और मलेशिया की यात्रा पर रहेंगे।

## आईएनएस में प्रशिक्षण ले रही अग्निवीर महिला ने की आत्महत्या

**मुंबई।** मुंबई के मालाड इलाके में स्थित आईएनएस हमला में नौसेना में अग्निशमन का प्रशिक्षण ले रही प्रशिक्षु अग्रिवीर 20 वर्षीय अपर्णा ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार अपर्णा का हाल ही में अग्रिवीर योजना के तहत चयन हुआ था और वह मालाड स्थित आईएनएस हमला में प्रशिक्षण ले रही थी। सोमवार को प्रशिक्षण के दौरान ही अपर्णा ने अपनी चादर का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही नेवी के डॉक्टरों को बुलाया गया। प्रारंभिक जांच के बाद डॉक्टरों ने अपर्णा को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद नेवी अधिकारियों ने इस मामले की जानकारी मालवणी पुलिस स्टेशन को दी। मालवणी पुलिस स्टेशन की टीम इस मामले की गहन छानबीन कर रही है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार प्रेम प्रसंग के तनाव के चलते अपर्णा ने यह कदम उठाया है।

## मणिपुर हिंसा के बाद अस्पतालों में पड़े 175 शवों के अंतिम संस्कार का 'सुप्रीम' आदेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा के बाद से अस्पतालों में पड़े 175 शवों के अंतिम संस्कार करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि जिन शवों पर परिवार ने दावा किया है, उनका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर तक होगा। बाकी का एक हफ्ते बाद सरकार करेगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम संस्कार के इंतजार में मणिपुर के मुर्दाघरों में पड़े 175 शवों के बारे में चिंता जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि सूबे के हालात को देखते हुए मुर्दाघरों पर शवों का यूं पड़े रहना ठीक नहीं है। इसके जरिये माहौल को किसी भी तरह खराब रखने की कोशिश हो रही है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जिन 81 शवों की पहचान हो गई है और जिन पर उनके घरवालों ने दावा भी किया है, उन शवों का परिजन सरकार की ओर से चिह्नित किये गए 9 जगहों पर अंतिम संस्कार कर सकते हैं। कोर्ट ने आदेश दिया है कि 4 दिसंबर तक ये कवायद पूरी हो जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि जिन 88 शवों की पहचान होने के बाद भी उन पर परिजनों ने दावा नहीं किया है, उनके लिए सरकार 4 दिसंबर तक घरवालों को फिर से सूचित करे। अगर घरवाले एक हफ्ते तक शवों को नहीं लेते हैं तो सरकार उनका अंतिम संस्कार कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि जिन 6 शवों की पहचान नहीं हुई है, उनका सरकार अंतिम संस्कार कर सकती है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि शवों के अंतिम संस्कार से पहले डीएनए नमूने लिए जाएं। कोर्ट ने राज्य के कलेक्टर और एसपी को शवों का अंतिम संस्कार गरिमापूर्ण तरीके से करने का निर्देश दिया है।

### अयोध्या के राम मंदिर में तैयार हो रही जटायु की मूर्ति

**अयोध्या।** अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर स्थल पर तैनात मूर्तिकार अब रामायण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दिव्य पक्षी जटायु की मूर्ति को अंतिम रूप दे रहे हैं। जटायु की मूर्ति कुबेर टीला पर पौराणिक गिद्ध के मंदिर में स्थापित की जाएगी और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री 22 जनवरी को प्रतिष्ठा समारोह की अध्यक्षता करने से पहले यहां श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मंदिर ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने कहा, जटायु को सम्मान देना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन राम भक्तों की याद का भी प्रतीक होगा।




### 17 दिसम्बर को 'वाऊ सिनेमा' के प्रथम वर्षगांठ का आयोजन 'होटल द रासो' में

**सुधा** सिने मूवीज प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले ओटीटी प्लेटफार्म 'वाऊ सिनेमा के प्रथम वर्षगांठ का आयोजन 17 दिसम्बर (रविवार) को होटल द रासो' ( 3 स्टार) बिरसा चौक, खूंटी रोड, रांची में किया जाएगा। इस समारोह के विशेष आकर्षण हॉलीवुड एक्टर इनार हराल्डसन एवं बॉलीवुड एक्टर रमेश गोयल (बॉलीवुड में 50 वर्षों का अभिनय सफर) होंगे। इसके अलावा आर. नरेंद्र ( पॉलीवुड वरिष्ठ कलाकार), डॉ जे.सी. राज (मलयालम गीतकार), देवेश तांती (कहानीकार), सतीश दास (खोरठा सिंगर), मोनिका मुंडू (झारखंड की स्वर कोकिला), सतीश दास (वरिष्ठ पीआरओ, बॉलीवुड), झरना चक्रवर्ती (वरिष्ठ कलाकार),अनीता सिंह ( वरिष्ठ कलाकार) शामिल हैं जिन्हें वाऊ सिनेमा लाईफ टाईम एचिवमेन्ट एवार्ड 2023 से सम्मानित किया जाएगा। भारत के प्रदेशों से एवार्ड के रूप में क्रमशः बेस्ट निर्माता, निर्देशक, एक्टर, गायक, कहानीकार, गीतकार, नाटककार, कैमरा मैन, संगीतकार को सम्मानित किया जा रहा है। इस पुरस्कार हेतु न्यूनतम आयु 50 वर्ष एवं फिल्म कला क्षेत्र में 25 वर्ष का कार्य अनुभव एवं योगदान सुनिश्चित किया गया है।




### 'हीरामंडी' के लिए ऋचा चड्ढा ने 'आवाज और उच्चारण' पर की कड़ी मेहनत



**फिल्म** 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' में संजय लीला भंसाली के साथ काम करने के बाद, ऋचा चड्ढा फिल्म निमार्ता के ओटीटी प्रोजेक्ट 'हीरामंडी' में नजर आएंगी। इस बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने अपनी आवाज और बोलने के तरीकों पर कड़ी मेहनत की है। 'हीरामंडी' के बारे में बात करते हुए ऋचा ने कहा, मैंने अपने किरदार को निखारने के लिए अपनी आवाज और उच्चारण पर कड़ी मेहनत की। मुझे उम्मीद है कि लोग मेरे काम की सराहना करेंगे।" ऋचा इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि भंसाली के साथ काम करना एक अभिनेता का सपना होता है। उन्होंने कहा, "संजय लीला भंसाली के साथ काम करना किसी भी अभिनेता का सपना होता है और ईमानदारी से कहूं तो मैं इस अनुभव से बहुत आगे बढ़ गयी हूं।

## पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'मैं अटल हूं' 19 जनवरी को होगी रिलीज

**राष्ट्रीय** पुरस्कार विजेता पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'मैं अटल हूं' अगले साल 19 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी ने यह जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'मैं अटल हूं' के पोस्टर अपलोड किए हैं। 'मैं अटल हूं' फिल्म देश के लोकप्रिय नेता और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक में



अभिनेता पंकज त्रिपाठी प्रमुख भूमिका में हैं। उनकी असाधारण जीवन यात्रा को पंकज ने जीवंत किया है। 'मैं अटल हूं' का निर्देशन रवि जाधव और ऋषि विरमानी ने किया है। इसके निमार्ता विनोद भानुशाली, संदीप सिंह और कमलेश भानुशाली हैं। पंकज त्रिपाठी ने पोस्टर के कैप्शन में लिखा, 'सोने का दिल... इस्पात का आदमी... एक बहुमुखी कवि... नए भारत के पीछे दूरदर्शी। श्री अटल बिहारी वाजपेयी की कहानी के गवाह बनें।' पोस्टर पर लिखा हुआ है , 'एक कवि जिसने इतिहास को दोबारा लिखा।


**उपलब्धि** रक्षा मंत्री ने किया गाइडेड मिसाइल स्टील्थ डेस्ट्रॉयर्स अनावरण

# आईएनएस 'इंफाल' को मिला क्रेस्ट

### नौसेना के समुद्री बेड़े में अगले माह शामिल किया जायेगा यह युद्धपोत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के लिए प्रोजेक्ट 15 बी के तहत तैयार किये गए गाइडेड मिसाइल स्टील्थ डेस्ट्रॉयर्स आईएनएस इंफाल को आज नया क्रेस्ट मिल गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन ने मंगलवार को नई दिल्ली में क्रेस्ट का अनावरण किया। स्वदेशी जहाज निर्माण की पहचान यह युद्धपोत अगले माह दिसंबर में भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा।




भारतीय नौसेना के नवीनतम निर्देशित मिसाइल स्टील्थ विध्वंसक इंफाल की लॉन्चिंग 20 अप्रैल, 2019 को हुई थी। इसी समारोह के दौरान जहाज का नाम इंफाल रखा गया था। प्रोजेक्ट 15 बी के तहत मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में निमार्णाधीन चार गाइडेड मिसाइल स्टील्थ डेस्ट्रॉयर्स में से यह तीसरा युद्धपोत है। इसे एमडीएल ने पिछले माह 20 अक्टूबर को भारतीय नौसेना को सौंप दिया था। नौसेना के बेड़े में शामिल होने से पहले परीक्षण के रूप में इस युद्धपोत से 22 नवंबर को विस्तारित रेंज की ब्रह्मोस मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया गया। परीक्षण के दौरान भारत की बढ़ती जहाज निर्माण क्षमता, स्वदेशी हथियारों और प्लेटफार्मों की विश्वसनीयता परखने पर फोकस किया गया।

इस असाधारण उपलब्धि के पश्चात अब इस युद्धपोत का क्रेस्ट अनावरण भी शानदार तरीके से नई दिल्ली में किया गया। इस कार्यक्रम में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार, रक्षा मंत्रालय और मणिपुर राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समुद्री परंपराओं और नौसैनिक रिवाजों के अनुसार भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और पनडुब्बियों के नाम प्रमुख शहरों, पर्वत श्रृंखलाओं, नदियों, बंदरगाहों और द्वीपों के नाम पर रखे गए हैं। भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के किसी शहर के नाम पर रखा जाने वाला पहला उन्नत युद्धपोत भी है, जिसके लिए राष्ट्रपति ने 16 अप्रैल, 2019 को मंजूरी दी थी।

भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) ने इसकी डिजाइन तैयार की है और एमडीएल ने निर्मित किया है। जहाज में लगभग 75 प्रतिशत की उच्च स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जिसमें एमआर एसएएम, ब्रह्मोस एसएसएम, स्वदेशी टॉरपीडो ट्यूब लॉन्चर, पनडुब्बी रोधी स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और 76 मिमी. एसआरजीएम शामिल हैं। इंफाल पहला ऐसा स्वदेशी विध्वंसक है, जिसके निर्माण और समुद्री परीक्षणों को पूरा करने में सबसे कम समय दर्ज किया गया। यह युद्धपोत अगले माह दिसंबर में भारतीय नौसेना में अधिकृत रूप से शामिल होगा।